सुप्रभात

रांची, सोमवार

03.07.2023

* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | आषाढ़, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 348




12 अंतरा के घर आया नन्हा मेहमान

SURJABASHA

## न्यूज डायरी

### श्रावणी मेला का आज उद्घाटन करेंगे मंत्री

**देवघर।** राज्य के कृषि मंत्री बादल पत्रलेख तीन जुलाई को प्रसिद्ध राजकीय श्रावणी मेला का उद्घाटन झारखंड के प्रवेश द्वार दुम्मा बॉर्डर पर करेंगे। देवघर उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने बताया कि जिला प्रशासन ने कांवरियों की सुविधा के लिए कई सेल काउंटर बनाया गया है।

### श्रद्धालुओं से भरी बस पलटी, एक की मौत

**हजारीबाग।** चौपारण जीटी रोड के पिपरा के पास रविवार तड़के 3.30 बजे बिहार के जहानाबाद से श्रद्धालुओं को लेकर रजरप्पा मंदिर जा रही थी बस पलट गयी, जिसमें एक की मौत हो गयी। जबकि 12 से अधिक लोग घायल हो गये। इनमें तीन की हालत गंभीर है।

### राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में सर्वश्रेष्ठ रहे ऋतेश

**लंदन।** इंग्लैंड में आयोजित राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैंपियनशिप में भारत के ऋतेश डोगरा को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। द्रोणाचार्य भूपेंद्र धवन के नेतृत्व में प्रशिक्षण पाने वाले भारतीय खिलाड़ियों ने इसमें आठ स्वर्ण सहित 12 पदक जीते। ऋतेश ने 90 किग्रा भार वर्ग की रॉ डेडलिफ्ट में 300 किग्रा भार उठाकर अपना नया रिकॉर्ड बनाया।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 55,400 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 72,000 रु./प्रति किलो |

जगरनाथ महतो की पत्नी आज लेंगी मंत्री पद की शपथ, कहा

# पति के अधूरे सपने को पूरा करूंगी

- राजभवन के दरबार हाल में होगा 12:30 बजे शपथ ग्रहण समारोह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के दिवंगत शिक्षामंत्री जगरनाथ महतो की पत्नी बेबी देवी महतो सोमवार को हेमंत सोरेन की अगुवाई वाली यूपीए गंठबंधन सरकार में मंत्री के तौर पर शपथ लेंगी। शपथ ग्रहण समारोह राजभवन के दरबार हाल में साढ़े बारह बजे होगा। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन सीएम हेमंत सोरेन और अन्य मंत्रियों की उपस्थिति में बेबी देवी महतो को शपथ दिलायेंगे। राजभवन प्रवक्ता ने बताया कि शपथ ग्रहण का कार्यक्रम सोमवार को साढ़े बारह बजे होना है। शिक्षामंत्री जगरनाथ महतो के निधन के बाद से हेमंत सोरेन सरकार की कैबिनेट में मंत्री का एक पद खाली है। महतो के पास स्कूल शिक्षा के अलावा साक्षरता एवं आबकारी विभाग था। वहीं बेबी देवी ने कहा कि वह सरकार के साथ मिलकर अपने स्व पति जगरनाथ महतो के सपने को पूरा करेंगी।

(शेष पेज 11 पर)



### डुमरी सीट से लड़ेंगी चुनाव

झारखंड मुक्ति मोर्चा के मुख्य प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य के अनुसार दिवंगत शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के स्थान पर पार्टी ने उनकी पत्नी बेबी देवी महतो को राज्य मंत्रिमंडल में शामिल करने का फैसला लिया है। उन्होंने बताया कि इस शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ उनके मंत्रिमंडल सहयोगी तथा पार्टी नेता राजभवन में उपस्थित रहेंगे। पार्टी नेता ने बताया कि बेबी देवी बाद में प्रदेश के डुमरी विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव पार्टी के टिकट पर लड़ने की संभावना हैं। इस बीच, बता दें कि दिवंगत जगरनाथ महतो के निधन के बाद से झारखंड की डुमरी विधानसभा सीट खाली है। जगरनाथ महतो डुमरी विधानसभा क्षेत्र से लगातार झामुमो के चार बार विधायक रहे थे। 6 अप्रैल को उनका निधन हो गया था। तब से यह सीट रिक्त है। छह अक्तूबर से पहले उपचुनाव होना है। ऐसा माना जा रहा है कि बेबी देवी झामुमो उम्मीदवार के तौर पर चुनाव मैदान में उतरेंगी।

एनसीपी को तोड़ भतीजे ने पवार को दिया जोर का झटका

# शिंदे सरकार में डिप्टी सीएम बने अजित पवार

**एजेंसी**

**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजनीति में रविवार को एक और बड़ा भूचाल आया। एनसीपी आंतरिक विद्रोह की वजह से दो फाड़ हो गयी। चाचा शरद पवार को तगड़ा झटका देते हुए भतीजा अजित पवार राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के 40 विधायकों के साथ एकनाथ शिंदे सरकार में शामिल हो गये। शिव सेना-भाजपा गठबंधन सरकार में उन्होंने दोपहर बाद उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। वहीं एनसीपी नेता छगन भुजबल ने मंत्री पद की शपथ ली। एनसीपी के कुल नौ नेता मंत्री बन गये। इनमें दिलीप पाटिल, हसन मुशरिफ, धनंजय मुंडे, अदिति तटकरे, धर्माराव, अनिल पाटिल, संजय बनसोडे शामिल हैं।

(शेष पेज 11 पर)



### ये गुगली नहीं लूट है : शरद पवार

अजित पवार के महाराष्ट्र की एनडीए सरकार में शामिल होने को लेकर एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि ये गुगली नहीं लूट है। शरद पवार ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि दो दिन पहले पीएम मोदी ने कहा था कि एनसीपी खत्म हो चुकी पार्टी है। उन्होंने भ्रष्टाचार के आरोपों का जिक्र किया। मुझे खुशी है कि मेरे कुछ साथियों ने आज शपथ ली है। शरद पवार ने छह जुलाई को पार्टी की बैठक बुलायी थी। जिसमें पार्टी अध्यक्ष का नाम तय होना था। इसकी भनक लगते ही अजित पवार पहले ही चौकन्ने हो गये और पार्टी से विद्रोह कर दिया।

गजवा-ए-हिंद आतंकी मॉड्यूल की जांच का मामला

## तीन राज्यों में चार ठिकानों पर एनआइए की छापामारी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) गजवा-ए-हिंद आतंकी मॉड्यूल की जांच के तहत तीन राज्यों में चार स्थानों पर छापेमारी कर रही है। इस आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ पिछले साल बिहार में हुआ था। गजवा प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआइ) से संबंधित है। इस मामले में हिंसक आतंकवादी कृत्यों को अंजाम देने के लिए विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर प्रभावशाली युवाओं को कट्टरपंथी बनाना शामिल है। बिहार एटीएस और अन्य राज्य पुलिस भी इस मामले में एनआईए की मदद कर रही है। एनआइए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बिहार में दरभंगा और पटना, यूपी में बरेली और गुजरात के सूरत में छापेमारी चल रही है।

इस मामले में एनआइए ने 6 जनवरी को बिहार की एक विशेष एनआईए अदालत के समक्ष मरगूब अहमद दानिश के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था। पहले पटना के फुलवारी शरीफ पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज हुआ था।

(शेष पेज 11 पर)

झारखंड में दो दिन भारी वर्षा को लेकर अलर्ट जारी

## आठ जिलों में बारिश-वज्रपात की आशंका

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मौसम विभाग ने सोमवार और मंगलवार को को पूरे झारखंड में भारी बारिश के साथ अलर्ट जारी किया गया है। भारतीय मौसम विभाग (आइएमडी) ने रविवार को यह चेतावनी जारी की। आईएमडी के रांची स्थित मौसम केंद्र ने भारी बारिश का येलो अलर्ट भी जारी कर दिया है। विभाग के अनुसार झारखंड के उत्तर-पूर्वी भागों में कहीं-कहीं भारी वर्षा के आसार हैं। जिन आठ जिलों में भारी वर्षा और वज्रपात का अलर्ट जारी किया है, उनमें देवघर, दुमका, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ और साहिबगंज के अलावा धनबाद और गिरिडीह जिला शामिल है। श्रावण मास के पहले दिन संताल परगना में भारी बारिश होगी। रांची में अगले 5 दिनों तक आसमान में बादल छाये रहेंगे। गरज के साथ छींटे भी पड़ सकते हैं। 5 और 6 जुलाई को भी रांची में एक-दो बार हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा होगी। इधर रांची का उच्चतम तापमान पिछले 24 घंटे के दौरान 1 डिग्री सेंटीग्रेड बढ़कर 34.4 डिग्री सेल्सियस हो गया। यह सामान्य से 3.4 डिग्री सेंटीग्रेड अधिक है।

### वज्रपात से दो बच्चों ने दम तोड़ा

**कोडरमा।** सतगांवा थाना क्षेत्र में रविवार को हुए वज्रपात में दो बच्चों की मौत हो गयी। दो बच्चों सहित चार लोग घायल हो गये। मीरगंज पंचायत के झरगांव में दोपहर बाद करीब तीन बारिश के पूर्व वज्रपात से 2 बच्चों की मौत हो गयी। मृतकों की पहचान थाली थाना क्षेत्र के बुधवारा गांव निवासी फंटूश भुइयां की आठ वर्षीया पुत्री ऋतु कुमारी व झरगांव निवासी कुलेश्वर भुइयां के पांच वर्षीय पुत्र बालवीर कुमार के रूप में हुई है। मृतक ऋतु व गंभीर रूप से घायल सितम सहोदर भाई-बहन हैं।

## जेल में ही दिनेश गोप से पूछताछ करेगी इडी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** टेरर फंडिंग मामले में गिरफ्तार पीएलएफआई के सुप्रीमो दिनेश गोप की मुश्किलें अब और बढ़ने वाली है। अभी तक एनआइए दिनेश गोप से पूछताछ कर चुकी है लेकिन अब मनी लांड्रिंग मामले में इडी भी उनसे पूछताछ करेगी। मिली जानकारी के अनुसार ईडी के अधिकारी बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में बंद दिनेश गोप से आज पूछताछ होगी। इडी उससे रुपयों के लेनदेन से लेकर नेताओं और पुलिसवालों के उसकी साठगांठ पर भी पूछताछ कर सकती है। इससे पहले इडी दिनेश गोप को विदेशी हथियार बेचने के नाम पर ठगी करने वाले निवेश पूछताछ की जा चुकी है। वह अभी जेल में है।

**टेरर फंडिंग, मनी लांड्रिंग मामला**

**21 मई को एनआइए ने दबोचा था :** टेरर फंडिंग के मामले में एनआईए ने पीएफआई चीफ दिनेश गोप को बीते 21 मई को गिरफ्तार किया था। नेपाल से गिरफ्तार करने के बाद उसे दिल्ली लाया गया था। जहां से एनआईए की टीम उसे दिल्ली से रांच लेकर पहुंची थी।

( शेष पेज 11 पर)




# जेलर ने माना- रात के अंधेरे में प्रेम प्रकाश और छवि रंजन को मिलवाया था

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की पूछताछ में दिन पर दिन नये खुलासे हो रहे हैं। बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा के जेलर नसीम खान ने ईडी की पूछताछ में कई खुलासे किये हैं। जेलर ने अपनी गलती को स्वीकार किया है। जेलर नसीम खान ने कहा है कि रात के अंधेरे में प्रेम प्रकाश और निलंबित आईएएस छवि रंजन को चोरी छिपे मिलवाया था।

जेल मैन्युअल का उल्लंघन कर दोनों को मिलवाने की गलती को स्वीकार किया है। इसके अलावा जेलर ने ईडी के अधिकारियों को कई जानकारी दी है। निलंबित आईएएस छवि रंजन भूमि घोटाला मामले में पांच मई को होटवार स्थित केंद्रीय कारा भेजे गए थे। उन्हें ईडी ने चार मई की रात पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था। जेल में प्रेम प्रकाश पहले से बंद है। उसे ईडी ने अवैध खनन मामले में जेल भेजा था।



जब छवि रंजन पांच मई की शाम जेल पहुंचे तो जेल प्रशासन से उन्होंने प्रेम प्रकाश से मुलाकात की इच्छा जताई। इसके बाद जेलर नसीम खान ने ही रात के अंधेरे में प्रेम प्रकाश का सेल खुलवाया, उसके चेहरे पर गमछा बंधवाया और उसके बाद उसे लेकर छवि रंजन के अपर डिविजन सेल में पहुंचाया। वहां 40 मिनट तक दोनों की बंद कमरे में बातचीत हुई है।





### सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध नहीं कराया तो होगी कार्रवाई

बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा के काराधीक्षक हामिद अख्तर को ईडी ने शुक्रवार को पूछताछ के बाद हिदायत के साथ छोड़ा था कि वे पूजा सिंघल की गिरफ्तारी के बाद का सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध कराएं। काराधीक्षक को नेताओं और नौकरशाहों के करीबी प्रेम प्रकाश की गिरफ्तारी के बाद का भी सीसीटीवी फुटेज देने के लिए कहा गया है। ईडी ने काराधीक्षक को यह हिदायत दी है कि अगर वे सीसीटीवी फुटेज नहीं देते हैं तो उन्हें आरोपितों से मिलीभगत का दोषी माना जाएगा। यह भी माना जाएगा कि उन्होंने जानबूझकर साक्ष्य मिटाया। ईडी उनपर एक सजिश के तहत साक्ष्य मिटाने का आरोपित मानकर उसके अनुसार जेल अधीक्षक के विरुद्ध कार्रवाई करेगी।

### खूंटी के अड़की में भाजपा युवा मोर्चा के युवा सम्मेलन में शामिल हुए दीपक

# भगवान बिरसा की धरती से राज्य सरकार के खिलाफ हो उलगुलान : दीपक प्रकाश

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की धरती से राज्य सरकार के खिलाफ उलगुलान की जरूरत है। श्री प्रकाश रविवार को खूंटी जिलांतर्गत अड़की प्रखंड के सिंदरी में युवा मोर्चा की ओर से आयोजित सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि युवाओं के प्रेरणा स्रोत भगवान बिरसा मुंडा की पावन धरती से उगलुगान जरूरी हो गया है। भगवान बिरसा मुंडा ने अपनी युवा अवस्था में अन्याय, अत्याचार और शोषण के खिलाफ उलगुलान का बिगुल फूंका था। उन्होंने कहा कि झारखंड की युवा शक्ति गठबंधन सरकार से सबसे ज्यादा शोषित और पीड़ित है। राज्य सरकार ने युवाओं के सपनो को चकनाचूर कर दिया है।





उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष पांच लाख लोगों को नौकरी, नही तो बेरोजगारी भत्ता सब मुंगेरी लाल के हसीन सपने हो गये। यह सरकार केवल झूठे वादे और घोषणाओं से लोगों को बहला रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने की कोशिश कर रही है। गांव, गरीब की योजनाओं को भ्रष्टाचार मुक्त किया गया। आज डिबिटी के माध्यम से पूरे पैसे लाभुक के खाते में जा रहे हैं। इधर, गठबंधन सरकार झारखंड के खान खनिज,जमीन जंगल को लूटने में लगी है। उन्होंने युवाओं से 2024में तीसरी बार मोदी सरकार बनाने का संकल्प दोहराने की अपील की।

### आय में हिस्सेदारी नहीं देने वाले मंदिरों के खिलाफ होगी कार्रवाई

# राज्य के मंदिरों का ऑडिट करायेगा धार्मिक न्यास बोर्ड : राकेश सिन्हा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड के गठन के बाद न्यास बोर्ड अब एक्शन में आ गया है। न्यास बोर्ड ने एलान किया है कि वैसे सभी मंदिर, जो निबंधित होने के बावजूद अपनी आय का 4 प्रतिशत न्यास बोर्ड को जमा नहीं करते हैं उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जायेगी। झारखंड राज्य हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड के सदस्य राकेश सिन्हा ने कहा कि बोर्ड वर्ष 2000 से लेकर अब तक मंदिरों द्वारा किये गये आय-व्यय का ऑडिट करायेगा। उन्होंने कहा कि बोर्ड की ओर से पूर्व में भी राज्य के 667 मंदिरों को नोटिस जारी कर कहा गया था कि जो निबंधित नहीं हैं वे तत्काल निबंधन करा लें लेकिन किसी ने भी निबंधन कराने में रूचि नहीं दिखायी। इसके बाद बोर्ड ने यह निर्णय लिया है।

### जिलों में वॉलेंटियर टीम का होगा गठन

प्रत्येक जिले में बोर्ड की ओर से वोलेंटियर टीम का गठन किया जायेगा। यह टीम अपने क्षेत्र में वैसे मंदिरों की सूची तैयार करेगा जो निबंधित नहीं हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के वैसे 544 मंदिर जिनकी सूची झारखंड राज्य हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड के पास है और वह धार्मिक न्यास बोर्ड से निबंधित नहीं है, उन सभी को जल्द से जल्द निबंधन करा लेने का नोटिस भेजा गया है।

### 667 में 123 मंदिरों का ही निबंधित

धार्मिक न्यास बोर्ड के अनुसार राज्य में 667 मंदिरों की सूची न्यास बोर्ड के पास है। इसमें से सिर्फ 123 मंदिरों का ही निबंधन धार्मिक न्यास बोर्ड से हुआ है. बाकी 544 मंदिर प्रबंधन ने अपने अपने मंदिरों का निबंधन न्यास बोर्ड से नहीं कराया है। इसमें रांची के पहाड़ी मंदिर, देउड़ी मंदिर, मेन रोड स्थित हनुमान मंदिर, साई मंदिर पुंदाग, साई मंदिर लापुंग, भद्रकाली मंदिर चतरा व राधाकृष्ण मंदिर गढ़वा शामिल हैं।

# राजनीति में मन नहीं लग रहा तो नीतीश कुमार सन्यास ले लें : बाबूलाल मरांडी

### बाबूलाल मरांडी ने बिहार के सीएम नीतीश कुमार को दी सलाह



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने बिहार के सीएम नीतीश कुमार पर चुटकी ली है। श्री मरांडी ने कहा कि नीतीश कुमार एक सम्मानीय नेता हैं लेकिन वो भ्रष्ट और परिवारवाद वाले दलों के नेताओं के साथ एकजुट क्यों हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि मन नहीं लग रहा तो नीतीश कुमार राजनीति से सन्यास ले लें।

दरअसल, पिछले दिनों पटना में नीतीश कुमार द्वारा विपक्षी एकता की कोशिश को लेकर किये जा रहे प्रयासों पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि मैं हैरान हूं कि वे भ्रष्टाचारियों को एकत्रित करने में लगे हैं। अगर मन नहीं लग रहा है तो राजनीति से सन्यास से ले लें। रविवार को दुमका परिसदन में श्री मरांडी पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने पं. बंगाल की सीएम ममता बनर्जी पर भी निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में कोई भी चुनाव बिना हिंसा के नहीं हो रहा है। चाहे वह नगर निकाय का चुनाव हो या फिर पंचायत चुनाव। हर जगह स्थिति यह है कि तृणमूल के खिलाफ कैंडिडेट को खड़ा होने नहीं दिया जा रहा है। ममता बनर्जी किस मुंह से पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ बयानबाजी कर विपक्षी दलों की एकजुटता में अपने को शामिल कर रही हैं।

### एनोस एक्का झारखंड पार्टी के अध्यक्ष और अशोक भगत चुने गए महासचिव

# भाजपा और झामुमो महागठबंधन से जनता का टूट चुका है भरोसा : एनोस

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पूर्व मंत्री एनोस एक्का झारखंड पार्टी के दोबारा अध्यक्ष चुने गए हैं। कार्यकारी अध्यक्ष के पद पर पूर्व महाधिवक्ता अजीत कुमार के अलावा पूर्व सांसद चित्रसेन सिंकू, किरण आइंद और रिजवान अहमद को चुना गया है। झापा केंद्रीय समिति का चुनाव रविवार को डिबडीह स्थित बैंक्वेट हॉल में किया गया। इसके साथ ही पार्टी का दो दिवसीय केंद्रीय महाधिवेशन संपन्न हो गया।

मौके पर एनोस ने कहा कि भाजपा और झामुमो गठबंधन से जनता का भरोसा टूट चुका है, इसलिए अब झापा से जुड़े लोग पुराने तेवर और नई सोच के साथ क्षेत्र में जाएंगे और जनता की समस्याओं का समाधान करेंगे। अशोक भगत ने कहा कि कई राजनीतिक दलों व सामाजिक संगठनों के नामी हस्तियों ने झापा का दामन थामा है। अंतिम दिन 21 केंद्रीय समिति का चयन किया गया और 10 नेताओं, बुद्धिजीवियों व सक्रिय सदस्यों का भी मनोनयन सामूहिक निर्णय के आधार पर किया गया।




**ये पदाधिकारी भी हुए निर्वाचित**

उपाध्यक्ष के पद पर ऐनुल हक अंसारी, अर्पणा हंस, ओमप्रकाश अग्रवाल, महासचिव उमेश कुमार पांडेय, ललित समद, सचिव सह प्रवक्ता अंशु लकड़ा, आनंद पॉल तिर्की, महेंद्र जामुदा, संतोष महतो के अलावा प्रवक्ता के पद पर कुमार कामेश को चुना गया। संगठन सचिव के पद पर रोस प्रतिमा सोरेंग, अतीश सिंह, लेवनार्ड खलखो, शेखावत अंसारी। कार्यकारिणी सदस्य में मनदीप मल्लाह, अधिवक्ता खुर्शीद आलम, गजाधर ओहदार, राजा मदिंलार, भवानी प्रसाद गुप्ता, विष्णु उरांव, राहुल भारती को निर्वाचित किया गया। विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में पूर्व सांसद दुर्गा प्रसाद जामुदा, संदेश एक्का को चुना गया।

## खबर एक नजर में

### अजय कुमार तिर्की पर होगी कार्रवाई

**रांची।** पतरातू के अंचल अधिकारी के पद पर रहे अजय कुमार तिर्की पर विभागीय कार्यवाही चलेगी। राज्य सरकार ने उनके उपर लगे एक दर्जन से अधिक आरोपों की जांच के लिए विभागीय कार्यवाही चलाने का फैसला लिया है। रिटायर आईएएस अधिकारी अरविंद कुमार को जांच संचालन पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। उपायुक्त रामगढ़ की अनुशंसा पर राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने जांच करायी थी।

### पांच जुलाई को राजद का स्थापना दिवस

**रांची।** राष्ट्रीय जनता दल का 27वां स्थापना दिवस 5 जुलाई को प्रदेश राजद कार्यालय सहित झारखंड के सभी जिला मुख्यालयों में मनाया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव के निर्देश पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। पार्टी के महासचिव सह प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने कहा कि सभी नेता-कार्यकर्ता अपने-अपने जिलों में स्थापना दिवस मनाएंगे।

### बिहार सरकार का विरोध क्यों: राजेन्द्र प्रसाद

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि आज बिहार सरकार के द्वारा बाहरी अभ्यार्थियों को भी मौका देने की बात कही जा रही है, तो फिर विरोध क्यों? प्रसाद ने कहा यही बात हम झारखंडी कह रहे हैं तो कुछ लोग के पेट में दर्द हो रहा है। प्रसाद ने कहा कि हर राज्यों में अपने मूल निवासियों को तृतीय और चतुर्थ वर्ग की नौकरी शत प्रतिशत मिले यह राज्य सरकार को सुनिश्चित करना चाहिए। झारखंड में जो लोग स्थानीय नीति और नियोजन नीति का विरोध कर रहे हैं वे वास्तव में अपने मूल राज्यों में भी स्थानीय का लाभ लेना चाहते हैं और झारखंड में भी, जो असंवैधानिक है।

# राजद जिला कमिटी के पदाधिकारियों की पहली सूची जारी, 22 नामों का हुआ ऐलान

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में लालू प्रसाद यादव की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल लगातार संगठन की मजबूती और जनता के बीच मजबूत पकड़ बनाने का प्रयास कर रही है। इसी क्रम में रविवार को पार्टी के प्रदेश कार्यालय में रांची जिला राष्ट्रीय जनता दल की बैठक आयोजित की गई। जिसमें जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र महतो, प्रदेश उपाध्यक्ष अनीता यादव, पूर्व वरीय प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव सहित कई नेताओं ने भाग लिया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि माना कि राज्य में लालू यादव की नीति और सिद्धांत को मानने वाले लोगों की बड़ी संख्या होने के बावजूद पार्टी कमजोर हुई है। पार्टी नेताओं ने कहा कि संगठन की मजबूती पार्टी की पहली प्राथमिकता है। जब पार्टी संगठन मजबूत होगा तब हम सब भी मजबूत होंगे। बैठक के बाद जिलाध्यक्ष ने रांची जिला कमिटी के पदाधिकारियों की पहली सूची जारी की, जिन्हें नई जिम्मेदारी मिली है उनका स्वागत किया। जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र महतो ने कहा कि लालू प्रसाद की नीति और सिद्धांतों को घर घर पहुंचाने के लिए 09 जुलाई से प्रखंड स्तरीय दौरा शुरू होगा। उन्होंने कहा कि एक महीने के अंदर रांची जिला के अभी 18 प्रखंडों में प्रखंड अध्यक्षों के नाम की घोषणा कर दी जाएगी।

**इन्हें मिली है जिम्मेदारी :**

रांची जिला राजद के पदाधिकारियों के मनोनयन की पहली सूची में कई नाम शामिल हैं। इनमें मुख्तार अंसारी, योगेंद्र यादव, निरंजन महतो, रामप्यारे यादव उपाध्यक्ष बनाये गये हैं। वहीं जिला कमेटी का प्रधान महासचिव रामभजन सिंह को बनाया गया है। इसी प्रकार जिला महासचिव की जिम्मेदारी रामापति महतो, सज्जाद अंसारी, रामभगत, सहरीव मिस्तफा को दी गयी है। वहीं जिला सचिव की जिम्मेदारी उदय ठाकुर, अजय कुमार महतो, पप्पू पासवान, अंजनी कुमार सिंह को मिली है। चंचल कुमार सोशल मीडिया प्रभारी बनाये गये हैं। इसके अलावा जिला कार्यसमिति सदस्यों में रमेश कुमार यादव, विद्या विनोद सिंह, नवीन कुमार यादव, संजीव कुमार महतो, सुनील कुमार यादव, हरेंद्र कुमार और मनोज पंजारी शामिल हैं।



**लालू प्रसाद की नीति सिद्धांत को घर-घर पहुंचाना है है उद्देश्य : अनिता यादव**

झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष अनिता यादव ने कहा कि आज जिन लोगों को रांची जिला राष्ट्रीय जनता दल के पदाधिकारी के रूप में जिम्मेदारी दी गयी है वह काफी अहम है। उन्होंने कहा कि यह सही है कि रांची जिले में पार्टी संगठन कमजोर हुई है। लेकिन आने वाले दिनों में राष्ट्रीय जनता दल एक मजबूत संगठन वाला दल बनेगा। आज राजद और उनके नेताओं की भूमिका बढ़ी है। पहले हम सामंती लोगों से लड़ते थे। आज हमें देश की एकता और अखंडता को बनाये रखने के लिए राजद के हर कार्यकर्ता को तैयार रहना होगा। अनिता यादव ने कहा कि हमें लालू प्रसाद के नीति और सिद्धांत को लेकर हर घर पहुंचाना है।

**अन्याय देख चुप नहीं बैठें राजद कार्यकर्ता : राजेश यादव**

पूर्व झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव ने नव मनोनीत पार्टी पदाधिकारियों से कहा कि बड़ी जिम्मेदारी के साथ जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र महतो के साथ मिलकर निभानी है क्योंकि आज हमारे सामने चुनौती काफी बड़ी है। राजेश यादव ने कहा कि जब 09 जुलाई से प्रखंड स्तर पर कार्यक्रम शुरू होगा, तब सभी को मिलकर ब्लॉक लेवल तक पार्टी को मजबूत करना होगा। उन्होंने कहा कि जब दल मजबूत होता है तो कार्यकर्ता-पदाधिकारी भी मजबूत होता है। उन्होंने नव मनोनीत पदाधिकारियों से कहा कि जहां भी किसी के साथ अन्याय हो रहा हो वहां राजद की आवाज पीड़ित परिवार के पक्ष में बुलंद होना चाहिए।

# प्रभारियों से समन्वय बनाकर बूथ तक की कमेटी का सत्यापन करें : राजेश

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** संगठन शक्तिकरण अभियान के तहत प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने रविवार को जिला अध्यक्षों, महासचिव, प्रभारियों के साथ वर्चुअल बैठक की। इसमें प्रखंड, पंचायत और बूथ स्तर की गठित कमेटी की समीक्षा की गयी। सभी महासचिव प्रभारियों एवं जिला अध्यक्षों को निर्देश दिया कि प्रखंड अध्यक्षों एवं विधानसभा प्रभारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए पंचायत एवं बूथ स्तर तक की कमेटी का सत्यापन करें। क्योंकि पंचायत एवं बूथ कमेटी के जरिये हम आने वाले लोकसभा के चुनावों में मजबूती के साथ चुनाव लड़ने का काम कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी, महंगाई, लोकतंत्र को खत्म करने की साजिश है। देश में बढ़ती नफरत के वातावरण को हम तभी खत्म कर सकते हैं, जब हम बूथ स्तर के एक-एक व्यक्ति तक पहुंचना सुनिश्चित करेंगे। बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, शहजादा अनवर, अमूल्य नीरज खलखो, गजेंद्र सिंह, कुमार राजा, राकेश किरण महतो,आनंद बिहारी दुबे, जयेश पाठक, भागीरथ पासवान, दिनेश गुप्ता, सुरेश बैठा, विनय सिन्हा दीपू , मुन्ना पासवान, संतोष सिंह , विजय खान आदि उपस्थित थे।



### स्व. जगरनाथ महतो की पत्नी बेबी देवी के मंत्री बनने से सत्ताधारी दल को उपचुनाव में मिल सकती है बढ़त

# हेमंत सोरेन ने बेबी देवी के बहाने चली शतरंजी घोड़े की चाल





उदय चौहान

**रांची।** सत्ता में शतरंज की चाल का बड़ा महत्व है। इस बार सीएम हेमंत सोरेन ने बेबी देवी के बहाने शतरंजी घोड़े की चाल चल दी है। इसका असर डुमरी उपचुनाव में होना तय है। दरअसल, दिवंगत शिक्षा मंत्री जगरन्नाथ महतो की बेवा को मंत्री बनाने से क्षेत्र में झामुमो को सहानुभूति की लहर पर सवार किया जा सकेगा। सीएम के इस बड़े दांव से विपक्षी दल बेचैन हो गये हैं। 2019 के विधानसभा चुनाव के बाद दूसरी बार ऐसा होने जा रहा है, जब किसी ऐसे शख्स को मंत्री बनाया जा रहा है, जिसने विधानसभा चुनाव नहीं जीता है। इससे पहले मंत्री हाजी हुसैन अंसारी के निधन पर उनके पुत्र हफीजुल हसन को चुनाव से पहले ही मंत्री बना दिया गया था। हालांकि डुमरी में जगरनाथ महतो का लंबे समय से दबदबा रहा है। इसके बावजूद उनकी पत्नी को चुनाव की तारीख के ऐलान के पहले ही कैबिनेट में शामिल कर हेमंत सोरेन ने राजनीति का मास्टर स्ट्रोक ठोंक दिया है।

सीएम की बेबी देवी को मंत्री बनाने की घोषणा के बाद से ही बोकारो में उनके समर्थकों में उत्साह नजर आ रहा है। वहीं, मंत्री बनाने की घोषणा पर बेबी देवी ने कहा है कि वो अपने पति जगरनाथ महतो के अधूरे सपने को पूरा करेंगी। कहा जाता है कि जगरनाथ महतो के निधन के दो महीने बीत जाने के बाद भी राज्य सरकार द्वारा कोई निर्णय नहीं लिये जाने से समर्थकों के बीच निराशा व्याप्त थी। लेकिन, डुमरी के लोग और जगरनाथ महतो के समर्थकों को उम्मीद थी कि उनके पुत्र या पत्नी को मंत्रिमंडल में स्थान मिलेगा। आखिरकार सीएम ने बेबी देवी को मंत्री बनाने की घोषणा कर दी है।

### डुमरी विधानसभा उपचुनाव में झामुमो को मिल सकता है लाभ

कई तरह की अटकलों पर विराम लगाते हुये अंततः राज्य के भूतपूर्व शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो की पत्नी बेबी देवी को मंत्री बनाने की घोषणा हो गई है। वह हेमंत सरकार में 11वीं मंत्री होंगी। वहीं कुर्मी (महतो) जाति से वो राज्य की पहली महिला मंत्री बनेंगी। सूत्रों के अनुसार जगरनाथ महतो के निधन के बाद से ही उनकी पत्नी या पुत्र को मंत्री पद मिलने को लेकर कई तरह के कयास लगाए जा रहे थे। मंत्री रहे स्वर्गीय मंत्री हाजी हुसैन अंसारी के निधन के बाद उनके पुत्र हफीजुल हसन अंसारी को मंत्री पद मिलने के बाद लोग सरकार से इसी प्रकार की उम्मीद कर रहे थे। इधर, झामुमो ने डुमरी विधानसभा उपचुनाव की तैयारी भी शुरू कर दी है। चर्चा है कि डुमरी उपचुनाव में विपक्षी राजग को चित करने के लिये सत्ताधारी गठबंधन ने अग्रिम चाल चल दी है। इससे विपक्षी भाजपा-आजसू में खदबदाहट बढ़ गयी है। बेबी देवी को मंत्री बनाने की घोषणा के बाद आजसू के खेमे में बेचैनी बढ़ने की चर्चा है। जो हो! सीएम हेमंत सोरेन के इस चाल से सत्ता के शतरंज में रोमांचक मोड़ आ चुका है।

एदलहातू की घटना, एफएसएल की टीम ने की जांच

## महिला के घर रात में चली गोली पड़ोसियों ने दी पुलिस को सूचना

**महिला के घर के एस्बेट्स को छेद कर निकल गयी गोली**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** बरियातू थाना क्षेत्र के एदलहातू स्थित एक घर में शनिवार की देर रात फायरिंग की गई। फायरिंग में गोली एस्बेस्टस को छेदते हुए बाहर निकल गई। जिस महिला के घर में गोली चली, उस महिला ने न तो रात में पुलिस को सूचित किया और न ही सुबह में ही सूचना दी। गोली चलने की आवाज जब पड़ोसियों ने सुनी तो उनलोगों ने बरियातू पुलिस को सूचित किया।

सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई। इस मामले में महिला पिंकी सिंह से भी पूछताछ की गई, लेकिन पिंकी सिंह ने कुछ भी बताने से इनकार कर दिया।

गोली चालन की घटना के बाद पुलिस ने एफएसएल की टीम को वहां बुलाया। एफएसएल की टीम ने वहां जांच पड़ताल व फोटोग्राफी कर वापस लौट गई।

वहीं, पुलिस सूत्रों ने बताया कि देर रात महिला के घर में गोली चलना एक अप्रत्याशित घटना है। पुलिस महिला और आसपास रहनेवाले लोगों से पूछताछ कर रही है। पुलिस ने प्रथम दृष्टया में यह आशंका जाहिर की है कि जिस वक्त महिला घर में थी, उस वक्त वहां कोई नहीं था। आशंका जताई जा रही है कि कोई महिला से मिलने रात में आया होगा। किसी बात को लेकर वहां विवाद हुआ और विवाद में ही हवाई फायरिंग की गई। बरियातू थानेदार ने बताया महिला के द्वारा महिला समिति का पैसा गबन करने की बात भी सामने आ रही है जिसकी छानबीन चल रही है।

सीसीटीवी फुटेज के सहारे पहचान में जुटी पुलिस

# हरमू मारपीट मामले में बंद रहीं दुकानें, 30 लोगों पर प्राथमिकी




खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के अरगोड़ा थाना क्षेत्र की स्थित हरमू बाजार में शनिवार रात स्कूटी से बाइक में हुई टक्कर के बाद हुए मारपीट की घटना को लेकर अरगोड़ा थाने में कुल 30 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गयी है। इस घटना में एक पक्ष के लोगों ने लाठी डंडे से मार कर आशीष को घायल कर दिया था, जिसके बाद मामला बढ़ गया और दो पक्षों के बीच विवाद उत्पन्न हो गया। इस मामले में अरगोड़ा पुलिस एफआईआर दर्ज करने के बाद आरोपियों की शिनाख्त में जुट गई है। बताया जाता है कि पुलिस सीसीटीवी फुटेज के सहारे मारपीट में शामिल युवकों की तलाश कर रही है।

**घटना के विरोध में बंद रही दुकानें**
बढ़ते विवाद के कारण हरमू बाजार की आज अधिकांश दुकानें बंद रही हालांकि इस इलाके में पुलिस मुस्तैद थी लेकिन व्यापारियों ने अपना दुकान आज बंद रखा। फिलहाल इलाके में शांतिपूर्ण स्थिति कायम है।

**क्या था मामला :** दरअसल कल रात को अरगोड़ा थाना क्षेत्र के हरमू बाजार में एक स्टूडियो संचालक के मोटरसाइकिल में स्कूटी सवार ने हरमू बाजार में धक्का मार दिया था। इसके बाद स्टूडियो संचालक आशीष कुमार ने स्कुटी सवार से कहा कि उनकी गाड़ी में जो क्षति हुई है,उसके एवज में पैसा दें। इस पर युवक ने कहा कि फोन कर घर से पैसा मंगवाकर देता हूं। इसके बाद उस युवक ने किसी को फोन किया और एक दर्जन से ज्यादा लोग लाठी-डंडे लेकर वहां पहुंचे। वहां पहुंचने पर सभी लोगों ने मिल कर आशीष के साथ मारपीट की। फिर सभी वहां से फरार हो गये. बताया जाता है जिस बाइक सवार युवक ने फोन कर अन्य युवकों को बुलाया। ये नहीं बताया कि स्कूटी और बाइक में टक्कर का मामला है। उसने लोगों के सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश की थी। हालांकि रांची पुलिस की त्वरित कार्रवाई से वे लोग रात में अपने मंसूबे में कामयाब नहीं हो सका।

खबर एक नजर में

### होटल से बच्ची को बाल श्रम से कराया मुक्त

**रांची।** बाल मजदूरी की सूचना के मद्देनजर रांची जिला प्रशासन ने नामकुम स्टेशन स्थित सुमन भोजनालय से सात साल की एक बच्ची को बाल श्रम से मुक्त कराया। विभागीय अधिकारियों द्वारा जांच करने पर पाया गया कि दुकानदार बच्ची से होटल में काम करवाता था। बच्ची के रेस्क्यू के बाद उसे प्रेमाश्रय बालिका गृह में अवासित किया गया है। उपायुक्त ने दुकानदार के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही बालिका को विद्यालय से जोडने एवं योजनाओं से लिंक करने के लिए आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण करने के लिए बाल कल्याण समिति में प्रस्तुत करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए गए हैं।

### सुखदेवनगर में पत्थर से कूचकर एक की हत्या

**रांची।** पत्थर से कूचकर एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई है। यह घटना शनिवार की देर रात सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के पहाड़ टोली के पास हुई है। जहां अज्ञात अपराधियों ने पत्थर से कूचकर एक शख्स की हत्या कर दी। इसकी सूचना स्थानीय लोगों ने शनिवार की रात पुलिस को दी। पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। इस मामले में आशंका जताई जा रही है कि पीने के लेकर आपसी विवाद हुआ और हत्या कर दी गई। मृत व्यक्ति की उम्र करीब 45 वर्ष के लगभग है। सिर पर पत्थर से चोट के निशान पाए गए हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है।

### भाजपा डोरंडा मंडल ने चलाया जनसंपर्क अभियान



रांची। भाजपा डोरंडा मंडल के अंतर्गत दर्जनों बूथ पर जनसंपर्क अभियान चलाकर स्थानीय लोगों के साथ संवाद किया गया। इसका नेतृत्व संजय पोद्दार ने किया। उन्होंने कहा कि 2014 से लगातार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत नित्य नये आयाम गढ़ रहा हैं। मंडल अध्यक्ष पप्पू वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के गरीबों के लिये अनेकों रचनात्मक कार्य किये हैं। इस कार्यक्रम में बीके विजय, अनिल सिंह, शोभा सिंह, जयमसी तिग्गा, मंटू लाल, अनिता मोथे, महेश विजय, धनंजय कुमार, रेखा देवी, आयुष गुप्ता, सन्नी कुमार सहित दर्जनों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सीआरपीएफ ने वाइबीएन स्कूल में लगाया पौधा



**रांची।** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल 133 बटालियन ने वाईबीएन स्कूल धुर्वा में वृहद पैमाने पर पौधरोपण किया। इसका नेतृत्व कमांडेंट अमित कुमार ने किया। इस मौके पर डॉ जय सूर्या, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, एसजी संदीप द्विवेदी, द्वितीय कमान अधिकारी, मृत्युंजय कुमार, उप कमांडेंट, एसएस देव उप. कमांडेंट, वाईबीएन पब्लिक स्कूल के रामजी यादव, निदेशक, डॉ चांदनी नाथ, प्रधानाचार्य, अध्यापक और स्कूली बच्चे शामिल रहे। इस अवसर पर कमांडेंट अमित कुमार ने कहा कि आज के दौर में शहरीकरण, औद्योगीकरण के लिए पेड़ों की अंधाधुंध कटाई की जा रही है। जिस वजह से हमारे पर्यावरण का संतुलन बिगड़ता जा रहा है। बढ़ते प्रदूषण और घटती वर्षा ऋतु को बढ़ाने के लिए वृक्षारोपण जरूरी है। इस अभियान के दौरान 1500 पौधे लगाए गए।

### अग्निवीर : सेना भर्ती फिजिकल टेस्ट शुरू

**रांची।** सेना भर्ती कार्यालय रांची के द्वारा आयोजित अग्निवीर भर्ती रैली में रविवार को कोडरमा, पश्चिमी सिंहभूम, गोड्डा और बोकारो जिले के 1300 अभ्यर्थी फिजिकल परीक्षा में शामिल हुए। अधिकारियों ने बताया कि इस अग्निपथ योजना के तहत सेना में शामिल होने के प्रति युवाओं में काफी जोश देखने को मिल रहा है। अग्निपथ सेना भर्ती योजना के तहत 3 जुलाई को गिरिडीह, सराईकेला, खारसवां, सिमडेगा, 4 जुलाई को गुमला, पलामू, 5 जुलाई को चतरा, देवघर, धनबाद। इसके बाद 6 जुलाई को हजारीबाग-रामगढ़-साहेबगंज-पाकुड-लतेहार, 7 जुलाई को रांची, 8 जुलाई को 24 जिलों के टेक्निकल अग्निवीर और 9 जुलाई को 24 जिलों के ट्रेड मेन से जुड़े अभ्यर्थी हिस्सा लेंगे। झारखंड के सभी 24 जिलों में अग्निपथ योजना के तहत 1 से 9 जुलाई तक शारीरिक परीक्षा में विभिन्न क्षेत्रों के अभ्यर्थी हिस्सा लेगें।

## स्टेट बार कांउसिल का चुनाव स्थगित



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** आगामी 27 जुलाई के बाद होनेवाले झारखंड स्टेट बार काउंसिल का चुनाव स्थगित हो गया है। इस संबंध में रविवार को डोरंडा बार काउंसिल कार्यालय में बैठक आयोजित की गयी। काउंसिल के चेयरमैन राजेंद्र कृष्णा के मुताबिक, बैठक में वैसे अधिवक्ता जो अधिवक्ता तो बन गए हैं, लाइसेंस ले लिये हैं, लेकिन प्रैक्टिस नहीं कर रहे हैं वैसे नॉन प्रैक्टिसिंग अधिवक्ताओं को चिन्हित कर वोटिंग राइट से हटाया जाएगा। कुछ नए अधिवक्ता भी हैं, जिनकी जांच करायी जायेगी। वेरीफिकेशन के बाद चुनाव किया जाएगा।

बैठक में चेयरमैन वाइस चेयरमैन राजेश शुक्ला, बीसीआई मेंबर प्रशांत सिंह, रिंकू भगत मेंबर, संजय विद्रोही मेंबर, कुंदन प्रकाशन मेंबर, प्रयाग महतो मेंबर, परमेश्वर मंडल,राधेश्याम गोस्वामी, एके तिवारी, बालेश्वर सिंह,अमर सिंह, एके रसिदी शामिल थे।

### सांसद का बना फेक फेसबुक एकाउंट



**रांची।** साइबर अपराधियों ने रांची सांसद संजय सेठ का फर्जी फेसबुक एकाउंट बनाया है। इसके जरिए साइबर ठग लोगों से पैसे मांग रहा है। सासंद ने कहा है, मेरे नाम पर फेसबुक का फर्जी अकाउंट बनाकर पैसे की मांग की जा रही है, आप सबसे अनुरोध है कि ऐसे किसी भी अकाउंट पर विश्वास ना करें। लेन-देन बिल्कुल भी ना करें। इस मामले में प्रशासन से कार्रवाई का आग्रह किया गया है। इस मामले में साइबर सेल जांच कर रही है।

गौरतलब हो कि संजय सेठ का फर्जी फेसबुक अकाउंट बनाकर साइबर अपराधी बीस हजार रूपयों की मांग कर रहा है और फेक अकाउंट के जरिए कह जा रहा कि मेरे अकाउंट में कुछ प्रॉब्लम आ गया है, जिसकी वजह से पैसों का ट्रांजैक्शन नहीं हो पा रहा है। एक से दो दिन में आपको पैसे रिफंड कर दिये जाएंगे।

## सब्जियों की कीमतें बढ़ने से थाली से गायब हुआ स्वाद



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** अभी बारिश पूरी तरह शुरू हुई नहीं कि सब्जियों के दाम आसमान छूने लगे हैं। खासकर टमाटर के दामों में भारी बढ़ोतरी से खाने का स्वाद फीका पड़ गया है। अप्रैल एवं मई के महीने में टमाटर की कीमत 30 रूपये से 35 रूपये प्रति किलो थी लेकिन अभी टमाटर का रेट 120 रुपये से 140 रूपये प्रति किलो तक पहुंच चुका है। सब्जियों के बढ़े दामों ने रसोई का बजट बिगाड़ दिया है। हरी सब्जियों के साथ ही शिमला मिर्च, भिंडी, गोभी के दाम आसमान छू रहे हैं। बाजार में गाजर 35 रुपये से 40 रुपये प्रति किलो, शिमला मिर्च 100 रुपये से 120 रुपये प्रति किलो, भिड़ी 40 रूपये प्रति किलो, फ्रेंच बीन्स 100 से 120 रुपये प्रति किलो, फूलगोभी 60 रुपये प्रति किलो बिका।

हरी मिर्च भी तेवर तीखे हैं। रविवार को उसका भाव 100 रुपये प्रति किलो पहुंच गया। हरमू हाउसिंग कॉलोनी की श्वेता चौबे का कहना है कि सब्जी का दाम अचानक बढ़ने से रसोई का बजट बिगड़ गया है। थाली से स्वाद ही गायब हो गया है। घर खर्च चलाना काफी मुश्किल होता जा रहा है। डेली मार्केट के सब्जी विक्रेता मोहम्मद नौशाद ने बताया कि बाजार में बाहर का ही टमाटर आ रहा है। इसलिए व्यापारियों को भी महंगे दाम पर खरीदना पड़ रहा है। भाड़ा आदि देने के बाद ही बाजार में उसका रेट लगाया जा रहा है।

## सावन में अरघा सिस्टम से पहाड़ी बाबा का जलाभिषेक

**बैरिकेडिंग लगाने की हो रही तैयारी, मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरे से रहेगी पैनी नजर**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पहाड़ी मंदिर प्रबंधन श्रावणी मेले की तैयारी को अंतिम रूप देने में जुटा है। चार जुलाई से सावन माह शुरू हो रहा है। इस दौरान पहाड़ी मंदिर में हर दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे। इसे देखेते हुए मंदिर प्रबंधन और प्रशासन की ओर से तैयारी की जा रही है। बताया गया कि इस वर्ष भी शिवलिंग पर श्रद्धालु अरघा सिस्टम से जल अर्पित करेंगे। वहीं सोमवार को भक्तों की भीड़ को नियंत्रित करने और उनकी सुरक्षा को लेकर बैरिकेडिंग लगाने की तैयारी है। पहाड़ी मंदिर विकास समिति के कोषाध्यक्ष उत्तम कुमार ने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से पुलिस और मंदिर प्रबंधन की तरफ से वॉलिंटियर्स की तैनाती की तैयारी की जा रही है। सीसीटीवी कैमरे से भी पूरे मंदिर परिसर में पैनी नजर रखी जाएगी।

## झारखंड के प्रेमी को पाने के लिए मां ने कर दी दूधमुंहे बच्चे की हत्या, गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** गुजरात में एक मां ने अपने ही दूधमुंहे बच्चे की हत्या कर दी। महिला ने अपने बच्चे को सिर्फ इसलिए मार दिया, क्योंकि झारखंड में रह रहा उसका प्रेमी उस बच्चे के साथ इस हैवान मां को अपनाने से इंकार कर दिया था। इस बच्चे की उम्र महज ढाई साल थी। बच्चे को मारने के बाद इसे ठिकाने लगाने का प्लान दृश्यम फिल्म देखकर बनाया। इसके बाद फिर कानून के आंख में भी धूल झोंकने की कोशिश की। रेजा का काम करने वाली नयना मंडावी ने अपने बच्चे की गुम होने की शिकायत थाने लेकर पहुंची। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस बच्चे की खोजबीन में लग गए। तीन दिनों तक बच्चे को खोजने के बाद बच्चा कहीं नहीं मिला। जब पुलिस इस मामले की तफ्तीश की तो शक के घेरे में मां ही आ गई। पुलिस ने उससे सख्ती के साथ पूछताछ शुरू की।

**कंस्ट्रक्शन साइट में मजूदरी का काम करती :** महिला सूरत के डिंडोली इलाके में नयना मंडावी कंस्ट्रक्शन साइट पर मजदूरी करती थी। 27 जून को अपने बच्चे के गुम होने की शिकायत लेकर थाने आई थी।

**प्रेमी पर अपहरण का लगाया आरोप :** महिला ने पुलिस को बताया कि उसका प्रेमी झारखंड में रहता है और वो अपहरण करके ले गया होगा। इसके बाद महिला के प्रेमी से संपर्क किया गया। लड़के ने पुलिस को बताया कि वह कभी सूरत गया ही नहीं है। ऐसे में महिला का सफेद झूठ पुलिस के सामने आ गया। इसके बाद पुलिस ने महिला के साथ सख्ती के साथ पूछताछ शुरू की तो महिला ने अपने बच्चे की हत्या की बात कबूल कर ली।

**पुलिस को खूब घुमाया :** महिला ने बताया कि बच्चे की लाश गड्डे में दफन कर दी है। फिर पुलिस ने जेसीबी से खुदाई कराई लेकिन बच्चा नहीं मिला। फिर महिला ने कहा कि बच्चे की लाश तालाब में फेंक दी है। इसके बाद पुलिस ने तालाब में तलाशी अभियान चलाया, लेकिन बच्चा यहां भी नहीं मिला। इसके बाद पुलिस ने महिला से सच उगलवाने के लिए कड़े अंदाज में पूछताछ किया तो महिला ने बताया कि कंस्ट्रक्शन साइट की टॉयलेट के लिए बनाए गए गड्ढे में बच्चे को फेंका है।

## ढाई करोड़ से शुरू होगी खादगढ़ा बस स्टैंड की पार्किंग की नीलामी



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** खादगढ़ा स्थित बिरसा मुंडा बस स्टैंड में बसों की लिए पार्किंग बनाया गया है। इन बसों की पार्किंग की नीलामी होनी है। इसके लिए रांची नगर निगम ने तैयारी कर ली है। निगम ने इसके लिए शॉर्ट टेंडर नोटिस भी जारी कर दिया है। टेंडर की शर्तों के मुताबिक खादगढ़ा बस स्टैंड की पार्किंग को लीज पर दिया जायेगा। इसके लिए शुरूआती बोली दो करोड़ 40 लाख 96 हजार 600 रुपये से शुरू होगी। ई-बिडिंग के लिए समय सीमा 13 जुलाई तक तय की गयी है।

रांची नगर निगम के एडिशनल कमिश्नर के स्तर से जारी सूचना में बताया गया है कि स्टैंड के लीज पर दिए जाने और इससे संबंधित ई-टेंडर के बारे में विस्तृत जानकारी वेबसाइट से ली जा सकती है। बिडर्स इसके लिए सीएमपीडीआई कैंपस, गोंडवाना पैलेस, कांके रोड (रांची) स्थित चौथे तल्ले पर भी आकर संपर्क कर सकते हैं। टेंडर में या किसी स्तर पर बदलाव की स्थिति में भी सूचना निर्धारित वेबसाइट से मिलेगी।

## यूसीसी : देश की एकता और अखंडता के लिए जरूरी है एक देश एक कानून

आज भारत के कोने कोने में एक मुद्दे को लेकर बहस छिड़ी हुई है। इसके पक्ष और विपक्ष में लोग बंटे हुए हैं। वह मुद्दा है समान नागरिक संहिता। यह मुद्दा कोई नया नहीं है। इसका वर्णन देश के संविधान के 44वें अनुच्छेद में भी किया गया है। जब लॉ कमिशन के नए अध्यक्ष जस्टिस ऋतु राज अवस्थी ने जैसे ही इस मुद्दे पर आम लोगों की सलाह मांगी, इस पर फिर से डिबेट शुरू हो गई। जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने मध्यप्रदेश के एक कार्यक्रम में इस मुद्दे पर बोले तो फिर से पूरे देश मे इस पर चर्चा होने लगी है। एक देश, एक कानून का विचार आज आमतौर पर भारत के हर नागरिक के जेहन में है। दरअसल, समान नागरिकता संहिता का अर्थ होता है भारत में रहने वाले हर नागरिक के लिये एक समान कानून होना। दुनियां में भारत एक मात्र ऐसा देश है जहां अलग अलग धर्म और जाति के लिए अलग अलग कानून है।

**1937 से पहले मुस्लिमों पर भी लागू थे हिंदू कानून**
संविधान सभा में कुछ सदस्यों खासकर मुस्लिमों के विरोध पर आंबेडकर ने यूसीसी को धीरे-धीरे लागू करने की सलाह दी थी। तब आंबेडकर ने कहा था कि भविष्य में संसद इस तरह से शुरूआत कर सकती है कि ये संहिता स्वैच्छिक होगी। सिर्फ उन लोगों पर लागू हो जो हलफनामा देकर कहे कि वे इसे मानने के लिए तैयार है। दुनिया के कई देशों में समान नागरिक संहिता लागू है। इनमें पड़ोसी देश पाकिस्तान और बांग्लादेश भी शामिल हैं। इनके अलावा इजरायल, जापान, फ्रांस और रूस में भी समान नागरिक संहिता लागू है।

यूनिफार्म सिविल कोड लागू होने से सभी समुदाय के लोगों को एक समान अधिकार दिए जायेंगे। लैंगिक समानता को बढ़ावा मिलेगा। समान नागरिक सहिंता लागू होने से भारत की महिलाओं की स्थिति में सुधार होगा। कानूनों में सरलता और स्पष्टता आयेगी। सभी नागरिकों के लिए कानून समझने में आसानी होगी। व्यक्तिगत या धर्म कानूनों के आधार पर होने वाले भेदभाव को समाप्त किया जा सकेगा। अल्पसंख्यक समुदाय के लोग यूनिफॉर्म सिविल कोड का खुलकर विरोध करते आये हैं। विरोध में तर्क देने वाले लोगों का कहना है कि संविधान के मौलिक अधिकार के तहत अनुच्छेद 25 से 28 के बीच हर शख्स को धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार मिला हुआ है। इसलिए हर धर्म के लोगों पर एक समान पर्सनल लॉ थोपना संविधान के साथ खिलवाड़ करना है। मुस्लिम इसे उनके धार्मिक मामलों में दखल मानते हैं। मेरे विचार से अब वो समय आ चुका है कि देश की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण रखने हेतु देश मे सभी नागरिकों के लिए एक कानून होना चाहिए। यह न सिर्फ देश की एकता को बनाए रखने में मदद करेगा बल्कि अदालत में भी कई मामलों को शीघ्र सुलझाने में मदद करेगा।

**सूरज नाथ शाहदेव, महासचिव**
**बड़कागढ़ रैयत जनमंच, झारखंड**

जून के अंतिम सप्ताह में हुई बारिश से खेतों में लौटी रौनक, बिचड़ा डालने में जुटे किसान

## 15 जुलाई तक डाला जा सकता है बिचड़ा : बीएयू



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** एक सप्ताह की लेटलतीफी के बाद जून के अंतिम सप्ताह में हुई बारिश से खेतों में रौनक लौटने लगी है। ज्यादातर किसान बिचड़ा डालने की कवायद में जुट चुके हैं। इस मामले में गुमला के किसान सबसे आगे हैं।

वहीं देर से आये मॉनसून पर बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ रमेश बताते हैं कि एक सप्ताह का विलंब हुआ है, लेकिन इसको चिंता के नजरिए से नहीं देखा जा सकता। उन्होंने कहा कि किसानों को सिर्फ धान की पैदावार की ही फिक्र नहीं होती है। उन्हें अपने पशुओं के चारे की भी चिंता होती है। उन्होंने सुझाव दिया है कि पिछले एक सप्ताह में हुई बारिश को देखते हुए किसानों को खेत की ऊपरी भूमि की जुताई कर बिचड़ा डालना शुरू कर देना चाहिए। ताकि दो सप्ताह बाद रोपाई का काम शुरू किया जा सके। जो किसान बीज या अन्य कमी की वजह से तैयारी नहीं कर पाए हैं, उन्हें घबराने की जरूरत नहीं है। उन्होंने सुझाव दिया कि 15 जुलाई तक भी बिचड़ा डाला जा सकता है। इस दौरान अच्छी बारिश की भी संभावना रहती है।

रांची मौसम केंद्र की वैज्ञानिक प्रीति कुमारी ने बताया कि इस साल अच्छी बारिश की उम्मीद की जा रही है क्योंकि अभी तक बारिश के लिए अनुकूल परिस्थिति बना हुआ है। उन्होंने कहा कि मानसून को पहुंचने में एक सप्ताह का विलंब जरूर हुआ है लेकिन पिछले साल जून माह में औसत 95.7 मिमी की तुलना में इस साल जून माह में 108.5 मिमी बारिश हुई है। बारिश के लिहाज से पिछला एक सप्ताह काफी अच्छा रहा है।

कृषि विभाग के नजरिए से देखे तो किसानों के लिए साल 2022 अच्छा नहीं था। इसकी वजह से सिमडेगा और पूर्वी सिंहभूम जिला को छोड़कर 22 जिलों के 226 प्रखंडों को सूखाग्रस्त घोषित किया गया था। पिछले साल 11 जुलाई तक 28.27 लाख हेक्टेयर में खरीफ फसल लगाने की लक्ष्य था। इसमें सबसे ज्यादा 18 लाख हेक्टेयर में धान लगना था। शेष में मक्का, दलहन, बाजरा और तिलहन की खेती की तैयारी थी। लेकिन कम बारिश की वजह से 11 जुलाई 2022 तक आधी भी बुआई नहीं हो पाई थी। इसका उत्पादन पर भी असर पड़ा।

कृषि विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक इस साल 50 फीसदी अनुदान पर बीज वितरण किया जा रहा है। अलग-अलग कंपनियों को 68 हजार क्विंटल बीज आपूर्ति का आदेश दिया गया है। इसकी तुलना में 37 हजार क्विंटर बीज खरीदा जा चुका है। वहीं 18 हजार क्विंटल से ज्यादा बीच किसानों के बीच बांटा जा चुका है।

हालांकि कृषि विभाग की तमाम तैयारियों के बावजूद पिछले साल मानसून की दगाबाजी से किसानों के कमर टूटे हुए हैं। उन्हें डर सता रहा है कि अगर जुलाई में बारिश नहीं हुई तो, जून के अंतिम सप्ताह में बारिश की वजह से की गई मेहनत बर्बाद जाएगी। लेकिन उनके पास रिस्क लेने के सिवा कोई उपाय नहीं है। उनके साथ सिर्फ उम्मीद है।

## झामुमो केंद्रीय समिति की विस्तारित बैठक कल

# देश और राज्य की ताजा स्थितियों पर होगी चर्चा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा की सबसे बड़ी कमेटी 'झामुमो केंद्रीय समिति' की विस्तारित बैठक केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन की अध्यक्षता में 4 जुलाई को रांची के सोहराई भवन में होगी। इस बैठक में पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन, सभी सांसद, विधायक और मंत्रियों के अलावा केंद्रीय समिति के सभी सदस्य भाग लेंगे।

विस्तारित बैठक होने की वजह से झारखंड के सभी 24 जिलों के झामुमो जिलाध्यक्ष, जिला सचिव भी इसमें शिरकत करेंगे। झारखंड के अलावा झामुमो के बिहार, प. बंगाल और ओडिशा कमेटी का प्रतिनिधिमंडल भी भाग लेगा।

**समिति का घोषित एजेंडा :** प्रस्तावित झामुमो केंद्रीय समिति की विस्तारित बैठक में जिन एजेंडे पर चर्चा होगी उसमें पिछले बैठक के लिए गए फैसले पर पार्टी कितना आगे बढ़ी उसकी समीक्षा की जायेगी। समीक्षा के बाद केंद्रीय समिति की उस पर संतुष्टि ली जायेगी। 2021 में केंद्रीय महाधिवेशन के दौरान लिए गए निर्णय के अनुसार सदस्यता अभियान की स्थिति पर चर्चा होगी। केंद्रीय समिति की बैठक में पार्टी के सांगठनिक स्थिति पर भी विचार विमर्श होगा। डुमरी उपचुनाव को लेकर भी चर्चा होग। पार्टी नेता विनोद पांडेय के अनुसार बैठक में डुमरी विधानसभा सीट को लेकर भी चर्चा होगी।

दिवंगत नेता की जगह उनकी पत्नी को मंत्री बनाने के फैसले को भी केंद्रीय समिति के समक्ष रखा जायेगा। झामुमो के महासचिव और राज्य समन्वय समिति के अध्यक्ष श्री पांडेय ने कहा कि 2024 लोकसभा चुनाव को लेकर पार्टी का स्टैंड क्या होगा इस पर भी कार्यसमिति और सभी जिलाध्यक्षों की राय ली जाएगी।

**यूसीसी पर भी होगी चर्चा :** पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्या ने बताया कि यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा का स्टैंड क्या होगा, आदिवासियों के रीति रिवाजों को सुरक्षित रखने के लिए पार्टी का रुख क्या होना चाहिए, इस पर भी विचार होगा। राज्य की सरकार के साढ़े तीन साल पूरे हो गये हैं। इन वर्षों में पार्टी की नीति और सिद्धांत के अनुसार कितना काम हुआ, इसपर भी झामुमो केंद्रीय समिति की बैठक में चर्चा होगी। पटना में हुई 15 विपक्षी दलों की बैठक और इस महीने बेंगलुरु में होने वाली बैठक को लेकर कार्यकारी अध्यक्ष अपनी बात केंद्रीय समिति की बैठक में होगी। इसके अलावा झामुमो केंद्रीय समिति की बैठक में 50 लाख सदस्यता अभियान की समीक्षा, जिला संगठन, झारखंड के अलावा बिहार, प. बंगाल और ओडिशा में पार्टी संगठन की वर्तमान स्थिति और उसे मजबूत करने की नीतियों पर समीक्षा होगी। इसके साथ झारखंड में आगामी दिनों में राज्य में महागठबंधन में झामुमो की भूमिका, उसके स्वरूप पर भी चर्चा होगी।

## लीगल ओपेरा ने विधिक जागरूकता शिविर का किया आयोजन

**रांची।** लीगल ओपेरा के तहत रविवार को ग्राम्ये पंचायत भवन में विधिक जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इसमें विशेष रूप से घरेलू हिंसा अधिनियम, लोगों को निशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा अधिनियम की विस्तृत रूप से जानकारी के साथ साथ अन्य कानूनी पहलुओं की जानकारी दी गयी। संस्था के अध्यक्ष निरंजन कुमार ने मौके पर कहा कि उनकी संस्था हमेशा जरुरतमंद लोगों को कानूनी सहायता प्रदान करेगी। साथ में उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को भी सुना। उनके साथ सवांद किया। संस्था की महासचिव श्रुति पाठक ने विशेष तौर पर शिक्षा के महत्व को समझाते हुए सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। पटना उच्च न्यायालय के अधिवक्ता व समाज सुधार अभियान के संरक्षक आकिल ईमाम खान ने जनजातीय समुदाय में उनके अधिकारों की रक्षा और विभिन्न प्रकार के शोषण से बचाव के संबंध में बताया।

# यजत और अमायरा बने यंगेस्ट प्लेयर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सरला बिरला यूनिवर्सिटी में आदित्य बिड़ला मेमोरियल 22वीं झारखंड स्टेट फिडे रेटिंग चेस चैंपियनशिप रविवार को पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न हुआ। यंगेस्ट प्लेयर का खिताब लड़कों में यजत नरसरिया और लड़कियों में अमायरा आदित को मिला. पहले स्थान पर रहे ईस्ट सिंहभूम के रोहन विजय शांडिल्य को 16 हजार नगद के साथ ट्रॉफी दिया गया। टॉप 20 खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार दिये गये. विजेताओं के बीच पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि ऑल झारखंड शतरंज संघ के अध्यक्ष प्रदीप वर्मा, सचिव मनीष कुमार, संयुक्त सचिव दीपक कुमार, अनिल कुमार सिंह, गढ़वा जिला शतरंज संघ के सचिव आलोक तिवारी, जैलेन्द्र कुमार, चन्दन कुमार के द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में संघ के कोषाध्यक्ष सतीश कुमार, मुख्य निर्णायक दीपक कुमार, निर्णायक प्रभात रंजन कुमार, विनोद कुमार साव, विक्रम कुमार, अरुण कुमार विकास कुमार मेहता, अशोक सिंह एवं मनीषा मासी का अहम योगदान रहा।

**चेस चैंपियनशिप के विजयी प्रतिभागी और प्राइज मनी**

| खिलाड़ी | जिला | प्राइज मनी (रुपये में) |
|---|---|---|
| रोहन विजय शांडिल्य | ईस्ट सिंहभूम | 16000 |
| त्रिपाठी बीसी | रांची | -11000 |
| अंकित कुमार सिंह | बोकारो | 8000 |
| अधिराज मित्रा | ईस्ट सिंहभूम | 6000 |
| विभाष कुमार सिन्हा | दुमका | 5000 |
| संकत दत्ता | वेस्ट सिंहभूम | 4000 |
| सूर्यदिपता सरकार | ईस्ट सिंहभूम | 3000 |
| रमेश कुमार | बोकारो | 2500 |
| शासवत पॉल | वेस्ट सिंहभूम | 2500 |
| प्रियंका कुमारी | वेस्ट सिंहभूम | 2500 |
| अल्का दास | ईस्ट सिंहभूम | 2000 |
| सिकंदर अनिष | बोकारो | 2000 |
| मनिष शर्मा | वेस्ट सिंहभूम | 1500 |
| हर्ष कुमार झा | ईस्ट सिंहभूम | 1500 |
| दीपक लाल शाहा | हजारीबाग | 1500 |
| मनिदीप मुखी | वेस्ट सिंहभूम | 1200 |
| राजा बोस | धनबाद | 1200 |
| आर्दश कुमार | हजारीबाग | 1200 |
| कृष्णन कुंदन | गढ़वा | 1200 |
| रोहित | ईस्ट सिंहभूम | 1200 |

# भ्रूण चिकित्सा पर लाइव प्रदर्शन डॉ तुलिका जोशी ने दिये टिप्स

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झारखंड में पहली बार बर्लिन डायग्नोस्टिक एंड डे केयर रांची में भ्रूण चिकित्सा पर लाइव प्रदर्शन सीएमई का आयोजन किया गया। भ्रूण चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ तूलिका जोशी के मार्गदर्शन में कई प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञों और रेडियोलॉजिस्ट को बुनियादी भ्रूण इमेजिंग में प्रशिक्षित किया गया।

डॉ खुर्शीद आलम, जो कोलकाता में भ्रूण चिकित्सा सलाहकार हैं, सत्र के लिए आमंत्रित अतिथि वक्ता थे। भ्रूण विकास स्कैन और विसंगति स्कैन में अपने कौशल को बढ़ाने के लिए 35 से अधिक डॉक्टरों ने सीएमई में भाग लिया। प्रख्यात स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. करुणा झा, डॉ. गीता सिन्हा मानकी, डॉ. मुक्ता नारायण ने भी अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम के दौरान लाइव प्रदर्शन के साथ भ्रूण विसंगति स्कैन के चरणों के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम की सफलता को देखते हुए डॉ. तूलिका जोशी ने झारखंड और पड़ोसी राज्यों में बुनियादी भ्रूण इमेजिंग के कौशल को बढ़ाने के लिए इसे एक नियमित कार्यक्रम बनाने का वादा किया।

# वरिष्ठ पत्रकार पूरन चंद्र का निधन, पंचतत्व में हुए विलीन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** वरिष्ठ पत्रकार पूरन चंद्र प्रसाद का शनिवार की रात्रि को हृदयगति रुक जाने से हरमू हाउसिंग स्थित आवास पर निधन हो गया। वे अपने पीछे पत्नी और एकमात्र सुपुत्री को छोड़ गये हैं। रविवार को दोपहर बाद उनकी अंतिम यात्रा निकाली गयी, जिसमें कई पत्रकार एवं उनके मित्रगण शामिल हुए। उनका अंतिम संस्कार हरमू स्थित मुक्तिधाम में किया गया। पूरन चंद्र प्रसाद का जन्म रांची में 12 जनवरी 1957 को हुआ था। उन्होंने 1980 में दैनिक रांची एक्सप्रेस में एक संवाददाता के रूप में पत्रकारिता जीवन की शुरुआत की थी। उन्होंने कुछ दिनों तक नागपुर स्थित लोकमत समाचार में भी उप संपादक के रूप में कार्य किया। उन्होंने 15 जनवरी 2015 को रांची एक्सप्रेस अखबार से अवकाश प्राप्त किया। बाद के दिनों में वे रांची एक्सप्रेस के स्थानीय संपादक भी रहे। उनके अकस्मात निधन की खबर से पत्रकारिता जगत में शोक की लहर व्याप्त है।

### सीएम ने जताया गहरा दुख

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने वरिष्ठ पत्रकार पूरन चंद्र के निधन पर गहरा शोक जताया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे अपने लंबे पत्रकारिता जीवन में सामाजिक सरोकारों से भी सदैव जुड़े रहे। उनके निधन से पत्रकारिता जगत को अपूरणीय क्षति हुई है। ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में जगह दे और परिजनों को इस दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे।
इधर, सीएम हेमंत सोरेन के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद ने वरिष्ठ पत्रकार पूरन चंद्र के निधन पर गहरी संवेदना जताई है। उन्होंने कहा कि पूरन चंद्र के निधन से पत्रकारिता जगत में जो खालीपन आया है, उसकी भरपाई नहीं हो सकती है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करे और शोक संतप्त परिजनों को दुख सहन करने की शक्ति दे।

# लायंस क्लब ने रांची को दिया तोहफा, मेन रोड में बनेगा क्लॉक टावर

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट के अध्यक्ष रतन लाल अग्रवाल के कार्यकाल (लायनिस्टक वर्ष 2022-23) के अंतिम दिन राजधानी रांची की हृद्यस्थली अल्बर्ट एक्का चौक के पास क्लॉक टावर बनाने के सपने को सरजमीं मिल गयी। मेन रोड स्थित सदर अस्पताल की चहारदीवारी के पास इस क्लॉक टावर का शिलान्यास रांची के पूर्व उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय तथा लायंस के पूर्व डिस्टिक गवर्नर रोबिंग लायन राजेश गुप्ता पवन ने संयुक्त रूप से किया।

इस अवसर पर दोनों अतिथियों ने रतन लाल अग्रवाल के कार्यकाल में लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट द्वारा की गयी विभिन्न समाजसेवाओं का उल्लेख कर उन्हें मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि रतन लाल अग्रवाल ने क्लॉक टावर के सपने को शिलान्यास तक पहुंचाकर राजधानी रांची को एक स्थायी व सुंदर तोहफा दिया है, जिससे लायंस क्लब के भी पूरे विश्व में ब्रांडिंग होगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि क्लॉक टावर का निर्माण निर्धारित समय के भीतर हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि रतन लाल अग्रवाल ने दिन-रात एक कर तमाम अड़चनों को पार करते हुए इतने कार्यों को संपादित किया, वह अपने आप में एक उदाहरण है। इससे हर कोई प्रेरित होता रहेगा। उन्होंने कहा कि रतन लाल अग्रवाल ने क्लॉक टावर को हकीकत बना रांची को एक टूरिज्म प्वाइंट भी दिया है। इसके अलावे महिलाओं के समूह को सशक्त बनाने के लिए उन्हें कुटीर उद्योग से जोड़कर लायंस की सेवा के दायरे को विस्तार दिया। छात्राओं के लिए सैनिटरी वैड वेंडिंग मशीन लगाकर उन्होंने अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। जरूरतमंदों के इलाज, आर्थिक रूप कमजोर मेधावी बच्चों की पढ़ाई में मदद और मौसम की मार झेलने वाले गरीबों व राहगीरों के लिए मौसम अनुरूप सुविधा प्रदान कर उन्होंने लायंस क्लब को समाज के अंतिम पायदान तक पहुंचाया। अब यह नई टीम का दायित्व बनता है कि वह रतन लाल अग्रवाल द्वारा खींची गई सेवा की लकीर को और आगे बढ़ाते हुए नए कीर्तिमान स्थापित करे। इस मौके पर अपने भावुक संबोधन में रतन लाल अग्रवाल ने कहा कि ईश्वर की अनुकंपा, सदस्यों के सहयोग, शुभचिंतकों की मदद और आम लोगों की बदौलत ही वे अपने एक साल की अध्यक्षीय कार्यकाल में इन तमाम कार्यों को मूर्त रूप दे सके।

अग्रवाल ने कहा कि उनके लिए यह बहुत गौरवान्वित क्षण है कि कार्यकाल के अंतिम दिन क्लॉक टावर का भी शिलान्यास हो गया। कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने भी रतन लाल अग्रवाल के कार्यकाल की सराहना की और उम्मीद जताई कि आने वाले समय में भी समाज को अपने इस अनमोल रतन से सेवाएं मिलती रहेंगी। मौके पर क्लब के पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर राजेश गुप्ता पवन, क्लब की प्रथम महिला लायन सुनीता अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष ललित केडिया, अरूण केजरीवाल, नेमी अग्रवाल, दिवाकर राजगढ़िया, संजय पोद्दार, कृष्ण कुमार, अमर चंद बैगानी, सुनील माथुर, राम कृष्ण, सतीश गुप्ता, हर्षवर्धन जालान व बलियापुर धनबाद से डिस्ट्रिक्ट के लायन गिरधारी लाल अग्रवाल, लायन प्रेम कुमार तथा क्लब के लायन सदस्य भारी संख्या में मौजूद रहे।

# छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह के सफल आयोजन को ले खेलगांव पहुंची पासवा की टीम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे के नेतृत्व में पासवा कोर कमेटी के सदस्यों एवं पासवा के एक्टिव कार्यकर्ता राज्य स्तरीय छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह के सफल आयोजन के लिए हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम खेलगांव का दौरा किया। इस दौरान छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह के सफल आयोजन को कार्यकताओं को विशेष दिशा निर्देश दिया एवं तैयारियों को मूर्त रुप देने के लिए रणनीति बनाई गई।

मालूम हो कि सोमवार 10 जुलाई को खेलगांव स्टेडियम में राज्य का सबसे बड़ा छात्र प्रतिभा सम्मान आयोजित होगा, जिसमें मैट्रिक तथा इंटर की परीक्षा में 80% व उससे अधिक अंक लाने वाले सीबीएसई आईसीएसई एवं जैक बोर्ड के लगभग 15 हजार से अधिक बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। आयोजन में राज्य के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, खेलकूद मंत्री हफिजूल हसन, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर, पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद सहित विभिन्न राज्यों से पासवा के प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। उसके साथ ही झारखंड के प्रत्येक जिले से पासवा के पदाधिकारी एवं सम्मान समारोह में सम्मिलित होने हेतु विद्यार्थी उपस्थित रहेंगे।

प्रदेश महासचिव नीरज सहाय ने बताया आलोक कुमार दूबे के नेतृत्व में पासवा का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी को भी इस कार्यक्रम के उद्घाटन के तौर पर भाग लेने के लिए आमंत्रित करेगा। इस भव्य आयोजन की तैयारी को अंतिम रूप देने के लिए प्रदेश अध्यक्ष ने इस विशेष तैयारी का स्टेडियम में अवलोकन किया, स्टेडियम में बैठने की व्यवस्था, साउंड सिस्टम,बैनर तथा पोस्टर की व्यवस्था, ऑन स्पॉट रजिस्ट्रेशन के लिए दिशा निर्देश, काउंटर और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। दूर से आने वाले बच्चों एवं पदाधिकारियों को परेशानी ना हो इसके लिए उन बच्चों के नाश्ता एवं भोजन की व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था पर विशेष दिशा निर्देश दिए गये। इसके पूर्व राज्य स्तरीय छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह के सफल आयोजन हेतु पासवा के कोर कमेटी के पदाधिकारियों के साथ वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के सरकारी आवास कचहरी डिप्टी पाड़ा में पासवा के सदस्यों के साथ एक विशेष बैठक भी आयोजित की गयी। पासवा कोर कमेटी के सदस्यों एवं एक्टिव कार्यकताओं ने प्रदेश अध्यक्ष को विश्वास दिलाया कि इस सम्मान समारोह को सफल बनाने हेतु दिशा निर्देश पर पूर्ण समर्पित ढंग से कार्य करने को समर्पित रहेंगे एवं कार्यक्रम को सफल एवं ऐतिहासिक ढंग से संपन्न कराने का हर संभव प्रयास करेंगे। मौके पर राष्ट्रपति अवार्डी सुश्री फलक फातिमा, महानगर पासवा अध्यक्ष डॉ सुषमा केरकेट्टा, प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद कुमार, संजय प्रसाद, आलोक बिपीन टोप्पो आदि उपस्थित थे।

## हॉली ऐंजल चर्च के नये पल्ली पुरोहित की हुई पदस्थापना

**रांची।** हॉली हॉली ऐंजल चर्च कोकर में रविवार को रांची महाधर्मप्रांत के महाधर्माध्यक्ष फेलिक्स टोप्पो ने नए पल्ली पुरोहित फा. आनन्द सुरीन को पल्ली की जिम्मेदारी सौंपी। पदस्थापन समारोह की शुरुआत पवित्र यूखारिस्त समारोह से हुई और पवित्र मिस्सा की अगुवाई आर्च बिशप फेलिक्स टोप्पो ने की। मिस्सा के दौरान अपने उपदेश में कहा कि समय समय पर ईश्वर ने नबियों को लोगों की अगुवाई, सेवा एवं रक्षा करने के लिए लोगों के बीच भेजा। वैसे ही आज हमारे इस पल्ली की जिम्मेदारी फादर आनन्द सुरीन को दी जा रही है जो हमारी सेवा, रक्षा एवं अगुवाई करेंगे। इसके लिए ईश्वर की कृपा साथ ही हम पल्ली वासियों के सहयोग की अवश्यकता है।

## खबर एक नजर में

### बॉक्सिंग प्रतियोगिता में ईस्ट सिंहभूम चैंपियन, रांची रनरअप

**रांची।** तीन दिवसीय 16 वां राज्यस्तरीय जूनियर एवं सब जूनियर बालक बालिका बॉक्सिंग प्रतियोगिता का समापन स्थानीय खेल गांव स्थित बॉक्सिंग हॉल में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में संजय कुमार सीनियर ए सी एम डिविजनल रेलवे मैनेजर उपस्थित हुए। संजय कुमार ने कहा बॉक्सिंग केवल मारपीट नहीं बल्कि एक अनुशासित खेल भी बनाता है। रांची जिला बॉक्सिंग संघ इतने बड़े आयोजन के लिए बधाई के पात्र हैं। इस अवसर पर विनय सिन्हा अध्यक्ष रांची जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन ने कहा हमारा प्रयास रहा है की राजधानी में बॉक्सिंग खेल को और अधिक बढ़ावा मिले। हमारा प्रयास होगा कि इसके बाद और अधिक बच्चों को एकत्रित करके इससे भी बड़ा आयोजन करूं। विनय सिन्हा ने इस आयोजन के प्रायोजक सीसीएल के सीएमडी का धन्यवाद दिया। राजीव कुमार बर्मा कोषाध्यक्ष जेबीए ने बच्चों के बीच पदक एवं प्रमाण पत्र वितरण कराया इस अवसर पर जेएसएसपीएस के बच्चो ने सुंदर नृत्य एवं कला का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में बेस्ट बॉक्सर रांची की चंचला कुमारी, बेस्ट चैलेंजिंग बॉक्सर आरती लोहरा, ईस्ट सिंहभूम, जूनियर गर्ल्स में पलक कुमारी, जसिका खेस, सब जूनियर बॉयज में राजू कुमार, सौरभ कुमार, जूनियर बॉयज में येशु कुमार दास, महफूज अंसारी रांची को दिया गया।

### आर्ट ऑफ लिविंग परिवार आज गुरु पूर्णिमा मनायेगा

**रांची।** राजधानी रांची का आर्ट ऑफ लिविंग परिवार सोमवार की शाम 5:30 बजे से अशोक नगर मंदिर हॉल में बहुप्रतीक्षित गुरु पूर्णिमा समारोह मना रहा है। यह समारोह 40 गुरु पूजा पंडितों द्वारा गुरु पूजा के साथ शुरू होगा, जिनमें से अधिसंख्य आर्ट ऑफ लिविंग के शिक्षक हैं। बताया गया कि उत्सव सभी के लिए खुला है और शाम 7:30 बजे तक चलेगा। उसके बाद प्रसाद वितरण और रात्रि भोजन होगा।

### सीनियर खो-खो के लिए रांची टीम का चयन 5 को

**रांची।** 17वीं सीनियर राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता के लिए रांची जिला खो-खो एसोसिएशन के तत्वावधान में रांची जिला पुरूष- महिला टीम का चयन 5 जुलाई को लीची बागान प्रांगण सेक्टर-2 में आयोजित की जाएगी। अजय झा ने बताया कि चयनित रांची जिला पुरूष- महिला खो-खो टीम 13 जुलाई को रांची से प्रस्थान करेगी। 17वीं झारखंड राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता 14 जुलाई से 16 जुलाई तक माघी बालिका उच्च विद्यालय गुमला में होगी। इस चयन में रांची जिला के इच्छुक कोई भी खिलाड़ी भाग ले सकता है। खिलाड़ियों को अपने साथ पंजीयन हेतु आधार कार्ड की छाया प्रति, जन्म प्रमाण पत्र की छाया प्रति एवं दो पासपोर्ट साइज कलर फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा।

### द रांची प्रेस क्लब में शुरू हुआ पेंटिंग का क्लास

**रांची।** द रांची प्रेस क्लब द्वारा बच्चों के लिए क्रिएटिव आर्ट के तहत पहले दौर में प्रत्येक रविवार को 10:30 बजे से 11:30 बजे तक पेंटिंग की क्लास शुरू की गई है। रविवार दो जुलाई 2023 से पेंटिंग क्लास का शुभारंभ मशहूर आर्टिस्ट सह फाउंडर ऑफ आइएडब्लयू (इन एट वर्ल्ड) प्रवीण करमाकर ने की। इस मौके पर द रांची प्रेस क्लब के कोषाध्यक्ष सुशील सिंह मंटू ने मुख्य अतिथि प्रवीण करमाकर को पौधा देकर उनका स्वागत किया। आर्टिस्ट प्रवीण करमाकर ने कहा कि यह बहुत ही खुशी की बात है कि द रांची प्रेस क्लब ने पेंटिंग क्लास की शुरूआत की है। उन्होंने द रांची प्रेस क्लब द्वारा कला संस्कृति के क्षेत्र में प्रशिक्षण को सराहा। वहीं प्रेस क्लब के कार्यकारिणी सदस्य सह पेंटिंग प्रशिक्षक परवेज कुरैशी ने बताया कि प्रत्येक रविवार को पेंटिंग का प्रशिक्षण दिया जायेगा जिसका लाभ 14 साल तक के बच्चे उठा सकते हैं।

### हुटूप गोशाला में लगाये गये 101 पौधे

**रांची।** डिस्ट्रिक्ट गवर्नर कमल के निर्देश पर वन डिस्ट्रिक्ट वन एक्टिविटी के तहत रविवार को लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट ने रुक्का डैम के समीप हुटूप गौशाला में मेगा ट्री प्लांटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट के सदस्यों ने गो सेवा के साथ 101 पौधे लगाकर पर्यावरण सरंक्षण का संकल्प लिया। मौके पर डिस्ट्रिक्ट कैबिनेट सेक्रेटरी सुनील केडिया, लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट नरेश कुमार आदि उपस्थित थे।

### दो दिवसीय सीसीसी तैराकी प्रतियोगिता संपन्न

**रांची।** दो दिवसीय कंट्री क्रिकेट क्लब तैराकी प्रतियोगिता रविवार को जेएससीए अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम कांप्लेक्स स्थित स्विमिंग पूल में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में अलग-अलग आयु वर्ग के 50 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में 5 वर्ष से कम उम्र से लेकर 45 वर्ष से ऊपर के लोगों की स्पर्धा कराई गई। जीतने वाले प्रतिभागियों को कप, मेडल बांटे गए। समापन समारोह में विजेता खिलाड़ियों को कंट्री क्रिकेट क्लब की कोषाध्यक्ष सीमा सिंह, सीईओ सुनील कुमार सिंह, जेएससीए के आजीवन सदस्य सुनील कुमार, सीसीसी कमिटी के सदस्य सुनील कालरा और कोर्डिनेटर सुरेश कुमार ने ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया।

### भंडारा वितरण के साथ मनाया गया गुरु पूर्णिमा महोत्सव

**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे के वितरण के साथ गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया गया। श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एव और स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट रांची के सयुंक्त तत्वाधान मे ट्रस्ट के सदस्यों ने रविवार को अरगोड़ा कटहल मोड स्थित पुंदाग में संस्था के निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर ( मंगल राधिका सदानंद प्रणामी सेवाधाम आश्रम)के परिसर मे 94 वां नि:शुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भोजन भंडारा एवं संस्था के सदस्यों ने गुरु पूर्णिमा महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया।

### श्री चैती दुर्गा मंदिर में किया गया भोग का वितरण

**रांची।** रविवार को श्री चैती दुर्गा मंदिर, भुताहा तालाब के पास भोग का वितरण किया गया। मंदिर के पुजारी सुभाष मिश्रा के नेतृत्व में भोग लगाया गया। इसमें मुख्य रूप से महासमिति के मुख्य संरक्षक किशोर साहू, रमेश सिंह, संजय सिंह ;लल्लू सिंह, राहुल सिंह, नन्द किशोर सिंह चंदेल, राजेश साहू, विशाल कृष्णा, शेखर गुप्ता, दिलीप गुप्ता, राजू चौरसिया, महेंद्र वर्मा ने सक्रिय भूमिका निभायी। यह जानकारी चैती दुर्गा मंदिर समिति के प्रवक्ता नमन भारतीय ने दी है।

### रांची में फैशन प्वाइंट लाइफस्टाइल एग्जिबिशन का आगाज

**रांची।** राजधानी रांची में फैशन प्वाइंट वेडिंग एंड लाइफ स्टाइल लग्जरियस एग्जिबीशन का आगाज होटल कैपिटल हिल में रविवार को हुआ। यह एग्जिबीशन दो दिनों तक चलेगा। इस प्रीमियम शो का उद्घाटन राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश महतो की धर्म पत्नी नेहा महतो ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मेले की जितनी सराहना की जाए कम है। उद्घाटन समारोह में लायंस क्लब ऑफ समर्पण एवं ख्याति बुटीक के सौजन्य से चिकित्सा के क्षेत्र में अपना बहुमूल्य योगदान देने वाले 14 प्रतिष्ठित डॉक्टर्स को सम्मानित किया गया। मौके पर आयोजक रीना अग्रवाल ने कहा कि तीज त्यौहार और वेडिंग सीजन को देखते हुए रांची वासियों के लिए इस प्रीमियम शो का आयोजन किया गया।

### एचइसी मजदूर जनसंघर्ष समिति गठित

**रांची।** एचईसी के कामगारों के हक के लिए सात श्रमिक संगठनों ने एक मंच पर आकर संघर्षरत रहने का ऐलान किया है। इस संबंध में रविवार को एचईसी सुपरवाइजर्स एंड एग्जीक्यूटिव एसोसिएशन के महासचिव ब्रजेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में निर्णय लिया गया। बैठक में एच ई सी में सक्रिय सभी यूनियन के अध्यक्ष एवं महामंत्री को शामिल होने का न्योता दिया गया था। इसमें सात यूनियन के पदाधिकारियों ने भाग लिया। इनमें हटिया मजदूर यूनियन, हटिया कामगार यूनियन, हटिया प्रोजेक्ट वर्क्स यूनियन, एचईसी श्रमिक संघ, हटिया लोकमंच, एचईसी लिमिटेड कर्मचारी श्रमिक यूनियन एवं जनता मजदूर यूनियन शामिल थे। बैठक में सर्वसम्मति से यह तय हुआ कि एचईसी मजदूर जन संघर्ष समिति के बैनर तले सातों यूनियन एक साथ मिलकर कामगारों की लड़ाई लड़ेगी।

स्पीड न्यूज

## राहे के पूर्व मुखिया के निधन पर शोक



**राहे।** प्रखंड के राहे पंचायत के पूर्व मुखिया 80 वर्षीय उपानंद सिंह का निधन रविवार सुबह हो गयी है। ये आजाद भारत में पंचायती राज व्यवस्था के पहले मुखिया थे। 1980 के बाद से पंचायत में विकास की नींव रखने वाले जनप्रतिनिधि के रूप में जाने जाते थे। ये प्रखंड में फुटबॉल खिलाड़ी के रूप में प्रसिद्ध थे। अंतिम कुछ वर्षों में राजनीति में सक्रिय भूमिका में सेवा दिये थे। इनके निधन पर विधायक सुदेश महतो, सांसद संजय सेठ, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, पूर्व सांसद सुबोधकांत सहाय, पूर्व विधायक केशव महतो कमलेश, भाजपा नेता राजाराम महतो ने गहरा शोक व्यक्त किया है। कोकरो नदी घाट में अंतिम संस्कार किया गया।

## रोहनडीह जी टीम टी-10 ने जीता क्रिकेट टूर्नामेंट

**सिकिदिरी।** हरातू में पंचायत स्तरीय टी-10 क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला रविवार को जशपुर और रोहनडीह की टीम के बीच खेला गया। रोहनडीह की टीम ने जशपुर की टीम को सात विकेट से पराजित कर ट्रॉफी अपने नाम कर ली। जशपुर की टीम ने निर्धारित 10 ओवर में 104 रन बनाए थे। रोहनडीह की टीम ने 9 ओवर में तीन विकेट खोकर जीत हासिल कर लिया। विजेता टीम के देव यादव ने हैट्रिक छक्का समेत कुल 10 छक्के लगाए। देव यादव को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। पवन यादव को मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार मिला। विजेता और उपविजेता टीम को मुख्य अतिथि जैलेन्द्र कुमार ने पुरस्कृत किया। मौके पर विशिष्ट अतिथि आजसू जिला उपाध्यक्ष जलनाथ चौधरी, नामकुम की वीणा देवी, इरफान खान, किशोर मुंडा, विजय करमाली, पिन्टू मुंडा, उपस्थित थे।

## नौकरियों मे दूसरे प्रदेश के लोगों की नियुक्ति बर्दास्त नहीं



**अनगड़ा।** आजसू पार्टी के नेताओं ने रविवार को प्रेस कांफ्रेंस करके कहा कि तृतीय और चतुर्थ श्रेणी की नौकरियों में शत प्रतिशत बहाली झारखंड के मूल निवासियों का ही होना चाहिए। दूसरे प्रदेश के लोगों की तृतीय और चतुर्थ श्रेणी की नौकरियों मे नियुक्ति को किसी कीमत पर बर्दास्त नही किया जाएगा। पत्रकार सम्मेलन में नेताओ ने सरकार से मांग की धान बुवाई का सीजन आ गया है इसलिए तत्काल अनुदानित मूल्य पर किसानों को हाईब्रीड धान का बीज और खाद उपलब्ध करावे नेताओं ने बताया कि अनगड़ा के लैम्पसों में अब तक सरकार के द्वारा धान बीज और खाद उपलब्ध नही कर कराया गया है फल स्वरूप किसानों को बाजार से काफी उचे कीमत की खरीदारी करना पड़ रहा है। नेताओ ने कहा कि बहुत सारे ग्रामीण सड़को की हालत मरम्मत के आभाव मे काफी जर्जर हो चुकी है। नेताओं नें इन सड़कों की तत्काल मरम्मत कराने की सरकार से मांग की नहीं तो पार्टी इसके लिए जोरदार आन्दोलन करेगी पत्रकार सम्मेलन में और भी कई जन समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया।

# रातू: सिमलिया में सड़क हादसा हीरामणि पेट्रोल पंप कर्मी की मौत

**अगड़ू का था रंथू उरांव, शनिवार रात की है घटना**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** सिमलिया स्थित हीरामणि फ्यूल्स से काम कर शनिवार की रात 11 बजे मोटरसाइकिल जेएच 01 एस 6749 से घर लौट रहे 31 वर्षीय रंथू उरांव को राम भरोसे होटल के समीप दलादिली की ओर से आ रही सफेद स्विफ़्ट कार जेएच 02 एक्स 8161 ने अपनी चपेट में ले लिया। इससे उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। वह अगडू निवासी स्व चारो उरांव का पुत्र था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के उपरांत उसके परिजनों को सौंप दिया। मृतक के बड़े भाई सुनिल उरांव के बयान पर रातू थाने में कार चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है। कार को जब्त कर लिया गया है। घटना के बाद गांव में मातम पसरा है। मृतक चार भाई.बहन में मंझिल था। उसके परिवार में एक भाई समेत मां बीता उराइन, पत्नी निशा मिंज, पुत्र आदर्श, पुत्री स्नेहा व पल्लवी तथा बहन फूलो और गीता उरांव हैं। फूलो की शादी हो चुकी है। रविवार की दोपहर रिम्स से शव लाया गया। मां, बहन व पत्नी के क्रुदन से माहौल गमगीन था। बच्चे पिता के शव को निहार बिलख रहे थे। इससे सबकी आंखें नम थी। निशा बार.बार बेहोश हो रही थी। रंथू उरांव प्रतीक राइस मील के नजदीक बैजनाथ नगर में मकान बनाकर परिवार के साथ रह रहा था।

### तीन दिन में दो की जान गयी



पंप के ठीक सामने रिंग रोड है। वहां कोई कटअप नहीं है। इसके बावजूद लोग पैदल और मोटर साइकिल से सड़क पार करते हैं। 29 जून की सुबह 9 .30 बजे पश्चिम बंगाल के 24 परगना निवासी एसी मिस्त्री 35 वर्षीय बुलबुल शेख की भी मौत हो गयी थी। उसे अज्ञात पिकअप वेन ने धक्का मार दिया था। असावधानी की वजह से यहां आये दिन दुर्घटनाएं हो रही है। ज्ञात हो कि रिंग रोड के आसपास आये दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। तेज रफ्तार में गाड़ियां आती हैं और असावधानी के कारण दुर्घटना होती है।

### बैंक खाते से उड़ाये 1.65 लाख

**रातू।** थाना क्षेत्र में साइबर गिरोह का तांडव जारी है। कोई भी दिन ऐसा नहीं, जब दो-चार लोग इसके शिकार न होते हों। इस बार अपराधियों ने सेवानिवृत आर्मी काटू निवासी बालेश्वर को निशाना बनाया। उनके मोबाइल पर 6296269200 और 9883827560 नंबर से फोन आया। बिजली बिल अपडेट करने के बहाने ओटीपी मांग उनके बैंक खाते से 1 लाख 65 हजार रुपये की निकासी कर ली गयी। इसके बाद आये मैसेज देख उनके होश उड़ गये। मामले को लेकर भुक्तभोगी की ओर से रातू थाने में अज्ञात के खिलाफ कांड संख्या 268/23 दर्ज करायी गयी है। पुलिस इसकी जांच कर रही है।

# संडे ड्यूटी काटे जाने के विरोध में चूरी परियोजना का काम चार घंटे किया ठप

खबर मन्त्र संवाददाता



### सभी मजदूरों को मिले संडे ड्यूटी

संडे ड्यूटी काटे जाने को लेकर चूरी परियोजना के कामगारों के द्वारा काम बंद किए जाने के मामले पर प्रबंधन के साथ हुई वार्ता के दौरान एसीसी सदस्य सुनील कुमार सिंह ने कहा कि एरिया में प्रबंधन के साथ हुई बैठक में यह सुनिश्चित किया गया है कि सभी मजदूरों को पूर्व की भांति संडे दिया जाए। जिसके लिए सप्ताह में 4 दिन फिजिकल अटेंडेंस जरूरी है।

**खलारी।** संडे ड्यूटी काटे जाने के विरोध में चूरी परियोजना के कामगारों ने लगभग साढ़े चार घंटे तक परियोजना का काम काज ठप किया। परियोजना के कामगारों को संडे ड्यूटी दिए जाने की मांग को कामगार एक जुट होकर काम बंद कर दिया। परियोजना के सारे मजदूर प्रबंधन के खिलाफ प्रदर्शन करते रहे। चुरी परियोजना पदाधिकारी अनुज कुमार के द्वारा दिन साढ़े दस बजे सभी कामगारों को संडे ड्यूटी में बहाल किए जाने के शर्त के बाद काम का शुरू हो सका। सुबह छह बजे से ही कामगार संडे ड्यूटी काटे जाने का विरोध कर रहे थे। इस दौरान श्रमिक प्रतिनिधियों ने कहा कि चूरी परियोजना प्रबंधन मेंटेनेंस को लेकर कोयला उत्पादन ठप होने के वजह से कामगारों को संडे ड्यूटी काट रही हैए जो सरासर गलत है। यही कोयला मजदूर जब खदान में आग लगी थीए तब पूरे तन मन से काम करते हुए खदान को बचाने का काम किया था। अभी भी खदान के अंदर एलएचडी मशीन चालू कर कोयला उत्पादन की तैयारी की जा रही है। जिसके बावजूद भी प्रबंधन संडे ड्यूटी काट रहा है। काम बंद होने की सूचना पर श्रमिक प्रतिनिधि प्रेम कुमारए सुनील कुमार सिंहए अमर भूषण सिंहए गोल्डन प्रसाद यादवए सोनू पांडेए मनीष कुमारए गोविंद चंद्र महतोए धीरज कुमारए दिनेश भर और जेसीएससी सदस्य मनोज कुमार चूरी परियोजना पहुंचे। इस दौरान खान प्रबंधक शैलेश कुमार के द्वारा मजदूरों को कई बार समझाने का प्रयास किया गया। मजदूर अपनी मांग पर अड़े रहे।

# केडीएच के पूर्व पीओ को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

**विदाई समारोह**

खबर मन्त्र संवाददाता



**खलारी।** केडीएच परियोजना कार्यालय में पदस्थापित निवर्तमान परियोजना पदाधिकारी श्री जेणअब्राहाम को पीओ ऑफिस के लिपिक बंधुओं ने सेवानिवृत्ति पर ससम्मान भावभीनी विदाई दिया गया। विदाई समारोह का संचालन अशोक सिंह के द्वारा किया गया। इस दौरान लिपिक बंधुओं ने नव पदस्थापन परियोजना पदाधिकारी ए के सिंह को स्वागत व अभिनंदन किया गया। इससे पूर्व दोनों महोदय को पुष्पगुच्छए माला पहनकरएव अंग वस्त्र देकर स्मृति चिन्ह भेंट किया। पूर्व परियोजना पदाधिकारी श्री अब्राहम केडीएच परियोजना में 30 जुलाई 2021 से 30 जून 23 तक लगभग 2 वर्ष केडीएच ध्डकरा परियोजना के सेवा दिये। साथ ही उनके अवधि में किए गए कई गुणात्मक और रचनात्मक कार्यों का भी बखान किया गया। विदाई समारोह में श्री अब्राहम ने अपने अनुभव के अपने दौर में कार्य कुशलताए संघर्ष की खट्टी मीठी यादों को साझा कियें। इस कार्यक्रम में राघवेंद्र गांधी मैनेजर केडीएचए राजीव रंजन साइडिंग मैनेजरए पी बहरा सेफ्टी ऑफिसरए एस के सिंह सहायक इंजीनियरए इनकी भी सेवानिवृत्ति विदाई व सम्मानित किया गया।

### कार्यक्रम में थे शामिल

परियोजना कार्यालय के लिपिक बंधुओं में शिवदत्त रामएकिशोर प्रधानए बबलू किस्कोए मनोज कुमार झाएबीएएन समानताए राजकुमार सिंहएसंतोष पाण्डेयए अभिषेक गुप्ताएएके जैनएअशोक तूरीए चंदन कुमारएविपिन कुमारए प्रदीप कुमार वर्माए सुंदर कुमारए योगेंद्र भोगताए रामपुकार नोनियाएमेहंदी हसन खानएजे एन गंझूए नबी मियाए ललिता देवीए तारामणि कुजूरए मुनिता देवीए विमला प्रसादए सावित्री देवीएमनीषा कुमारीएसालों देवीए रेशमी गंझूए कविता कुमारीएसीता देवीएनीतू कुमारी सहित अन्य उपस्थित रहें।

## पुरियो पंचायत में हुई विशेष ग्राम सभा की बैठक



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के पुरियो पंचायत भवन में रविवार को विशेष ग्रामसभा बैठक का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख सह स्थानीय पंचायत समिति सदस्य विनीता कच्छप ने ग्रामसभा में उपस्थित ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी, साथ ही ग्रामसभा को मजबूत करने हेतु जोर दिया और ग्रामीणों से आग्रह किया कि अपने साथ कम से कम 10 लोगों को लेकर ग्रामसभा में आएं। इस मौके पर 9 दीदी बाड़ी योजना, 1आम बगवानी का चयन किया गया। इस अवसर पर विजय, टी.आर. आई. एफ से लक्ष्मी कुमारी,सुनील भगत सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

**एक नजर में**

## मैट्रिक परीक्षा में टॉपर विद्यार्थी सम्मानित




**इटकी।** नेशनल हाई स्कूल परिसर में रविवार को विद्यालय टॉपर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। नेशनल पब्लिक वेलफेयर एंड एजुकेशन सोसाइटी द्वारा आयोजित समारोह में जैक बोर्ड के मैट्रिक परीक्षा में विद्यालय टॉपर के अलावा प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। फरहत अनाज 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर रही। जबकि सुलेन्दर उरांव व सबा आफरीन 85 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय व साहिल राजा 78 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। मौके पर विद्यालय के निदेशक जिब्राइल अंसारी ने विद्यार्थियों की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आगे की पढ़ाई में आप लक्ष्य निर्धारित कर अनुशासन में रहते हुए कड़ी मेहनत करें सफलता आप की कदम चूमेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता हाजी महमूद अंसारी व संचालन गुलजार अंसारी ने किया। मौके पर मौलाना रशीद अहमद, मौलाना अयूब कासमी, मास्टर इरफान अहमद, मोहम्मद सुनाउल्लाह, नईम अहमद मौजूद थे।

## विस्थापितों को रोजगार से जोड़ेगा एकता मंच



**खलारी।** केडीएच कोल डंप से ग्रामीण विस्थापित प्रभावित रैयतों को रोजगार से जोड़ने के लिये एकता मंच कार्यलय परिसर में बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता पश्चिमी जिला परिषद सरस्वति देवी ने किया गया। वही बैठक का नेतृत्व निर्मला उराँव ने किया। बैठक में केडीएच परियोजना के कोल डंप से रोड सेल देकर रोजगार से जोड़ने के महत्वपूर्ण चर्चा किया गया। बैठक के दौरान चर्चा में ग्रामीणों विस्थापित प्रभावित रैयतों को डेयरी के माध्यम से जोड़ने का कार्य किया जायए अथवा रोजगार चालू होने से जितने भी मजदूर विस्थापितए प्रभावितएरैयतों को रोजगार से जोड़ने के कार्य वेलफेयर ट्रस्ट के रूप में मान्यता प्राप्त एकता मंच के द्वारा किया जाएगा।मौके पर खलारी पंसस किरण देवीएरामप्रीत यादवए शाहिद अंसारीएफागु गंझुएलुरका गंझुए इसराइल अंसारीएशिवराम महलीएरिता कश्यपए सीमा कश्यपएमंगलाल गंझूए ईशा खातूनए नसीम अख्तरएचैता गंझूएसाबिर अंसारीएहसन अंसारीएआजाद अंसारीएमहावीर गंझू साथ ही हजारों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## विधायक ने पद्मश्री सिमोन उरांव से उनके घर जाकर हालचाल जाना



**बेड़ो।** मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने क्षेत्र के गौरव जलपुरुष पद्मश्री सिमोन उरांव के बेड़ो स्थित जामटोली रोड के आवास पहुंचकर उन्होंने पद्मश्री सिमोन उरांव से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने पद्मश्री जलपुरुष सिमोन उरांव से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और पद्मश्री के जल्द स्वास्थ्य की कामना की। इधर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने टेरो पंचायत के इडरी गांव में पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता फूलमोन उरांव के आवास पहुंचकर उनसे मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली।

# केंद्र की योजनाओं में अड़ंगा डाल रही राज्य सरकार : सांसद

**सांसद संजय सेठ ओरमांझी के सुदूरवर्ती गांव पहुंचे**

खबर मन्त्र संवाददाता



**ओरमांझी।** भारतीय जनता पार्टी की जनसंपर्क से जनसमर्थन कार्यक्रम के तहत सांसद संजय सेठ रविवार को ओरमांझी प्रखंड के कई सुदुरवर्ती गांव पहुंचे। उन्होने सदमा, सदमाजरा, हेंदेबीली, आरा, केरम सहित कई गांव में जाकर लोगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नौ साल बेमिसाल कार्यकाल की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकरी दी, और कहा आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज भारत को विष्व पटल की उंचाई तक पहुंचा दिया है। देष की जनता का समर्थन ही भाजपा कार्यकताओं को उर्जा प्रदान कर रही है। झारखंड के विकास के संबंध में उन्होने कहा राज्य सरकार द्वारा केन्द्र सरकार की कई महत्वपूर्ण योजनाओं को धरातल में उतरने में अड़चने पैदा की जा रही है। आरा-केरम पहुंचे सांसद से गांव की दीदियों ने बताया कि वे लोग सिलाई से झोला सहित कई सामान तैयार करती हैं। सरकार के द्वारा 40 सिलाई मषीन भी मिले हैं। लेकिन भवन नही होने के कारण सभी मषीन पड़े है। वहीं उपस्थित सीसीएफ सिद्धार्थ त्रिपाठी ने बताया कि आरा केरम एक विषेष गांव हैं। जहां गांव के विकास मॉडल के रूप में प्रयोग किया जा सकता है। संजय सेठ ने जल्द गांव आने व भवन निर्माण कराने का अष्वासन दी, और कहा जो प्रषिक्षित दीदियों को रोजगार से जोड़ा जाएगा। उन्होने भाजपा को जनसमर्थन करने की अपील भी की।

### कार्यक्रम में थे मौजूद

कार्यक्रम में महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आरती कुजूर, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, एसटी मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष सह सदमा मुखिया सुनील उरांव, टुंडाहुली मुखिया रमेष बेदिया, ओरमांझी मुखिया दीपक बड़ाइक, उप मुखिया संतोष गुप्ता, एसी मोर्चा प्रदेश सोशल मीडिया सह प्रभारी नीरज नायक, रोहित साहू, संतोष गुप्ता, ग्रामप्रधान गोपालराम बेदिया, रामलखन बेदिया, किसान गनसू महतो, किषोर भंडारी, लालमोहन करमाली, रामबृक्ष नायक, जयकिषुन महतो, नरेष साहू, विनोद साहू, धनंजय गोस्वामी, मोहन भंडारी, सुनील बेदिया, रामेष्वर बेदिया, रविंद्र करमाली, सीमा देवी सहित समुह की दीदियां सहित स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

## बस सेवा के लिये 225 स्टूडेंट्स ने कराया रजिस्ट्रेशन



**सोनाहातू।** विधायक सुदेश महतो के द्वारा कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के लिये नि:शुल्क बस सेवा चालू किया जाना है। कॉलेज में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स के लिये रोजाना सुबह टांगटांग चौक से बस खुलेगी जो जाड़ेया, जामुदाग, सोनाहातू होते हुये बुंडू तथा रांची जायेगी। बस अत्याधुनिक तकनीक से लैस होगा। रविवार -सोमवार को सोनाहातू प्रखंड मुख्यालय ओर बारेंदा पंचायत सचिवालय में रजिस्ट्रेशन शिविर आयोजित किया जाना है। रविवार को पहले दिन 225 छात्र-छात्राओं ने रजिस्ट्रेशन कराया। बारेंदा में 106 ओर सोनाहातू मुख्यालय में 119 छात्र-छात्राओं ने रजिस्ट्रेशन कराये। रजिस्ट्रेशन के बाद बस का पास निर्गत किया जायेगा। पास के माध्यम से बच्चे रोजाना बुंडू या रांची जाकर पढ़ाई कर सकते है। रजिस्ट्रेशन कैम्प में जिला प्रवक्ता श्याम कुमार महतो, पूर्व जिप उपाध्यक्ष चितरंजन महतो,केंद्रीय सचिव संजय कुमार महतो,सुषेण प्रमाणिक,रुपकुमार साहु,बसन्त मंडल,नवीन कुमार महतो, अशोक महतो, जिस्ट्रेशन अधिकारी के रूप में जाफर जावेद,शादा अख्तर,मो. अहमद,रीतिक कुमार आदि मौजूद थे।

# वेतन विसंगति को लेकर सीएमओएआइ ने आंदोलन की दी चेतावनी

खबर मन्त्र संवाददाता




**पिपरवार।** कोल माइंस आफिसर्स एसोसिएशन सीएम ओएआईद्ध सीसीएल शाखा कार्यकारिणी समिति की बैठक माइंस रेस्क्यू स्टेशन रामगढ में सम्पन्न हुई। इस बैठक में कोल माइंस ऑफिसर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं सभी क्षेत्रों से एसोसिएशन के प्रतिनिधि सभा शामिल हुए। बैठक में मुख्य रूप से गैर अधिकारी वर्ग को एनसीडब्ल्यूए में न्यूनतम प्रदत लाभ दिए जाने से अधिकारी वर्ग के वेतन में उत्पन्न विसंगति के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में एसोसिएशन की अध्यक्षता कर रहे दीनानाथ सिंह ने गैर अधिकारी वर्ग के वेतन वृद्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उम्मीद जताया गया कि डीपीई के तहत भारत सरकार के दिशा निदेर्शों का अनुपालन करते हुए अधिकारी वर्ग के वेतन विसंगति को कोयला मंत्रालय तथा कोल इंडिया प्रबंधन द्वारा अति शीघ्र दूर करने की मांग की गई। बैठक में अधिकारी वर्ग को आश्वस्त करते हुए उन्होंने कहा पत्र के माध्यम से कोल इंडिया प्रबंधन और कोयला मंत्रालय को अधिकारियों की वेतन विसंगति को दूर करने को लेकर 15 दिनों का अल्टीमेटम दिया जाएगा। इस अवधि के दौरान मांगे नहीं पूरी होने पर कोल माइंस ऑफिसर्स एसोसिएशन चरणबद्ध आंदोलन करने को बाध्य होंगे। बैठक में मुख्य रुप से सीसीएल ब्रांच से एस सत्यनारायणा ए सीसीएल उपाध्यक्ष एस के सिंहए पिपरवार अध्यक्ष डी पी रायए सचिव सबाजीत हलधरए आर के सिन्हाए अभिषेक आनंद ए सहित काफी संख्या में एसोसिएशन के अधिकारी उपस्थित थे ।

# बच्चों के जन्म महोत्सव पर ग्रामीण लगायेंगे पौधे

**ग्रामीणों ने नई परंपरा शुरू कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश**

खबर मन्त्र संवाददाता



रक्षासूत्र बांध परंपरा की शुरूआत करती मांताएं।

**ओरमांझी।** छोटानागपुर आदिवासी ईगल क्लब, महूरमटोली बूटी मोड़ द्वारा एक पौधरोपन कार्यक्रम आयोजित कर अपने बच्चों के जन्मोत्सव पर पौधा लगाने की शुरूआत कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। रविवार को अपने बच्चों के जन्मोत्सव पर पौधा लगाने की नई परंपरा का शुरूआत बूटी के ग्रामीणों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अपने बच्चों के साथ पहुंचे लागों ने आम, जामुन, लीची, कटहल, शीशम, गमहार, बेल, सखुआ आदि के पौधे लगाए। वहीं उपस्थित माताओं ने भी पेड़ों में रक्षा सूत्र बांधे और पेड़ व पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया और इस परंपरा को निभाने की शपथ भी ली। इसकी जानकारी जनजागृति मंच के रामेष्वर प्रसाद और बताया कि अब से गांव में जिनके यहां बच्चे का जन्म होगा, वे अपने बच्चे के नाम पर पौधा लगाएंगे और पौधे को पेड़ बनने तक उसकी देखभाल भी करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड एकेडमिक काउंसिल के सदस्य दीपचंद कश्यप ने शुरू की गई। इस नई परंपरा की प्रशंसा करते हुए कहा हर कोई अपने बच्चों का जन्मोत्सव उत्साहपूर्ण मनाते हैं। उसी उत्साह से अब अपने बच्चों के जन्मोत्सव में पौधा लगाना एक अच्छी पहल है। इस पहल की सभी को अमल करना चाहिए।

### कार्यक्रम में थे मौजूद

कार्यक्रम में माय-माटी 1932 खतियान झारखंड प्रदेश सह छोटानागपुर आदिवासी ईगल क्लब के अध्यक्ष संजय कुमार महतो, महिला समिति के प्रमुख सरिता देवी, सरना समिति के अध्यक्ष दिलीप उरांव, जन जागृति मंच अध्यक्ष जितेंद्र कुमार महतो, आनंद गोप, सूरज ओहदार, योगेश महतो, रोहित महतो, देवांशुमान कुमार, रिंकी कुमारी, सलोनी कुमारी, विनीता देवी, पंचम देवी, भुगली देवी, मंजु देवी, सबिता देवी, खुशी कुमारी, प्राची कुमारी, साक्षी कुमारी, रुपेश कुमार, काली कुमार ,अंकित कुमार, सागर कुमार, बेबी कुमारी, संजय कश्यप, रितलाल कुमार, राहुल कुमार, आनंद कुमार, कृष्ण कुमार, मधुप कुमार व ग्रामीण उपस्थित थे।

# मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**पातर मुंडा समाज ने किया सम्मानित**

खबर मन्त्र संवाददाता



**तमाड़।** पातर मुंडा समाज द्वारा राजबाड़ी प्रांगण तमाड़ में प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि कमांडेंट झारखण्ड सरकार, हरिहर सिंह मुंडा, विशिष्ट अतिथि डिप्टी कलेक्टर गिरेंद्र टूटी, तमाड़ राजा कुमार महेन्द्र नाथ सहदेव शामिल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विशेश्वर पातर ओर मंच का संचालन राकेश पातर द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में तमाड़, इचागढ़ एवं सिल्ली विधानसभा क्षेत्र पातर मुंडा समाज समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को मैट्रिक एवं इंटर परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। मेधावी छात्र-छात्राओं को मंच में पुरुस्कृत कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से हीकीम सिंह मुंडा, देवनारायण मुंडा, सत्येंद्र सिंह मुंडा, विमल पातर, यादव लाल मुंडा, शंभूशरण सिंह मुंडा, लालमोहन मुंडा, मनोज मुंडा, नन्दलाल मुंडा, दिनेश मुंडा, मनोहर मुंडा, धन्नजय मुंडा, मनोज पातर, गुरुदेव सिंह मुंडा, मृत्युंजय पातर, राम अयोध्या पातर, रामजीवन पातर, नंदलाल पातर, गोविंदा मुंडा, सुखराम मुंडा, संतोष मुंडा, अनिता नाग, सीता देवी, छाया पातर आदि मौजूद थे।

## कब जुड़ेंगी नदियां!

राष्ट्रीय महत्व की केन-बेतवा नदियों को जोड़ने वाली परियोजना को मंजूरी मिली है लेकिन इस पर काम धीमा है। पूरे देश में हाहाकार है एक ओर बाढ़ तो दूसरे ओर सुखाड़ का संकेत मिल रहा है। असम में डूबें जिले और झारखंड में जल संकट। निस्संदेह इस परियोजना के अस्तित्व में आने से जहां लाखों हेक्टेयर में सिंचाई हो सकेगी, वहीं प्यासे बुंदेलखंड की प्यास भी बुझेगी। जहां प्रगति के द्वार खुलेंगे, वहीं क्षेत्र से लोगों का पलायन रुकेगा, जो आने वाली पीढ़ियों की दुश्वारियों का अंत करेगी। समाज व सरकार की सक्रिय भागीदारी योजना के क्रियान्वयन में तेजी लायेगी। इस परियोजना से जहां दोनों राज्यों के अंतर्गत आने वाले बुंदेलखंड के 10.62 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई संभव होगी, वहीं 62 लाख घरों को पेयजल उपलब्ध कराया जा सकेगा। आने वाले समय में मौसम परिवर्तन को ध्यान में रखकर हमारी जल समृद्धि को और अधिक बढ़ाना आवश्यक होगा। यूपीए सरकार के दौरान 2005 में उत्तर प्रदेश व मध्यप्रदेश में समझौता हुआ था। जल शक्ति मंत्रालय की कोशिश है कि जलवहन प्रणाली के माध्यम से मानसून अवधि में जल का संग्रहण करके गैर मानसून अवधि में पानी का उपयोग किया जा सके। राज्य सरकारों की प्राथमिकता में जल संसाधनों का संरक्षण व संवर्धन शामिल ही नहीं रहा है। जल अपव्यय रोकने और कुशल जल प्रबंधन में कामयाब नहीं रहे हैं। एक ओर भीषण बाढ़ तो दूसरी ओर सुखाड़ मानो देश की नियति है। यह हमें खाद्य संकट और भूखमरी की ओर ले जा सकता है। झारखंड भी एक पठारी राज्य है यहां भी सोन, गंगा, दामोदर, स्वर्णरेखा , कोयल, खरकई सहित सैकड़ों नदियां जिनका उपयोग अधिक से अधिक हो और बरसात में इनके जल का संरक्षण हो इस दिशा में ठोस कार्य करने की जरूरत है।

## शराबबंदी पर विमर्श

सवाल है कि इसके नियमन और निगरानी की जिम्मेदारी किसकी थी? अब लोगों की जान जाने की घटना के तूल पकड़ने के बाद एक रस्मी कार्रवाई के तहत कुछ पुलिसकर्मियों को निलंबित करके सरकार की ओर से सख्ती बरतने का संदेश दिया गया है। लेकिन नाहक लोगों के मारे जाने के बाद इस तरह की औपचारिक कार्रवाइयां क्या ऐसी घटनाओं पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए काफी हैं? ऐसा नहीं है कि इस तरह की यह कोई पहली घटना है जिसमें लोगों ने विषाक्त शराब पी ली हो और उसमें कई परिवारों पर दुख का पहाड़ गिर गया।आखिर ऐसा पुलिस और प्रशासन के संबंधित और जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही या मिलीभगत के बिना कैसे संभव हो सकता है?अफसोस की बात यह है कि देश भर में जहरीली शराब से मौत की घटनाएं आज एक गंभीर समस्या बन चुकी है, जो महज इसलिए हो रही हैं कि कुछ लोग बेलगाम मुनाफा कमाना चाहते हैं और इसके नियमन और रोकथाम के लिए जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारी या पुलिस महकमे के अफसर किसी सौदेबाजी या फिर लापरवाही के चलते अपनी आंखें मूंदे रहते हैं। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि देश के जिन राज्यों में शराब पर कानूनन पाबंदी है, वहां भी विषाक्त शराब पीकर लोगों की मरने की घटनाएं अक्सर सामने आती हैं। आखिर यह सब किसकी अनदेखी और किसके संरक्षण में चलता है? कायदे से देखें तो किसी भी कोने में कोई छोटा कारोबार करने वाला भी पुलिस और प्रशासन की निगरानी की जद में होता है। जरूरत पड़ने पर पुलिस कहीं भी छिपे आरोपियों या अपराधियों को खोज निकालती है। आखिर बिहार हो या गुजरात जिन राज्यों में प्रतिबंध हैं वहां भी शराब आसानी से मिलती है, बिकती है और इन्हें संरक्षण भी प्राप्त है। शराब की नियंत्रित बिक्री और पूर्ण प्रतिबंध पर विमर्श जरूरी है।

# आदिपुरुष समाज के लिए भी एक सबक है



**श्रीराम** व रामायण की लोकप्रियता का आधार केवल उस समय के नैतिक जीवन मूल्य ही नहीं, बल्कि भगवान वाल्मीकि जी व तुलसीदास जी द्वारा अपनी रचनाओं में प्रयुक्त शब्दों का माधुर्य, सौम्य शैली, शालीन संवादकला, देश, काल और वातावरण की गहन समझ भी बहुत बड़े कारण हैं।

यह स्वागतयोग्य है कि ह्यआदिपुरुषह्व फिल्म के लेखक मनोज मुंतशिर व निर्देशक ओम राऊत ने विवादित संवाद हटाने की बात कही है। इन संवादों से पूरी फिल्म आलोचना के केन्द्र में आई और धार्मिक-राजनीतिक मंचों से लेकर सोशल मीडिया पर भी इसकी खूब निन्दा हुई। भगवान श्रीराम के जीवन पर बनी एक फिल्म को संवादों के कारण विवाद का सामना करना पड़ा यह दुखद है, परन्तु भूल सुधार के बाद आशा है कि अब बवंडर थम जाना चाहिए। वैसे इस विवाद से न केवल फिल्म निमार्ताओं बल्कि लेखन व मंच से जुड़े हर व्यक्ति को बहुत कुछ सीखने की आवश्यकता है। कला व लेखन में नवाचार सराहनीय है, पर इसका अर्थ ये नहीं कि किसी महापुरुष, देवी-देवता या ग्रन्थ से जुड़े तथ्यों व मयार्दा का उल्लंघन हो।

दुनिया में श्रीराम व रामायण की लोकप्रियता का आधार केवल उस समय के नैतिक जीवन मूल्य ही नहीं, बल्कि भगवान वाल्मीकि जी व तुलसीदास जी द्वारा अपनी रचनाओं में प्रयुक्त शब्दों का माधुर्य, सौम्य शैली, शालीन संवादकला, देश, काल और वातावरण की गहन समझ भी बहुत बड़े कारण हैं। वाल्मीकिकृत रामायण हो या तुलसीदास जी की रामचरितमानस, कोई एक बार पढ़ना शुरू करे तो पाठक न केवल उस युग में पहुंच जाता है बल्कि आत्मिक आनन्द के सरोवर में उतर जाता है।

एतिहासिक व पौराणिक विषयों पर लेखन कैसा हो इसको लेकर एक घटना बीआर चोपड़ा द्वारा निर्मित महाभारत धारावाहिक से जुड़ी है जो लेखकों के लिए प्रकाशस्तम्भ बन सकती है। जब चोपड़ा जी ने घोषणा कर दी कि महाभारत की पटकथा और संवाद राही मासूम रजा लिखेंगे तो उनके पास पत्रों का ढेर लग गया कि हिन्दू सारे मर गए हैं क्या, जो एक मुसलमान से लिखवा रहे हो? चोपड़ा जी ने ये बात रजा जी को बताई परन्तु उन्होंने इस बात को नजरंदाज कर अपना काम जारी रखा। आज 35 साल हो गए हैं, लेकिन क्या कोई ये कह सकता है कि रजा जी जैसे मुसलमान के लिखे संवादों में कोई कमी पेशी रह गई हो? महाभारत के संवाद लिखते समय लगता था कि मां सरस्वती स्वयं उनकी कलम पर विराजमान हो जाती रही होंगी। पात्रों के संवाद लिखते हुए रजा साहब घंटे छोड़िये कई-कई दिनों के लिये स्वयं को कमरे में बन्द कर लेते थे और अपना मन महाभारतकाल में ले जाते। भगवान श्रीकृष्ण के गुरु संदीपनि ऋषि के आश्रम वाले दृश्य लिखने के लिये वे सच में उज्जैन चले गए। उन्होंने महाभारत युद्ध के संवाद कुरुक्षेत्र के मन्दिरों में बैठकर लिखे, तब जाकर महाभारत एतिहासिक धारावाहिक बन पाया। कहने का भाव है कि इतिहास लिखने से पहले उस युग को जीना पड़ता है। शब्दों में माधुर्य, शैली में शालीनता लानी पड़ती है, जनभावनाओं को सामने रख कर कलमयज्ञ करना पड़ता है और तभी जाकर आप इतिहास व पौराणिक लेखन से न्याय कर पाते हैं।



-राकेश सैन

> अपना अतीत में भगवान श्रीराम के नाम पर अनेकों फिल्में व धारावाहिक बने और सभी ने सफलता के शिखरों को छुआ। कोरोनाकाल में दूरदर्शन पर दोबारा से रामानन्द सागर कृत रामायण धारावाहिक दिखाया गया तो उसने एक बार फिर लोकप्रियता के नए कीर्तिमान स्थापित कर दिए। आदिपुरुष से भी उम्मीद थी परन्तु छोटी-सी चूक ने किरकिरी करवा दी।

अतीत में भगवान श्रीराम के नाम पर अनेकों फिल्में व धारावाहिक बने और सभी ने सफलता के शिखरों को छुआ। कोरोनाकाल में दूरदर्शन पर दोबारा से रामानन्द सागर कृत रामायण धारावाहिक दिखाया गया तो उसने एक बार फिर लोकप्रियता के नए कीर्तिमान स्थापित कर दिए। अब एक लम्बे अन्तराल के बाद भगवान श्रीराम पर आई आदिपुरुष से भी उम्मीद थी कि चलो किसी ने फिर रामायण को फिल्म का विषय बनाया परन्तु छोटी-सी चूक ने किरकिरी करवा दी। लोगों को इस कथानक पर आधारित फिल्म की कितनी प्रतीक्षा थी इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि फिल्म ने पहले ही दिन 140 करोड़ का व्यवसाय किया परन्तु विवाद के बाद उन्हीं लोगों को निराशा हाथ लगी। फिल्म को देख कर ऐसा लगता है कि लेखक ने रामायण क्या है, उसके अर्थ क्या हैं, वो युग कैसा था, अयोध्या कैसी थी, शायद ये सब सोचना भी जरूरी नहीं समझा।

लेकिन पूरे प्रकरण से एक अच्छी बात सामने आई है कि हिन्दू समाज आस्थावान तो है मगर ऐसा धर्मान्धा नहीं कि धर्म के नाम पर हर चीज व हर बात को मान ले। आदिपुरुष के संवाद लेखक शायद भूल गए कि लोग चाहे रावण को खलनायक मानते हैं परन्तु इसका अर्थ यह भी नहीं कि उसके लिए गाली गलौच वाली भाषा का प्रयोग किया जाए और वह भी हनुमान जी के श्रीमुख से। सुन्दरकाण्ड में रावण के सामने हनुमान जी ने जिस कूटनयन योग्यता व शालीन भाषा का प्रयोग किया वह आज भी विदेश नीति के विद्यार्थी के शोध का विषय बन सकती है। फिल्म के संवाद केवल भाषागत अशिष्टता का विषय नहीं बल्कि खतरनाक बात यह है कि कुछ समय बाद यही तथ्यहीन बातें आगे जा कर प्रामाणिक मानी जाने लगती हैं। हिन्दू विरोधी व धर्म को अफीम कहने वाले तो वैसे भी ऐसे अवसरों की प्रतीक्षा में रहते हैं, इससे उन्हें हिन्दू आस्था पर आघात करने का नया अवसर मिलता है।

लेकिन अब जब इन विवादित संवादों को वापस लेने की घोषणा की जा चुकी है तो इसका स्वागत होना चाहिए। कुछ संवाद विवादित होने का अर्थ ये नहीं कि फिल्मकारों का पुरुषार्थ ही गलत है या उनकी भावनाओं में खोट है। मनोज मुंतशिर ने ट्विटर पर ठीक ही लिखा है कि ह्यआदिपुरुष में 4000 से भी ज्यादा पंक्तियों के संवाद मैंने लिखे, 5 पंक्तियों पर लोगों की भावनाएँ आहत हुईं, उन सैंकड़ों पंक्तियों में जहां श्रीराम का यशगान किया, माँ सीता के सतीत्व का वर्णन किया, उनके लिए प्रशंसा भी मिलनी थी, जो पता नहीं क्यों मिली नहीं।

देखने में आ रहा है कि फिल्म का विरोध करने वाले दो तरह के लोग हैं। आस्थावानों के विरोध का स्वागत है परंतु कुछ लिबरल वामपंथी शक्तियां इसलिए अधिक ऊंची आवाज में चिल्ला रहे हैं ताकि भविष्य में कोई फिल्मकार या लेखक हिन्दू मानबिन्दुओं पर लिखने से बचे। ज्ञात रहे कि रामानन्द सागर और बीआर चोपड़ा को भी इन वामपंथी

## खास बात

### बेहाल मजदूर

नागेन्द्र सिंह

**किसी** भी समाज, देश संस्था और उद्योग में काम करने वाले श्रमिकों की अहमियत किसी से भी कम नहीं आंकी जा सकती। इनके श्रम के बिना औद्योगिक ढांचे के खड़े होने की कल्पना नहीं की जा सकती। दिहाड़ीदार मजदूर की गतिविधियों या डेटा के संग्रह को किसी कानूनी प्रावधान के तहत संजोकर नहीं रखा जाता है मतलब ये की सरकार इनका खाता नहीं रखती है। इन दिहाड़ीदार मजदूरो/अनौपचारिक / असंगठित क्षेत्र का जीडीपी और रोजगार में योगदान के मामले में भारतीय अर्थव्यवस्था में प्रमुख स्थान है। देश के कुल श्रमिकों में से, शहरी क्षेत्रों में लगभग 72 प्रतिशत दिहाड़ीदार/अनौपचारिक क्षेत्र में लगे हुए हैं।

शहरी विकास में दिहाड़ीदार/अनौपचारिक क्षेत्र का महत्व बहुत ज्यादा है. भारत के आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार लगभग 500 मिलियन श्रमिकों के भारत के कुल कार्यबल का लगभग 90% अनौपचारिक क्षेत्र में लगा हुआ है। यही नहीं प्रवासी दिहाड़ीदार मजदूर न केवल आधुनिक भारत, बल्कि आधुनिक सिंगापुर, आधुनिक दुबई और हर आधुनिक देश का निमार्ता है जो आधुनिकता की ग्लैमर सूची में खुद को ढालता है। भारत में शहरी अर्थव्यवस्था विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के अनुरूप है, जो अनौपचारिक श्रमिकों दिहाड़ीदार मजदूरों और असंगठित क्षेत्र द्वारा लाइ गई है। आधुनिक अर्थव्यवस्था के पहियों को चालू रखने के लिए फ्रंट-एंड इंडिया को दैनिक जरूरत का समर्थन प्रदान करता है। फैक्ट्रियां, औद्योगिक इकाइयां, होटल, रेस्तरां और कई अन्य प्रतिष्ठान, भले ही बड़े नाम और उनके प्रसिद्ध संचालकों के बावजूद ऐसे श्रमिकों या दिहाड़ीदारों पर निर्भर करते हैं। ये अलग-अलग कार्यों के लिए आते हैं। उबर और ओला ड्राइवर,राजमिस्त्री, बढ़ई, फूड डिलीवरी बॉय, पेंटर, प्लम्बर और कई अन्य हैं। प्रवासन आय में सुधार, कौशल विकास, और स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा जैसी सेवाओं तक अधिक पहुंच प्रदान करने जैसे कार्यों में मदद कर सकता है। इसके बावजूद ये दिहाड़ीदार बहुत सी समस्यों से घिरे हुए है।

**केंद्रीय** कैबिनेट द्वारा चीनी सीजन 2023-24 हेतु गन्ना किसानों के लिए गन्ने के अब तक के उच्चतम उचित और लाभकारी मूल्य (के आरएफ) को ?315 प्रति क्विंटल करने की स्वीकृति प्रदान करने का निर्णय अत्यंत सराहनीय है।

-अनुपम खेर

## आपके ट्वीट

**अरण्य** अनेक सभ्यता संस्कृति व लोकोपकारी वृत्तियों के जनक हैं !रामायणमहाभारत,वैदिक ऋचाओं और उपनिषदों का उद्गम अरण्यों में ही हुआ है ! अतः जैव जगत के अभ्युत्थान हेतु वन-उपवनों का अभिरक्षण हो !

-स्वामी अवधेशानंद गिरी





**ज्ञान** के माध्यम से किसानों को सशक्त बनाने का अभिनव प्रयास !बीएससी और एमएससी कार्यक्रमों के लिए प्राकृतिक खेती का एक कोर्स बना जो भविष्य के कृषकों को टिकाऊ खेती के कौशल से सुसज्जित करता है। -अन्नपूर्णा देवी केन्दीय मंत्री

## खर-दूषण वध

धर्म-प्रवाह

स्वामी सत्यांनदजी परमहंस

**श्री राम** ने लक्ष्मण से कहा आप सीता को लेकर गुफा में चले जाए। और गुफा के मुहाने पर धनुष बाण लेकर खड़ा हो जाए। राक्षण दूर नजर आये तो वाण से मार दें और नजदीक आये तो तलवार से मौत की घाट उतार दीजिए शेष मैं देखता हूं। ऐसा कहकर राम ऊंची टीला पर चढ़ गये। उन्होंने देखा कि आगे-आगे शूर्पनेखा है और उसके पीछे खर-दूषण सहित पूरी सेना चली आ रही है। दूर से ही शर्पूनेखा ने दिखायी कि वे देखों जो टीला पर खड़ा है वही बड़ा है। राम ने देखा कि वे दस हजार की संख्या में है मैं किसको-किसको बाण मारूंगा तब तक वे यहां भी आ सकते हैं। हो सकता है निसाचर लोग सीता तक चली जाए। इसलिये उन्होंने गंदर्भ विद्या का प्रयोग किया। इसके प्रभाव से राक्षसी सेना को एक दूसरे में ही राम दिखने लगे और उनकी आंख की पुतलियों में राम की तस्वीर आ गयी। इसका परिणाम यह हुआ कि राक्षस गण एक दूसरे को ही मारने लगे। थोड़ी ही देर में एक दूसरे को मारकर दस हजार सैनिक मारे गये। खर-दूषण पर इस जादू का असर नहीं हुआथा। उसने कहा कि अरे इसने तो जादू का खेल खेला। लेकिन तुम्हारे जादू के खेल से हमलोग नहीं मरने और डरने वाले हैं। तुमको असली लड़ाई लड़नी पड़ेंगी। इसके पहले वो कुछ कर पाते राम ने दोनों का वध कर दिया। अलग टीले पर बैठकर शूर्पणखा सब कुछ देख रही थी। इतना देखने के बाद वो सीधे लंका गयी और रावण से डांटकर पूछा- तुम क्या करते हो?

ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम

## कॉर्टून वर्ल्ड




# कृषि के विकास के लिये राज्यों को विश्वास में लिया जाए

सुधांशु कुमार

**कृषि** कानूनों की वापसी के बाद कृषि क्षेत्र में आगे बढ़ें। इसका सबसे अच्छा तरीका यही होगा कि राज्य सरकारों को नेतृत्व करने दिया जाए। इससे पहले भी केंद्र राज्यों को अलग-अलग स्तर की सफलता के साथ अपने कृषि विपणन कानूनों में सुधार के लिए प्रोत्साहित करने के लिए बार-बार प्रयास कर चुका है। जहां तक किसानों को लाभकारी मूल्य उपलब्ध कराने की बात है, इसके लिए कई तरह के उपाय अपनाने होंगे। ऐसे उपायों के तहत सरकारी खरीद का जारी रहना इसका एक हिस्सा हो सकता है। इसके साथ-साथ सरकार सहकारिता या किसान उत्पादकों को मूल्य श्रृंखला में भागीदारी के लिए भी प्रेरित कर सकती है। 23 नवंबर को लोकसभा बुलेटिन में तीन नए कृषि कानूनों को रद करने के लिए संसद के शीतकालीन सत्र में विधेयक प्रस्तुत किए जाने हेतु 'द फार्म लाज रिपील बिल, 2021' सूचीबद्ध किया गया है। इस विधेयक को 29 नवंबर से शुरू हो रहे शीत सत्र के पहले दिन ही पेश करने की तैयारी है। 19 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुपर्व के पवित्र दिन राष्ट्र के नाम संबोधन में तीनों कृषि कानूनों की वापसी का ऐलान किया। उन्होंने देशवासियों से क्षमा मांगते हुए कहा कि शायद हमारी तपस्या में ही कोई कमी रह गई होगी, जिसके कारण दिए के प्रकाश जैसा सत्य, कुछ किसान भाइयों को हम समझा नहीं पाए। तीनों कानूनों को वापस लेने के ऐलान के बाद भी आंदोलन न खत्म करते हुए

सामयिक

आंदोलनकारी किसानों ने 22 नवंबर को लखनऊ में महापंचायत करके सरकार के सामने आंदोलन समाप्त करने के लिए कई मांगें रख दी। इनमें न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को लेकर कानूनी गारंटी, बिजली संशोधन बिल वापसी, पराली जलाने पर जुमार्ने के प्रावधानों को समाप्त करना आदि शामिल हैं। वस्तुतः किसान नेता अब जिन नई मांगों को लेकर सामने आए हैं। वे अव्यावहारिक हैं। निश्चित रूप से प्रधानमंत्री की यह पहल स्वागत योग्य है कि उन्होंने कृषि कानूनों को अहं का मुद्दा नहीं बनाया और उन्होंने किसानों के साथ सहानुभूति जताते हुए तीन कृषि कानूनों को निरस्त करने की घोषणा की है। कृषि कानूनों को निरस्त करने के फैसले से कृषि के क्षेत्र में देशी-विदेशी निवेश और कारोबार व बाजार पर कितना प्रतिकूल असर पड़ेगा, बीएसई सेसेक्स 1170 अंक टूटकर 58465 के स्तर पर आ गया। यह बाजार में सात महीने की सबसे बड़ी गिरावट है। इस समय कृषि कानूनों की वापसी के बाद देश में कृषि एवं ग्रामीण विकास की मजबूती के साथ-साथ किसानों की आय बढ़ाने के कई महत्वपूर्ण रणनीतिक आधार उभरकर दिखाई दे रहे हैं। यह बात महत्वपूर्ण है कि प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कृषि को प्रभावी बनाने, विकास की नई रणनीति और जीरो बजट खेती की तरफ प्रभावी कदम बनाने के लिए एक कमिटी के गठन का फैसला भी घोषित किया है। उन्होंने जैविक खेती को बढ़ावा देने, देश की बदलती आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर क्रॉप पैटर्न के वैज्ञानिक तरीके, एमएसपी को और अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाने जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर भविष्य को ध्यान में रखते हुए नई कमेटी के द्वारा प्रभावी निर्णय लिए जाने की बात कही। निसंदेह कृषि संबंधी मसलों के समाधान के लिए समिति बनाने के सरकार के फैसले से किसानों की मुश्किलों को दूर करने में मदद मिलेगी। इससे सरकार को किसानों की आय के स्तर को बढ़ाने के लिए पर्याप्त कृषि नीति बनाने में मदद मिलेगी। ! सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि किसानों की फसल का अच्छा मूल्य देंगे। सरकारी खरीद की प्रक्रिया जारी रहेगी, लेकिन किसान संगठन कानूनी गारंटी की मांग कर रहे हैं।

## लेटर टू एडिटर

### संकट और शिक्षा

**वर्तमान** में शिक्षा की दशा और दिशा ने ध्यान आकर्षित किया। देश में यदि कोरोना केस लाखों में है तो अभिभावक की नजर से सरकार के इस फैसले का स्वागत नहीं किया जा सकता। इसमें स्वैच्छिक विकल्प और अनुमति का प्रश्न ही नहीं उठता। लेकिन इस बात की क्या गारंटी है कि बच्चे और स्कूल, नियमों के पालन में लापरवाही नहीं करेंगे? इस बात पर ध्यान दें सरकार। -मनोज, चांडिल

### विस्तार मिले

**हिन्दी** एकमात्र ऐसी भाषा है जो संपूर्ण देश को एक सूत्र में जोड़ने का काम कर सकती है। भारतीय संस्कृति की आत्मा एवं संस्कारों का प्रतिबिंब तथा राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। हिंदी को अधिक शक्तिशाली बनाने की आवश्यकता है। हिंदी को साहित्य, संस्कार एवं संस्कृति के अतिरिक्त शोध, अनुसंधान, ज्ञान-विज्ञान, जनसंचार, प्रौद्योगिकी तथा रोजगार से भी जोड़ने की आवश्यकता है।

-आवंतिका, रांची

# आधुनिक भारत का समावेशी संविधान

मृत्युजय प्रसाद

संविधान

**आधुनिक** भारत का समावेशी संविधान मूल संविधान में सुविख्यात चित्रकार नन्दलाल बोस की कूची से बनाये हुए कुल 22 चित्र नजर आते हैं। इन चित्रों में मोहनजोदड़ो, वैदिक काल के गुरुकुल, प्रभु राम की विजय, गीता का उपदेश देते श्री कृष्ण, भगवान बुद्ध, भगवान महावीर,सम्राट अशोक, विक्रमादित्य का दरबार, नालंदा विश्वविद्यालय, उड़िया मूर्तिकला, नटराज की प्रतिमा, अकबर का दरबार, शिवाजी और गुरु गोविंद सिंह , टीपू सुल्तान और महारानी लक्ष्मीबाई,गांधी का दांडी मार्च,बोस, हिमालय, रेगिस्तान व महासागर का दृश्य है। इन चित्रों के आधार पर ही हम समझ सकते हैं कि संविधान निमार्ताओं के मन और मस्तिष्क में कैसे आदर्श समावेशी आधुनिक भारतीय समाज की परिकल्पना रही होगी। आज 26 नवंबर के दिन वर्ष 1949 में हमारा संविधान बनकर तैयार हुआ था। आज 72 बर्ष बाद हमारा संविधान क्या अपनी उस मौलिक प्रतिबद्धता की ओर उन्मुख हो रहा है जिसे इसके रचनाकारों ने भारतीयता के प्रधानतत्व को आगे रखकर बनाया था। सेक्यूलर 1976 में प्रस्तावना में जोड़ा गया है। यहां सवाल यह भी उठाया ही जाना चाहिये कि जिस दलित चेतना के नाम पर अक्सर संविधान को बाबा साहब आंबेडकर की अस्मिता के साथ जोड़ा जाता है क्या उसके साथ बुनियादी खिलवाड़ 1976 में ही नहीं हो गया है। आज इस बात पर संवाद होना ही चाहिये कि क्या मौलिक रूप से भारत का संविधान उस सनातन जीवन दृष्टि से शासन और राजनीति को दूर रहने की हिदायत देता है क्या?

जिसको आधार बनाकर पिछले 75 वर्षों में इस देश की संसदीय राजनीति और प्रशासन को परिचालित किया जा रहा है। अगर हम मूल संविधान की प्रति उठाकर पन्नों को पलटते हैं तो हमें उसके अंदर सुविख्यात चित्रकार नन्दलाल बोस की कूची से बनाये हुए कुल 22 चित्र नजर आते हैं। इन चित्रों के आधार पर ही हम समझ सकते हैं कि हमारे संविधान निमार्ताओं के मन और मस्तिष्क में कैसे आदर्श भारतीय समाज की परिकल्पना रही होगी। इन चित्रों की शुरूआत मोहनजोदड़ो से होती है और फिर वैदिक काल के गुरुकुल, महाकाव्य काल के रामायण में लंका पर प्रभु राम की विजय, गीता का उपदेश देते श्री कृष्ण, भगवान बुद्ध, भगवान महावीर,सम्राट अशोक द्वारा बौद्ध धर्म का प्रचार (मौर्य काल), गुप्त वंश की कला, जिसमें हनुमानजी का दृश्य है, विक्रमादित्य का दरबार, नालंदा विश्वविद्यालय, उड़िया मूर्तिकला, नटराज की प्रतिमा, भागीरथ की तपस्या से गंगा का अवतरण, मुगलकाल में अकबर का दरबार, शिवाजी और गुरु गोविंद सिंह , टीपू सुल्तान और महारानी लक्ष्मीबाई,गांधी जी का दांडी मार्च, नोआखली में दंगा पीड़ितों के बीच गांधी,नेताजी सुभाषचंद्र बोस, हिमालय का दृश्य, रेगिस्तान का दृश्य, महासागर का दृश्य शामिल हैं।

इन 22 चित्रों के जरिये भारत की महान समावेशी परम्परा की कहानी बयां की गई है। इनमें राम कृष्ण, हनुमान, बुद्ध, महावीर, विक्रमादित्य, अकबर,टीपू सुल्तान, लक्ष्मीबाई, गांधी, सुभाष क्यों है? क्या केवल संविधान की किताब को कलात्मक कलेवर देने के लिये? ऐसा बिल्कुल नहीं है। असल में यह चित्र भारत के लोकाचार और मूल्यों का प्रतिनिधित्व देने के लिये नन्दलाल बोस से बनवाये गए ।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### घर घर दी जायेगी पोलियो की दवा




**रामगढ़ ।** डीडीसी रोबिन टोप्पो ने रविवार को सदर अस्पताल में एक बच्चे को दो बूंद पोलियो की खुराक देकर रामगढ़ जिले में पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत की। इस अवसर पर डीडीसी ने कहा कि कोई बच्चा छूटे नहीं पोलियो से पूरे राष्ट्र को बचाना है। उन्होंने कहा कि 3 और 4 जुलाई को वैसे बच्चे जो पल्स पोलियो की खुराक नहीं ले पाए हैं उन्हें घर घर जाकर पल्स पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी । पल्स पोलियो अभियान में 5 साल तक के लच्छित बच्चों की संख्या 172146 है। अभियान को सफल बनाने के लिए कुल 1061 बूथ बनाएं गए हैं। इसके लिए 128 बूथ सुपरवाइजर बनाए गए हैं । ताकि सभी बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक पिलाई जा सके । इसके लिए 2290 वैक्सीनेटर की व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार, डॉ महालक्ष्मी प्रसाद , डॉ तूलिका रानी ,डॉ बी के पंडित , देवेंद्र श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।

### बच्चों को दी गयी पोलियो की खुराक



**रजरप्पा।** पोलियो को जड़ से खत्म करने के लिए रविवार को 0 से 05 वर्ष तक के बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक पिलाई गई। वरिष्ठ झामुमो नेता सह बीस सूत्री सदस्य जगरनाथ महतो ने भुचुंगडीह स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में पल्स पोलियो अभियान के तहत बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर उद्घाटन किया । मौके पर स्वास्थकर्मी, आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, सहिया के अलावा बच्चों के परिजन मौजूद थे।

### सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

**कुजू।** क्षेत्र के नयामोड़-आरा हीरक मार्ग पर शनिवार की देर रात्रि अज्ञात वाहन की चपेट में आकर केटीएम बाइक पर सवार दो युवकों की मौत हो गयी। जबकि तीसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। मुरपा एसकेबी में कार्यरत नीलकंठ मुर्मू (25वर्ष) मेहमाड़ी, वर्द्धमान, बंगाल, ब्रह्मदेव करमाली(30 वर्ष) 96 नंबर कॉलोनी, सारूबेड़ा व श्यामलाल मुर्मू सारूबेड़ा निवासी केटीएम बाइक संख्या जेएच 24जी-4741 पर सवार होकर आरा की ओर जा रहे थे। इस दौरान अज्ञात वाहन ने बाइक को चपेट में ले लिया। जिसमें नीलकंठ व ब्रह्मदेव की मौत घटना स्थल पर ही हो गयी। जबकि श्यामलाल गंभीर रूप से घायल हो गया।

### मवेशियों की चोरी का दिया आवेदन



बरही ।उज्जैना तिलैया रोड निवासी सुधीर राणा उम्र लगभग 45 वर्ष ने बरही थाना में लिखित आवेदन देकर बताया है कि कुछ दिनो से लगातार गायों की चोरी होने की घटनाएं सामने आ रही है। उन्होंने बताया कि लगभग दर्जनों लोगों के घर से दर्जनों पशुओं की चोरी कर लिया गया। जानकारी के अनुसार सामूहिक रूप से चोरी हुए मवेशियों की खोजबीन करने पर पता चला कि कोनरा के किसी स्थानीय व्यक्तियों की संलिप्तता है। काफी दबाव बनाने के बाद उक्त लोगों द्वारा मिलकर उनके गाय को उनके घर के पास लाकर छोड़ दिया है और उनसे माफी भी मांगते हुए भविष्य में गाय की चोरी नही करने की बात कही। मौके पर विहिप जिला सहमंत्री गुरुदेव गुप्ता समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

### अकेला ने मनोनीत किए प्रतिनिधि



**बरही।** विधायक सह निवेदन समिति सभापति सदस्य राज्य विकास परिषद झारखंड उमाशंकर अकेला ने बरही प्रखंड के विकास कार्यों को सुचारू रूप से संपन्न कराने, विभाग के पदाधिकारियों से संपर्क कर जनता की समस्याओं का समाधान करने एवं विधायक उमाशंकर अकेला की अनुपस्थिति में विभाग की बैठक में भाग लेने के लिए विधायक प्रतिनिधि मनोनीत किए गए हैं। जिनमें अनुमंडल कार्यालय में वासुदेव यादव और दशरथ यादव, प्रखंड कार्यालय में देवचंद्र यादव, मोहम्मद वारिस अंचल कार्यालय में छोटे लाल यादव, वीरेंद्र यादव, थाना में अब्दुल मनान वारसी एवं अमित जायसवाल, महिला थाना में यासमीन तबस्सुम, स्वास्थ्य विभाग में मोहम्मद रिजवान एवं प्रमोद सिंह, शिक्षा विभाग में गाजो यादव, खाद्य आपूर्ति विभाग में अशोक सिंह व मोहम्मद असलम, विद्युत विभाग में राजू राणा और उदय केसरी, आदिवासी कल्याण विभाग में वीणा उरांव, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में मनोज कुमार, वन एवं पर्यावरण विभाग में मोहम्मद तौकीर रजा, कृषि एवं पशुपालन विभाग में महेश यादव, अर्जुन यादव और रंजीत निषाद, मत्स्य विभाग में रंजीत निषाद, अल्पसंख्यक विभाग में मोहम्मद तैयब, बाल विकास विभाग में मनोहर यादव एवं अनुसूचित जाति विभाग में राजकुमार रविदास को विधायक प्रतिनिधि मनोनीत किया गया है।

### लायंस क्लब ने किया पौधारोपण



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पर्यावरण सुरक्षा को ले लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा ने रविवार को वन डिस्टिक वन एक्टिविटी के तहत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। पर्यावरण दिवस के मौके पर पहली बार लायंस क्लब अफ भुरकुंडा का कमान महिलाओं ने संभाला। साथ ही लोगों को भी अपने जीवन काल में कम से कम एक पौधे लगाने की बात कही। क्लब की महिलाओं ने कहा कि पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तभी मानव जीवन भी सुरक्षित रह सकेगा। पर्यावरण की सुरक्षा हमसबों का दायित्व है ।पौधारोपण कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष लायन माला शर्मा, सचिव लायन रेखा वर्णवाल, कोषाध्यक्ष लायन अंजू देवी, एमजेएफ लायन राजेंद्र महतो, लायन निर्मल अग्रवाल, सूबेदार लायन एचएच यादव, अशोक सिन्हा, लायन विजयंत कुमार, संजय कुमार सिंह, शिवा प्रसाद, विमल प्रसाद आदि का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

## चौपारण में बिहार से रजरप्पा आ रहे श्रद्धालुओं से भरी बस पलटी

# एक की मौत, 12 यात्री घायल

## घायलों में तीन की हालत गंभीर, रांची रेफर

खबर मन्त्र संवाददात



**हजारीबाग।** जिले के चौपारण के जीटी रोड के पिपरा के पास रविवार तड़के 3.30 बजे बिहार के जहानाबाद से श्रद्धालुओं को लेकर रजरप्पा मंदिर जा रही थी बस पलट गई, जिसमें एक की मौत हो गई जबकि 12 से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों में तीन की हालत गंभीर है। बस में 30 श्रद्धालु सवार थे। बताया गया है कि जहानाबाद जिले के घोसी थाना क्षेत्र अंतर्गत धामकपुर गांव से सभी श्रद्धालु बस (बीआर 25 पीएस 1455) में सवार रजरप्पा मंदिर में पूजा करने जा रहे थे। इस बीच चौपारण के जीटी रोड के पिपरा के पास बस पलट गयी। हादसे में सिकंदर कुमार (20) की मौत हो गयी जबकि 12 लोग घायल हो गए। घायलों में तीन लोगों की हालत गंभीर बतायी जा रही है।

घायलों में संजू देवी (40), जीतू कुमार (10), यशोमती देवी (60), शुभम कुमार (10), वर्षा कुमारी (10), गांगो देवी (45), लीला देवी (45), रूबी देवी (32), लालागोप (60), विंदेश्वर गोप (65) हैं। घायलों में कुछ को प्राथमिक इलाज के बाद अन्य अस्पताल रेफर किया गया है। इलाज के लिए ले जाते समय रास्ते में ही सिकंदर कुमार की मौत हो गई। बस मालिक मंटू प्रसाद की बहन संजू देवी की हालत गंभीर बताई जा रही है। उसे बरही अस्पताल में प्राथमिक उपचार करवाने के बाद रांची रेफर किया गया है। बताया जा रहा है कि बिहार के जहानाबाद घोसी थाना क्षेत्र अंतर्गत धामकपुर के निवासी मंटू प्रसाद ने सेकंड हैंड बस खरीदा था। उनके बेटे कौशल कुमार ने बताया कि बस का पूजा करवाने के लिए रिश्तेदारों और गांव के लोगों के साथरजरप्पा मंदिर जा रहे थे। बस में बच्चे सहित करीब 30 लोग सवार थे।

# चौपारण कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष के दुकान के समीप गोलाबारी

## तीन खोखा और चार जिंदा कारतूस बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता




**चौपारण।** चौपारण में एक बार फिर गोलियों की तड़तड़ाहट सुनने को मिली। घटना शनिवार रात्रि 12 बजकर 10 मिनट की है जिसमे दो मोटरसाइकिल से 4 लोग आये और प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष विकास यादव के दुकान के पास फायरिंग कर इटखोरी के ओर चले गए तथा कुछ देर बाद फिर वापस आये। बताया जाता है कि फायरिंग ऊपरी छत पर किया जा रहा था। लेकिन गोली वहां तक नही पहुंचा।

तीन राउंडफायरिंग फायरिंग की जिसमे तीन खोखा और 4 जिंदा कारतूस भी बरामद किया गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद थाना प्रभारी शम्भू नंद ईश्वर दलबल के साथ पहुंचे व घटना की जांच में जुट गए।

विकाश यादव द्वारा लगातार अवैध धंधेबाजों के खिलाफ आवाज बुलंद की , जिससे बौखलाए बदमाशों ने घटना का अंजाम दिया। पहले भी अंदेशा लगाया जा रहा था कि जिस गति से अवैध कारोबारियों पर कार्यवाई की जा रही है उसका प्रतिकार की कोशिश उनके द्वारा जरूर की जाएगी।

### विधायक ने स्वास्थ्य उपकेंद्र व सड़क का किया शिलान्यास

**विष्णुगढ़।** मांडू विधायक जयप्रकाश पटेल ने रविवार को प्रखंड के गोविंदपुर में 47 लाख रूपए की लागत से बननेवाली उप स्वास्थ्य केंद्र और जमनीजरा के कुबरीआम से छपरवा तक 84 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सड़क एवं गार्डवाल निर्माण का शिलान्यास किया ।इस मौके पर विधायक जेपी पटेल ने कहा कि स्वास्थ्य उप केंद्र, गोविंदपुर के बनने से आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के लोग काफी लाभांवित होंगे। सुचारू रूप से स्वास्थ्य कर्मी स्वास्थ्य उप केंद्र में मौजूद रहेंगे ताकि इलाज करवाने के लिए अस्पताल का चक्कर मरीजों को नहीं काटना पड़ेगा ।जबकि सड़क का शिलान्यास करते हुए कहा कि इस क्षेत्र में सड़क की स्थिति अति दयनीय हो गई थी, जिससे आमजन को आने-जाने में असुविधा हो रही थी ।इस क्षेत्र के लोगों एवं कार्यकताओं ने सड़क बनवाने का आग्रह किया था ।लोगों की असुविधा को देखते हुए सड़क को पास करवाया ।जिसका आज शिलान्यास करने का मौका मिला ।वहीं ग्रामीणों ने खुशी व्यक्त किया।

# सामाजिक दायित्व निभाते रहेंगे रोटेरियन : अशोक

खबर मन्त्र संवाददाता




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रोटरी क्लब भवन सौंदा डी में शनिवार को रोटरी क्लब भुरकुंडा का 22वां पदस्थापना दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। इस दौरान विगत सत्र के कार्यवाहक सचिव रोटेरियन प्रवीण शर्मा व अध्यक्ष रोटेरियन रामावतार प्रसाद ने बीते सत्र में किये गए कार्यों का ब्यौरा प्रस्तुत किया। तत्पश्चात सत्र 2023-24 के लिये चयनित सचिव रो. सुनील प्रसाद व अध्यक्ष रो. अशोक शर्मा को अपना पदभार सौंपा। साथ ही नए सदस्य के रूप में समेन्द्र कुमार साह को रोटरी की सदस्यता प्रदान की गई। अध्यक्ष राम अशोक शर्मा व सचिव सुनील प्रसाद ने पदभार ग्रहण करने के बाद खुशी का इजहार करते हुए कहा कि इस साल भी रोटरी भुरकुंडा मेडिकल कैंप, मोतियाबिंद अपरेशन, पौधारोपण, जागरूकता अभियान, कैरियर प्रोग्राम के साथ-साथ अन्य सामाजिक कार्य करेगी। शर्मा ने कहा कि क्लब का एकमात्र उद्देश्य सामाजिक दायित्वों के तहत सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए लोगों की सेवा करना है। उन्होंने कहा कि सभी रोटेरियन अपना सामाजिक दायित्व ईमानदारी पूर्वक निभाते रहें हैं जो आगे भी जारी रहेगा।

### बंगाली कॉलोनी की समस्या का हल शीघ्र : विधायक

**हजारीबाग।** सदर विधायक मनीष जायसवाल ने शहर के वार्ड संख्या 18 स्थित ओकनी, बंगाली कॉलोनी का निरीक्षण किया और स्थानीय समस्याओं से रूबरू हुए। यहां निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोगों ने विधायक मनीष जायसवाल को बताया कि नाली की समस्या यहां की सबसे गंभीर समस्या है। इसके अलावे बिजली और पानी की समस्या पर भी सकारात्मक चर्चा हुई। विधायक मनीष जायसवाल ने जल्दी विधायक निधि से नाली निर्माण कराने और बिजली विभाग से वार्ता कर बिजली की समस्या का निदान कराने का भरोसा जताया वहीं नल से जल योजना के तहत इस मोहल्ले को पूर्ण कवर्ड करने का भी आश्वासन लोगों को दिया । मौके पर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि हजारीबाग का कोई भी क्षेत्र विकास से अछूता ना रहे और जरूरी समस्याओं का समय निदान हो सके इसलिए वह हमेशा प्रयासरत रहते हैं ।

मौके पर उमेश कुमार सिन्हा, अविनाश कुमार सिंह, विशाल वर्मा, दिव्यनारायण सिंह, पंकज कुमार, नागेंद्र कुमार, सुबोध कुमार, अरुण कुमार, सरदार अनूप सिंह, सदर विधायक मिडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### सेवा मंच ने गरीबों को कराया भोजन

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** समाजसेवी संस्था राष्ट्रीय सेवा मंच द्वारा प्रत्येक सप्ताह की भांति इस रविवार को भी साप्ताहिक बाजार भुरकुंडा में दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुल-पत्तल बेचने आये गरीबों को भोजन कराया। इस दौरान मुख्य अतिथि भुरकुंडा ओपी प्रभारी अमित कुमार, एएसआई सामंत दास व मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने दर्जनों गरीब महिला-पुरूष व बच्चों के बीच पुरी-सब्जी व जलेबी का वितरण किया।

मौके पर डब्लू सिंह बताया कि सबों के सहयोग से मंच द्वारा पिछले 8 वर्षों से गरीबों को भोजन कराया जाता रहा है जो कि आगे भी जारी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि मंच का उद्देश्य ही गरीबों की सेवा है जो निरंतर जारी रहेगा ।भुरकुंडा ओपी प्रभारी अमित कुमार ने मंच के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे नेक और सामाजिक कार्य में सब को तन मन धन से सहयोग करना चाहिए।

# लाइब्रेरी में 250 अधिक छात्रों ने कराया निबंधन

खबर मन्त्र संवाददता




**रामगढ़।** शिक्षा ग्रहण करने हेतु विद्यार्थियों को शांत एवं प्रभावशाली वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रामगढ़ शहर अंतर्गत रामगढ़ प्रखंड कार्यालय के समीप जिला पुस्तकालय संचालित है। पुस्तकालय का निर्माण डीएमएफटी के तहत कराया गया है। निर्माण कार्य पूर्ण होने के उपरांत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 29 फरवरी 2020 को जिला पुस्तकालय का ऑनलाइन उद्घाटन किया था । जिसके उपरांत कोरोना व अन्य कारणों से जिला पुस्तकालय का संचालन शुरू नहीं हो पाया था। रामगढ़ जिले में उपायुक्त के पद पर पदभार ग्रहण करने के उपरांत रामगढ़ शहर के दौरे के क्रम में उपायुक्त माधवी मिश्रा ने जिले के अन्य अधिकारियों के साथ जिला पुस्तकालय का निरीक्षण किया जिसके उपरांत उन्होंने बच्चों के लिए विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराते हुए जिला पुस्तकालय का संचालन शुरू करने का निर्देश दिया।

उपायुक्त द्वारा लगातार समीक्षा एवं निरीक्षण के कारण अप्रैल 2022 से जिला पुस्तकालय का संचालन शुरू हुआ वर्तमान में पुस्तकालय में 5000 से भी अधिक किताबें विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध हैं। 250 से अधिक बच्चों ने पुस्तकालय में अपना निबंधन कराया है। पुस्तकालय में विद्यार्थियों के लिए मिनरल वाटर, शौचालय, सुरक्षा के दृष्टिकोण से सीसीटीवी कैमरे सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध है । विद्युत सेवा बाधित होने की स्थिति में बच्चों के लिए इनवर्टर द्वारा विद्युत सप्लाई की सेवा भी उपलब्ध है। उपायुक्त माधवी मिश्रा ने कहा कि रामगढ़ जिला अंतर्गत

**छात्रों को अच्छा शिक्षा देने के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध : उपायुक्त**

विभिन्न क्षेत्रों में रह रहे मेधावी एवं प्रतिभावान विद्यार्थियों को शिक्षा ग्रहण करने के लिए अच्छा वातावरण उपलब्ध कराने हेतु जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। इस दिशा में योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला प्रशासन द्वारा पुस्तकालय का संचालन सफलतापूर्वक किया जा रहा है । वहीं हाल ही में बच्चों के उज्जवल भविष्य व राष्ट्रीय स्तर के शैक्षणिक संस्थानों में उनके प्रवेश हेतु मेडिकल व इंजीनियरिंग कोचिंग सेवा भी निःशुल्क रूप से डीएमएफटी के तहत संचालित की जा रही है। साथ ही अन्य क्षेत्रों में भी कार्य किए जा रहे हैं।

## एक नजर में

### चरही में चार किलो अफीम के साथ तीन गिरफ्तार



चरही । थाना क्षेत्र से पुलिस ने चार किलो अफीम के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में सुलेमान सोय, निर्मल सोय और सैयद अमीर हुसैन शामिल है। इनके पास से चार किलो अफीम के अलावा एक स्विफ्ट गाड़ी और पांच मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है। एसपी मनोज रतन चौथे ने रविवार को बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि मांडू की तरफ से कुछ लोग एक स्विफ्ट गाड़ी में कुछ मादक पदार्थ लेकर बिक्री करने के उद्देश्य हजारीबाग की ओर आ रहे हैं। सूचना के बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अनुज उरांव के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने चरही घाटी के पहुंचकर चेकिंग शुरू की। चेकिंग के दौरान स्विफ्ट गाड़ी को रोकने का इशारा किया गया वह भागने का प्रयास किया लेकिन सशस्त्र बलों में उसे घेर कर रोक लिया। जांच करने पर वाहन से अफीम बरामद किया गया।

### पोडया टांड़ में धान बीज का वितरण



**विष्णुगढ़।** अलपिटो पंचायत के अलकोपी पोडया टांड में धान बीज का वितरण किया गया। धान बीज बिरसा मुंडा एग्रो प्रोडूस कंपनी ने अनुसूचित जनजाति के किसानों को बांटा। वितरण पंचायत के उप मुखिया बिनोद रजक, कंपनी के हिरालाल महतो के द्वारा किया गया। हिरालाल ने कहा कि कृषि कार्य में किसानों को निःशुल्क आईआर- 64 उन्नत धान बीज दी गई है । लाभ लेने वालों में राजेंद्र राम, सोनाराम मांझी,सुखदेव मांझी,रुपलाल मांझी, परवी देवी, फूल मनी, सरिता देवी, बसंती देवी, मोहन मांझी अन्य लोग शामिल थे।

### शिक्षक और अभिभावकों ने की बैठक



**विष्णुगढ़।** बिष्णुगढ़ प्रखंड के अलपिटो पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय चौथा में सरकार के कार्यक्रम बैक टू स्कूल के बाबत शिक्षक - अभिभावकों ने बैठक किया` बैठक के मुख्य अतिथि अलपिटो उप मुखिया विनोद रजक व एंबेसडर भुनेश्वर यादव उपस्थित थे। जिसमें सरकारी विद्यालय में बच्चों की सत प्रतिशत उपस्थित,वो नामांकन के साथ दैनिक क्रिया कलाप के अलावे विद्यालय छोड़ दिए बच्चों को विद्यालय की और लाने पर विशेष बल देने की चर्चा की गई वहीं उप मुखिया के हाथों दसवीं के टॉप बच्चों को उपहार देकर पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार पाने वालों में विवेक कुमार, राखी कुमारी, सागर कुमार शामिल है। वहीं अभिभावको को कैलेंडर वितरण किया गया । कार्यक्रम में शिक्षक सतीश जायसवाल सभी शिक्षक शिक्षिका के अलावे उप मुखिया विनोद रजक, राकेश यादव,दिलीप यादव,ब्रांड एंबेसडर भुनेश्वर यादव वो अन्य लोग उपस्थित थे।

### चरही में अवैध कोयले लदा पिकअप जब्त

**चरही ।** शनिवार रात गश्ती करने के दौरान वन विभाग के लोगों ने अवैध कोयले से लदे पिकअप वाहन को पकड़ा ।पकड़े गए वाहन को मांडू रेंज कार्यालय परिसर में लाया गया ।जानकारी के अनुसार वाहन नंबर बीआर 27/4852 मांडू की ओर से अवैध कोयला लादकर हजारीबाग की जा रहा था ।वनविभाग की वाहन को देख पिकअप वाहन के चालक तेज रफ्तार में भागने लगा ।अंततः चरही घाटी खदेड़ कर पकड़ा ।चालक वाहन को खड़ीकर अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल रहा। गस्ती में मांडू रेंजर विनोद नंद राय और वन कर्मी थे।

### योजना को लेकर ग्राम सभा आयोजित

**चरही ।** इंद्रा पंचायत के ग्राम बासाडीह टोला दाहूडाग में योजना को लेकर मुखिया राधिका देवी की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया ।इस ग्राम सभा की बैठक में ग्रामीण विकास पर चर्चा किया गया ।डीएमएफटी योजना के द्वारा दाहूदाग झंडा चौक से श्मशान घाट तक पीसीसी पथ निर्माण के लिए योजना दिया गया ।मौके पर पूर्व मुखिया दशरथ महतो रोजगार सेवक जगन्नाथ महतो,चमेली कुमारी, राजकुमार प्रसाद,सालखो देवी, भुनेश्वर महतो,पप्पू कुमार महतो, कैलाश महतो,गुरुदयाल महतो,गंगा महतो, प्रेमचंद महतो,सुरेश महतो सही कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### स्टील प्लांट में रोटरी क्लब ने किया पौधरोपण

**चरही।** रामगढ़ रोटरी क्लब की सौजन्य से चिंतपूर्णी स्टील प्लांट परिसर में पौधा रोपण कार्य किया गया। पौधा रोपण का कार्य रोटरी क्लब हर वर्ष करते आया है। पंद्रह माइल में स्थापित चिंतपूर्णी स्टील प्लांट के परिसर के अलावा कंपनी के कामगारों को भी कई तरह के पौधा वितरण किए गए। इस मौके पर वीरू भाई मानिक ने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण तभी संभव है,जब तक अधिक से अधिक पौधे लगाए जाएंगे। पौधा रोपण से अधिक महत्वपूर्ण है,रोपण किए गए पौधों को बचाकर तैयार करना। हर व्यक्ति को पौधे लगाकर प्रकृति के संरक्षण की जिम्मेवारी को उठाना चाहिए। शुद्ध हवा,पानी,भोजन सारा पारितंत्र पेड़ -पौधों पर ही निर्भर करता है। मौके पर डॉ आलोक रतन चौधरी, जेपी सिंह, डॉ अशोक बेरेलिया,अरुण राय, कांता सोबती,राजेंद्र जैन,विजय कुमार उपस्थित थे।

### अनिल देव व अजीत कुमार ने दिया क्रिकेट किट



**दारू।** पुनाई पंचायत के मुखिया अनिल कुमार देव और सामाजसेवी अजीत कुमार अपने पंचायत के हर क्षेत्र में चाहे गरीबों को आर्थिक मदद करना, महिलाओं के बीच साडी वितरण , बिरोहर परिवार को गोद लेना,युवाओं को शिक्षा के साथ- साथ खेल भावना जागृत करने में अपनी अहम भूमिका पेश कर रहे है । देव और अजित कुमार ने अपने निजी सहयोग से क्रिकेट किट सामान का वितरण किया । दोनों ने कहा कि हमलोग हमेशा लोगो को मदद करते आ रहे है और हमेशा उनकी मदद करते रहेंगे । अपने क्षेत्र में युवाओं को खेल की भावना से जोड़े रखने के लिए हमेशा उनकी मदद करने को तैयार हूँ । मौके पर प्रदीप यादव , राजकुमार यादव, किशोरी पासवान, राजेश कुमार, सावन कुमार, महावीर प्रसाद, राजकुमार प्रसाद ,जगतपाल राणा ,के अलावे बहुत से ग्रामीण मौजूद थे ।

### तुरी समाज के सम्मेलन में शामिल हुए विधायक



**हजारीबाग।** झारखंड प्रदेश तुरी समाज का हजारीबाग जिला स्तरीय सम्मेलन, हजारीबाग के कारगिल पेट्रोल पंप के समीप स्थित रिंग एंड रोजेज सभागार में रविवार को हुआ। जिसमें हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल,समाज के प्रदेश अध्यक्ष चंदन तुरी, प्रदेश महासचिव परशूराम तुरी और प्रदेश कोषाध्यक्ष नागेश्वर तुरी सहित अन्य गणमान्य जनों ने शिरकत किया। समाज के लोगों ने विधायक मनीष जायसवाल सहित अन्य अतिथियों का स्वागत किया । जायसवाल ने समाज के लोगों से आग्रह किया कि सामाजिक बुराइयों का त्याग करके बच्चों के स्वर्णिम भविष्य के लिए उन्हें अच्छी शिक्षा और संस्कार दें साथ ही अपनी सामाजिक एकता बनाएं रखें। समारोह में बड़ी संख्या में हजारीबाग जिले के विभिन्न क्षेत्र से तुरी समाज के लोगों ने भाग लिया और अपनी सामाजिक एकता बरकरार रखने का संकल्प भी लिया ।

# नामधारी की आत्मकथा एक सिख नेता की दास्तान का लोकार्पण बुधवार को

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** पंद्रहवीं लोकसभा के प्रोटेम स्पीकर एवं बिहार के पूर्व मंत्री तथा झारखंड विधान सभा के प्रथम अध्यक्ष सरदार इंदर सिंह नामधारी की आत्मकथा एक सिख नेता की दास्तान का लोकार्पण झारखंड की पावन धरती एवं देश की आर्थिक संप्रभुता की पहचान जमशेदपुर के स्वर्गीय मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल सभागार में बुधवार 5 जुलाई शाम चार बजे होगा। इसका लोकार्पण देश के राजनीतिक समीक्षक एवं चिंतक तथा राज्यसभा उपाध्यक्ष मुख्य अतिथि श्री हरिवंश करेंगे। इसकी अध्यक्षता सुचिता के पर्याय झारखंड के पूर्व मंत्री एवं जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा के माननीय सदस्य सरयू राय एवं समीक्षा बहरागोड़ा विधानसभा के पूर्व विधायक श्री कुणाल षाड़ंगी करेंगे। इस मौके पर समाज के लिए प्रभावशाली भूमिका निभाने वाले गणमान्य लोगों को सम्मानित किया जाएगा।

इस पुस्तक में भारत की प्राचीन विरासत वसुधैव कुटुंबकम एवं विभिन्नता में एकता की खूबियों का बखान है। वहीं देश के बहुसंख्यक वर्ग की दरियादिली का भी जिक्र है कि कैसे इस देश में 2 प्रतिशत आबादी के सिख पर भरोसा ही नहीं करते वरन उसे अपना प्रतिनिधित्व की महती जिम्मेदारी भी देते हैं। इस आत्मकथा में देश के बंटवारे की त्रासदी का दर्द है तो संयुक्त बिहार डालटेनगंज की दरियादिली और स्थापित होने के संघर्ष की साझेदारी है। जिसे नामधारी परिवार ने कर्मभूमि बनाया और उसने इन्हें बिहार झारखंड राज्य में प्रतिनिधित्व का मौका दिया और उन्होंने मंत्री तथा कालांतर में झारखंड विधानसभा का प्रथम स्पीकर पद को सुशोभित किया। चतरा लोकसभा क्षेत्र से वे 2009 में 15वीं लोकसभा के लिए चुने गए और प्रोटेम स्पीकर बने। बेबाक, ईमानदार, कर्तव्यनिष्ठ स्टेट्समैन की छवि रखने वाले इंदर सिंह नामधारी को उनकी पत्रकार बेटी ने आत्मकथा लिखने को प्रेरित किया और इसका शीर्षक उन्होंने गुरुवार रविंद्र नाथ टैगोर की पंक्ति, अकेला चलो रे रखा। परंतु वाणी प्रकाशन ने भारत के जीवन दर्शन को आधार बनाते हुए शीर्षक बदलकर एक सिख नेता की दास्तान रख दिया। इंदर सिंह नामधारी ने जमशेदजी टाटा द्वारा स्थापित जमशेदपुर जो देश के औद्योगिक नींव और आर्थिक संप्रभुता की पर्याय है। वे इसे भी अपनी कर्मभूमि बनाना चाहते थे और इससे उन्हें काफी लगाव है। इसे ध्यान में रखते हुए उन्होंने अपनी आत्मकथा का विमोचन लौहनगरी में करने का फैसला किया। उक्त जानकारी देते हुए महिवाल ट्रेवल्स के एमडी गुरदीप सिंह पप्पू, होटल क्रूज के एमडी हरजीत सिंह बिट्टू, ट्रक ट्रेलर एसोसिएशन के अध्यक्ष जसवीर सिंह छीरे, रामगढ़िया सभा के इंद्रपाल सिंह, जसवीर सिंह सोनी ने संयुक्त रूप से इस लोकार्पण समारोह में शहरवासियों से अपील की है। पप्पू के अनुसार बस्ती लीज प्रकरण और उनके इस्तीफा से संबंधित विभिन्न पहलू भी इस मौके पर उजागर होंगे।



पुस्तक विमोचन समारोह की जानकारी देते गुरदीप सिंह पप्पू व अन्य सिख नेतागण।

## एक नजर में

### नयी जिंदगी की ओर से आयोजित रक्तदान शिविर में विधायक भी शामिल

**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधानसभा जमशेदपुर प्रखंड उत्तरी सरजमदा पंचायत अंतर्गत ड्रीमलैंड बाल निकेतन विद्यालय, जानेगोड़ा में वीर-बांटा सिदो-कान्हु हुल दिवस के अवसर पर नई ज़िन्दगी परिवार सरजमदा द्वारा एक दिवसीय महारक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमे बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए। झारखण्ड विधानसभा सत्तारूढ़ दल के सचेतक सह जुगसलाई विधायक मंगल कालिन्दी ने रक्तदाताओं को प्रोत्साहित किए और उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान किए। मौके पर विधायक ने कहा कि लोगों के हित में रक्त दान करना पुण्य का काम है।

### ओबीसी समुदाय को जाति प्रमाण पत्र बनाने में हो रही दिक्कतों को लेकर दिया मांग पत्र

**जमशेदपुर।** रविवार को झारखंड ओबीसी एकता महासभा के अध्यक्ष माननीय रामाश्रय प्रसाद जी की अगुवाई में कोल्हान प्रमंडल के प्रतिनिधि मंडल झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के कार्यालय में जाकर जिसमें ओबीसी की समस्या के संबंधित मांग पत्र समर्पित किया जिसमें नियम के तहत जो सुविधाएं सरकार द्वारा उन्हें मिलनी चाहिए वह नहीं मिल पा रही है जैसे जाति प्रमाण पत्र बनाना आवासीय प्रमाण पत्र बनाना राज्य की सरकारी नौकरियों में 27% आरक्षण प्राइवेट कंपनियों में 27% आरक्षण पंचायत चुनाव एवं नगर निगम चुनाव में भी ओबीसी वर्ग के लोगों को 27 प्रतिशत आरक्षण प्राइवेट विद्यालयों में बच्चों को नामांकन में प्राथमिकता दी जाए।

### सेवा कार्यों के लिए चास रोटरी को छह अवार्ड

**बोकारो।** रोटरी जिला 3250 के डिस्ट्रिक्ट अवॉर्ड फंक्शन में चास रोटरी क्लब ने विभिन्न क्षेत्रों में अपने उल्लेखनीय सेवा कार्यों के आधार पर विभिन्न श्रेणियों में 6 अवार्ड प्राप्त किये। चास रोटरी की सचिव पूजा बैद को आउटस्टैंडिंग सेक्रेटरी अवार्ड से नवाजा गया। सचिव पूजा बैद ने इसका सारा श्रेय चास के अपने साथी रोटेरियन मित्रों को दिया। रोटरी जिला 3250 के मंडल अध्यक्ष रोटेरियन संजीव ठाकुर ने चास की उल्लेखनीय सफलता पर बधाई दी। चास रोटरी के संजय बैद, मुकेश अग्रवाल, डिंपल कौर, चनप्रीत सिंह, मनोज सिंह, डॉ सुमन कुमार, विपिन अग्रवाल, उषा कुमार, धनेश बंका, आरती पारख सहित अन्य सदस्यों ने 6 अवार्ड मिलने पर हर्ष व्यक्त किया।

### भारतीय तरुण संघ के अध्यक्ष बनाये गये मानस

**जमशेदपुर।** भारतीय तरुण संघ, कदमा, जमशेदपुर के द्वारा वरिष्ठ शिक्षाविद और समाजसेवी डा एम एस सिंह मानस को संघ का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया है। भारतीय तरुण संघ के न्यासी मंडल, संरक्षक मंडल और कार्यकारिणी समिति के द्वारा डा मानस को सर्वसम्मति से अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। गत शनिवार को संघ के महामंत्री के पी सिंह और सचिव अजीत कुमार सिंह की उपस्थिति में डा मानस ने भारतीय तरुण संघ में अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया ।

### डॉक्टर्स डे पर रोटरी ने स्कूल में लगाये पौधे

**जमशेदपुर।** डॉक्टर डे के उपलक्ष में रोटरी ग्रुप ऑफ जमशेदपुर दलमा की ओर से कई चिकित्सकों को सम्मानित किया गया। तत्पश्चात सीतारामडेरा स्थित आदिवासी प्लस टू हाई स्कूल में टाटा स्टील फाउंडेशन की टीम ने चिकित्सक व उनकी टीम के सहयोग से बच्चों को सी पी आर ट्रेनिंग दी। करीब 95 बच्चों ने ट्रेनिंग का लाभ उठाया। इस अवसर पर असिस्टेंट गवर्नर हेतल मौजूद थीं। इस क्रम में रोटरी दलमा के सदस्यों ने खुकराडीह स्कूल में भी पौधारोपण किया। मौके पर क्लब की अध्यक्ष सास्वती घोष, सचिव मनीष कुमार चौधरी, रूपसा दास, दिलीप घोष, शुभेंदु चक्रवर्ती, संयुक्त सचिव सुचिस्मिता चक्रवर्ती आदि उपस्थित थीं।

# गढ़वा में पीएलएफआइ के दो उग्रवादी गिरफ्तार

## हथियार व नक्सली पर्चा बरामद, गिरफ्तार अभियुक्तों पर हैं कई मामले दर्ज

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** रंका पुलिस ने छापामरी कर पीएलएफआई दो उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार उग्रवादियों में पलामू जिला अंतर्गत चैनपुर थाना क्षेत्र के करसो ग्राम निवासी परदेशी यादव उर्फ प्रदीप यादव तथा गढ़वा जिला अंतर्गत डंडा थाना क्षेत्र के भिखही ग्राम निवासी सीताराम चौधरी का नाम शामिल है। एसपी अंजनी कुमार झा के निर्देश पर पुलिस ने विशेष छापामारी अभियान चलाकर रंका थाना क्षेत्र के सिंजो ग्राम स्थित भौवराहा जंगल से दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से 12 बोर का दो देषी भरठुआं राईफल, 12 बोर का एक लोडेड कट्टा, तीन मोबाईल, पिठू बैग, वर्दी, खोखा, पीएलएफआई लिखा हुआ पर्चा, टार्च एवं खाद्य सामग्री आदि बरामद किया गया है। रंका एसडीपीओ संतोष कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर यह जानकारी दी। एसडीपीओ ने बताया कि रंका अनुमंडल क्षेत्र के चिनियां, रमकण्डा थाना क्षेत्र में उग्रवादी संगठन के नाम पर परदेशी यादव और उसके सहयोगियों द्वारा क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों को बाधित करने, हथियार का भय दिखाकर ठेकेदारों व जनप्रतिनिायों से लेवी की मांग करने की लगातार शिकायत प्राप्त हो रही थी। एसपी के निर्देशानुसार रंका एसडीपीओ के नेतृत्व में अनुमंडल पुलिस की विशेष छापामारी दल गठित कर इस संगठन में शामिल परदेशी यादव सहित अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए विशेष छापामारी अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान मिली गुप्त सूचना के आधार पर परदेशी यादव एवं सीताराम चौधरी को पुलिस ने चारो तरफ से घेरकर भौवराहा जंगल से गिरफ्तार कर लिया। जबकि इनके साथ में मौजूद कमलेश यादव रात्रि में अंधेरा का लाभ उठाकर भागने में सफल रहा। गिरफ्तारी के बाद इनके पास से हथियार, मोबाईल, नक्सली पर्चा आदि बरामद किया गया है। एसडीपीओ ने बताया कि परदेशी यादव टीपीसी, जेजेएमपी, पीएलएफआई आदि उग्रवादी संगठनों के नाम पर विकास कार्यों को बाधित करते हुए लेवी वसूलता था। इसके विरूद्ध रंका, रमकंडा एवं चैनपुर थाना में आर्म्स एक्ट, लेवी वसूलने, हथियार का भय दिखाकर लूटपाट करने आदि के चार मामले दर्ज हैं। जबकि सीताराम चौधरी के विरूद्ध रंका एवं डंडा थाना में दो मामले दर्ज हैं। छापामारी दल में एसडीपीओ सहित रंका थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा, रमकंडा थाना प्रभारी षिवलाल गुप्ता, श्रवण कुमार, बादल मुंडा सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।



प्रेस कॉन्फ्रेंस करते एसडीपीओ

### कालिख पोत, सिर मुड़ा कर घुमाने के आरोप में तीन गिरफ्तार

#### घर में घुस कर वृद्ध से पहले मारपीट की, पुत्री की शिकायत पर थाने में मामला दर्ज

खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत भादोडीह में 62 वर्षीय वृद्ध के घर में घुसकर मारपीट करते हुए चेहरे पर कालिखघ पोतने व सर का बाल मुड़वाकर घुमाने का मामला सामने आया है। घटना 25 जून की बताई गई है। इसे लेकर वृद्ध के पुत्री ने थाने मेंघ आवेदन देकर गांव के मो. अब्दुल्लाह, मो. मुस्ताक, मो. असफाक सिद्दिकी, मो. शहबाज सिद्दिकी, मोघ् इश्तियाक सिद्दिकी, मो. अरबाज सिद्दिकी, मो. रब्बानी को आरोपी बनाते हुए थाने में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया गया है। जिस पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मो. अब्दुल्लाह, मो. मुश्ताक व मो. शहबाज को गिरफ्तार कर लिया है एवं अन्य की तलाश कर रही है। थाने में दिए गएघ आवेदन में कहा गया है कि उपरोक्त लोग 25 जून की रात 10 बजे उसके घर में जबरन घुस आए औरघ मकान के एग्रीमेंट पेपर पर उनके पिता मो. मुस्तकीम से जबरन हस्ताक्षर लेने का प्रयास किया। इस दौरानघ उपरोक्त लोगों ने उनके पिता, बहन व उसके साथ मारपीट कर कपड़े भी फाड़ दिये। वहीं 26 जून को पुनः 7 बजे उपरोक्त सभी लोग उनके घर आए और उनके पिता पर झूठा इल्जाम लगाकर उनके चेहरे परघ कालिख पोता और सर मुड़वाकर जूते का हारघ पहनाकर मुहल्ले में घुमाया, जिसके बाद से उनकेघ पिता लापता है। मामले को लेकर कार्रवाई करने की मांग की है।

### विश्व पटल पर बढ़ी है भारत की प्रतिष्ठा : रघुवर



अपने सेवा क्षेत्र के बुर्जुगों से मिल कर खुशी व्यक्त करते पूर्व सीएम रघुवर दास।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर भारतीय जनता पार्टी के द्वारा पुर्वी विधानसभा के बमामाईंस, टेल्को एवं बारीडीह मंडल में महा जनसंपर्क अभियान चलाया गया। रविवार को बमामाईंस मंडल अध्यक्ष दीपक झा, टेल्को मंडल अध्यक्ष हेमंत सिंह, बारीडीह मंडल अध्यक्ष संतोष ठाकुर एवं सीतारामडेरा मंडल अध्यक्ष सुरेश शर्मा के नेतृत्व में चलाए गए विशेष जन संपर्क अभियान में भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव समेत बूथों के अध्यक्षगण एवं बड़ी संख्या में स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान बमामाईंस मंडल अंतर्गत जेम्को में क्वार्टर क्षेत्र, मिश्रा बागान, टेल्को मंडल अंतर्गत कृष्णा नगर, जोजोबेड़ा, बारीडीह मंडल अंतर्गत बारीडीह बस्ती, प्रगति नगर, शक्ति नगर, शांति नगर, भोजपुर कॉलोनी, फ्रेंड्स कॉलोनी एवं सीतारामडेरा मंडल अंतर्गत ईस्ट बंगाल कॉलोनी व अन्य क्षेत्रों में भाजपा कार्यकताओं ने घर-घर जाकर केंद्र की मोदी सरकार की प्रमुख उपलब्धियों एवं योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कार्यकताओं के संग स्थानीय निवासियों एवं दुकानदारों से मुलाकात कर उनका कुशल क्षेम जाना। वहीं, उन्होंने केंद्र की मोदी सरकार के नौ साल की जनहितैषी योजनाओं से से संबंधित पत्रकों का वितरण कर केंद्र सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी साझा कर आगामी लोकसभा चुनाव में पीएम नरेंद्र मोदी एवं भाजपा सरकार को समर्थन देने की अपील की।

### टाटा मेन हॉस्पिटल में डॉक्टर्स डे मना





मुख्य अतिथि चाणक्य चौधरी डॉक्टर्स डे पर केक काटते हुए। साथ में मेडिकल सर्विसेज के जीएम डा सुधीर राय व अन्य।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टाटा मेन हॉस्पिटल में डॉक्टरों के योगदान का सम्मान करते हुए, टाटा मेन हॉस्पिटल (टीएमएच) के सभागार में डॉक्टर्स डे पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर चाणक्य चौधरी, वाईस प्रेसिडेंट, (कॉर्पोरेट सर्विसेज) टाटा स्टील मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. सुधीर राय, जेनरल मैनेजर (मेडिकल सर्विसेज), टाटा मेन हॉस्पीटल, जमशेदपुर के साथ उपस्थित थे। शाम की शुरूआत केक कटिंग समारोह के साथ हुई और उसके बाद टीएमएच में डॉक्टरों की जर्नी पर लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। इसके बाद एक लाइव ऑन द स्पॉट क्विज प्रतियोगिता हुई। पूरे सत्र के दौरान सभी रॉ मटेरियल (आरएम) डिवीजन के डॉक्टर जुड़े हुए थे। जमशेदपुर और आरएम डिवीजन के 300 से अधिक डॉक्टर प्रत्यक्ष और वर्चुअल रूप से लाइव वेबकास्ट के माध्यम से जुड़े हुए थे। टाटा मेन हॉस्पीटल के डॉक्टरों, नर्सों और कार्यरत कर्मचारियों ने अस्पताल के कचरे से निर्मित कलाकृति की एक प्रदर्शनी भी लगाई।

अपशिष्ट प्रबंधन और जीवन जीने के सस्टेनेबल तरीके पर जागरूकता बढ़ाने के लिए पोस्टर और स्लोगन भी बनाए गए। टीएमएच के सभी विभागों ने डॉक्टर्स डे पर एक अनोखी प्रदर्शनी में अपनी रचनाएँ प्रदर्शित कीं। विभिन्न प्रतियोगिता के सभी विजेताओं को टाटा स्टील के वाईस प्रेसिडेंट (कॉर्पोरेट सर्विसेज) चाणक्य चौधरी, टाटा मेन हॉस्पिटल के जीएम (मेडिकल सर्विसेज) डॉ. सुधीर राय और चीफ ह्यूमन रिसोर्स बिजनेस पार्टनर (कॉर्पोरेट फंक्शन्स) दीपा वर्मा, टाटा स्टील के साथ पुरस्कृत किया गया। धन्यवाद ज्ञापन पामेला केरकेट्टा, सीनियर मैनेजर, एचआरबीपी (कॉर्पोरेट फंक्शन), मेडिकल सर्विसेज, टाटा मेन हॉस्पीटल द्वारा दिया गया।

### मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज में सम्मानित किए गए डा जुझार मांझी और डा सुनील कुमार

**जमशेदपुर।** हर योद्धा के पास कवच और तलवार नहीं होती। कुछ के पास सफेद कोट और स्टेथोस्कोप है..! जैसा कि सही कहा गया है,चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में अग्रणी संस्थान, मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज ने 01 जुलाई, 2023 को खुशी-खुशी डॉक्टर दिवस मनाया। यह दिन डक्टरों के निस्वार्थ प्रयासों और स्वास्थ्य सेवा उद्योग में उनके महत्वपूर्ण योगदान को सम्मानित करने और उनकी सराहना करने के लिए समर्पित था।

### आइएएस प्रशिक्षुओं ने किया बोकारो इस्पात संयंत्र का भ्रमण



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** भारतीय प्रशासनिक सेवा 2022 बैच प्रथम चरण के छह परीक्ष्यमान पदाधिकारियों के औद्योगिक प्रतिष्ठान भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत बोकारो इस्पात संयंत्र के भ्रमण के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी पदाधिकारियों को बोकारो इस्पात संयंत्र के कोक ओवन और सीआरएम -03 विभाग का भ्रमण कराया गया तथा उत्पादन प्रक्रिया के साथ इस्पात उत्पादन के बारे में जानकारी दी गई। भ्रमण के दौरान पदाधिकारियों ने बीएसएल के ईडी संकार्य बीके तिवारी के साथ एक शिष्टाचार मुलाकात भी की। जिला प्रशासन के आपदा प्रबंधन पदाधिकारी शक्ति कुमार संपर्क अधिकारी भ्रमण के दौरान मौजूद थे। एजीएम एचआरडी अमित आनंद ने संयंत्र भ्रमण के कार्यक्रम का समन्वयन किया।

### 52 लोगों को नेत्रदान के लिए सहमत किया गया



खबर मन्त्र संवाददाता

**जमशेदपुर।** अध्यक्ष आरटीआर अमित कुमार के नेतृत्व में और आरटीआर शेखर कुमार की पहल पर रोटेटैक्ट क्लब ऑफ स्टील सिटी ने रोटा वर्ष 2022-24 के अंतिम दिन को नेत्र प्रतिज्ञा दान अभियान के साथ मनाया, जहां जमशेदपुर के 52 निवासियों ने अपने आनंदमय जीवन के पूरा होने के बाद अपनी आंखें दान करने का संकल्प लिया। क्लब मॉडरेटर आरटीएन सिमरन सग्गू के साथ-साथ वर्तमान अध्यक्ष आरटीआर अमित कुमार, क्लब ट्रेनर आरटीआर रिशु रंजन, सचिव-चुनाव प्रथमा बोस, आरटीआर लक्ष्मी कुमारी के पूरे परिवार ने उनके आनंदमय जीवन के पूरा होने के बाद नेत्रदान करने का संकल्प लिया। मोची बस्ती, बारीडीह के 30 लोगों ने भी अपने आनंदमय जीवन की समाप्ति के बाद नेत्रदान करने का संकल्प लिया। इस अभियान का पूरा उद्देश्य अंग दान, विशेषकर आंख दान के बारे में जागरूकता बढ़ाना था क्योंकि भारत को अक्सर अंधी राजधानी भी कहा जाता है। और ये स्वस्थ आंख दो लोगों को रोशनी दे सकती है. रोटरैक्ट क्लब ऑफ स्टील सिटी के सिग्नेचर प्रोजेक्ट जीवनदान की यह पहल अंग दान पर केंद्रित है और अब तीन वर्षों में 200 से अधिक लोग अपनी आंखें दान कर चुके हैं। इस नेत्रदान अभियान में 18 वर्ष की युवा लड़की से लेकर *गुरुमा मुंडा, जिनकी उम्र 90 वर्ष* तक थी, ने अपनी आंखें दान करने का संकल्प लिया और इसे एक सफल दान अभियान बनाया।

### बोकारो जिला टेट सहायक शिक्षकों ने विधायक आवास पर दिया धरना

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** बोकारो जिला टेट सहायक अध्यापक समन्वय समिति ने रविवार को विधायक बेरमो कुमार जयमंगल सिंह के ढोरी स्टाफ क्वार्टर स्थित आवास के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर सभी टेट पास सहायक अध्यापको ;पारा शिक्षकद्ध को सहायक आचार्य नियुक्ति के पूर्व वेतनमान दिलाने की मांग की। तत्पश्चात एक प्रतिनिधि मंडल ने बेरमो विधायक के नाम निजी सचिव मिथलेश तिवारी एवं कांग्रेस के बेरमो प्रखंड अध्यक्ष छेदी नोनिया को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान दूरभाष पर बेरमो विधायक श्री सिंह से वार्ता हुई। इसमें विधायक श्री सिंह ने उन्होंने आश्वास्त कराते हुए कहा कि आपकी मांगों को लेकर सरकार गंभीर है। सरकार पर विश्वास रखें अपनी समस्याओं का जल्द समाधान किया जाएगा। उन्होंने मुख्यमंत्री से समिति का वार्ता कराने का भी आश्वान दिया। इससे पूर्व धरना को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि राज्य के सहायक अध्यापक 20 वर्षो से लगातार अपनी सेवा देते आ रहे है और टेट पास सहायक अध्यापक एनसीटीई एवं एनईपी के तमाम अहत्ताओं को पूर्ण करते है। झारखंड सरकार के महाधिवक्ता ने लिखित राय सरकार को सौपी है। जिसमें उल्लेख है कि जेटीईटी पास सहायक अध्यापकों ;पारा शिक्षकोंद्ध को वेतनमान दिया जा सकता है। इसमें कोई भी विधिक अड़चन नहीं है। झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा उर्त्तीणता के 10 साल पूरा कर चुके है। कहा कि पिछले दिनों कई उच्च स्तरीय कमेटी द्वारा टेट पास सहायक अध्यापकों ;पारा शिक्षकोद्ध को सीधे वेतनमान देने की अनुशंसा किए है परंतु आज तक हम सभी टेट पास सहायक अध्यापकों को वेतनमान से वंचित रखा गया है।



### कांवरियों की विशेष सुरक्षा व्यवस्था : एसपी

**कोडरमा।** श्रावणी मेले के मौके पर जिले के रास्ते देवघर जाने वाले कांवरियों की सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन की ओर से चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए एसपी कुमार गौरव ने बताया कि देवघर जाने वाले कांवरियों की सुरक्षा के लिए जिले के चंदवारा, झुमरीघतिलैया, कोडरमा, डोमचांच व मरकच्चो थाना प्रभारियों को विशेष निर्देश जारी कर कहा है कि देवघर जाने वाले रास्ते में दिन व रात पुलिस गश्त नियमित रूप से किए जाने के अलावा सुरक्षा के अन्य पहलुओं पर विशेष ध्यान देना सुनिश्चित करेंगे।

**जान मारने की धमकी :** वहीं पुटकी नशा उन्मूलन महिला समिति की अध्यक्ष सुंदरी देवी को बावला महतो उर्फ दिनबंधु महतो और पांच अन्यलोगों ने गाड़ी रुकवा कर जान मारने की धमकी दी। सुंदरी देवी ग्रामीणों के बुलावे पर भागाबांध बस्ती जा रही थीं। घटना को लेकर सुंदरी देवी ने शनिवार को भागाबांध ओपी में बावला महतो और पांच अन्य के खिलाफ शिकायत कर सुरक्षा की गुहार लगायी है।

### सिंदरी : पति के मौसा ने महिला से की छेड़खानी, फिर किया समझौता

**सिंदरी।** गौशाला ओपी अंतर्गत हेड कांड्रा निवासी गोविंद महतो के 25 वर्षीय पुत्र शंकर महतो की पत्नी ज्योति ने अपने पति के मौसा हेड कांड्रा निवासी रणवीर महतो पर छेड़खानी की लिखित शिकायत रविवार को वरीय पुलिस अधीक्षक धनबाद से की है। शंकर महतो तमिलनाडु में कार्य करते हैं और इसे लेकर आपसी सहमति पत्र गौशाला ओपी में जमा किया गया है। घटना के संबंध में शंकर महतो ने बताया कि शनिवार की रात अपने मौसा मौसी को अपने घर पर खाना खाने के लिए आमंत्रित किया था। परंतु खाने के दौरान कुछ बहस होने के कारण उसके साथ मारपीट की गई। शंकर की पत्नी ज्योति ने बताया कि रणवीर महतो ने पति के साथ मारपीट की और मेरे साथ छेड़खानी की है। इसकी शिकायत वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय में की गई है। घरवालों के दबाव और पति के अक्सर बाहर रहने के कारण समझौता किया गया है। गौशाला ओपी प्रभारी विकास कुमार महतो ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच आपसी सहमति पत्र दिया है।

### डीवीसी से सेवानिवृत्त कर्मियों को दी गई विदाई

बोकारो/चंद्रपुरा। डीवीसी के तेजस भवन के सम्मेलन कक्ष में सेवानिवृत्त कर्मी सुरेश कुमार दास, धीरेंद्र कुमार सिन्हा, विजय बहादुर सिंह और अवधेश तिवारी के सम्मान में आयोजित विदाई सह सम्मान समारोह कार्यक्रम में वरीय महाप्रबंधक और परियोजना प्रधान सुनील कुमार पांडेय ने कहा कि दामोदर घाटी निगम एक ऐसी संस्था है, जो सेवानिवृत्ति के बाद भी मां के समान हमें पालन पोषण करती है। उन्होंने सेवानिवृत्त कर्मियों के कार्यकुशलता की प्रशंसा की और उनके जीवन सुखमय होने की कामना की। महाप्रबंधक परिचालन देवव्रत दास एवं महाप्रबंधक पवन कुमार मिश्रा ने सेवानिवृत्त कर्मियों की कार्यकुशलता की प्रशंसा की। और उन्हें अमूल्य रत्न बताया। समारोह का संचालन प्रदीप कुमार श्रीवास्तव ने किया। मौके पर उप महाप्रबंधक प्रशासन टीटी दास, वरीय प्रबंधक दिलीप कुमार आदि उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### मालगाड़ी की चपेट में आने से एक महिला की मौत

**हुसैनाबाद पलामू।** डीडीयू रेल के जपला सोन नगर रेलखंड के कजरात नावाडीह रेलवे स्टेशन के पोल नंबर 327/25के समीप मालगाड़ी की चपेट मे आने से महिला की मौत हो गई। मृत महिला की पहचाना हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के अलीनगर गांव निवासी नंदलाल राम की 35वर्षीय पत्नी सुनीता देवी के रूप में की गई है। यह घटना रविवार दोपहर 12बजे की बताई जाती है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि महिला अपने पूत्र के साथ बाइक से उतर कर रेलवे क्रॉसिंग पार कर रही थी, इसी बीच अचानक डाउन लाइन में मालगाड़ी की चपेट में आ गई और उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। इसकी सूचना जीआरपी सोन नगर को दी गई। पुलिस उक्त स्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिय अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद भेज दिया है।

### डीलर पर लगाया गया आरोप निराधार

**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड के सगुनी के पीडीएसस डीलर मानती कुंवर एवं लाभुकों ने सगुना पंचायत के मुखिया मंजु देवी द्वारा डीलर पर लगाया गया आरोप को निराधार एवं आपसी द्वेष का मामला बताया है। सगुनी के पीडीस डीलर मानती कुंवर ने बताया कि मुखिया मंजू देवी द्वारा लगाये गये आरोप में कोई सच्चाई नहीं है । उन्होंने कहा कि लाभुकों को मेरे द्वारा हर माह समय पर निर्धारित मात्रा में राशन का वितरण किया जाता है। लाभुकों के द्वारा डीलर के प्रति कोई शिकवा शिकायत नहीं है । मुखिया मंजु देवी के द्वारा अपने स्वार्थ के लिए यह आरोप लगाया गया है। जो सत्य से परे है।

### अबतक नहीं लगा 50% धान का बिचड़ा

**कैरो।** प्रखंड क्षेत्र में रुक रुक कर हर दो दिन में हो रही बारिश के कारणअबतक किसान मुख्य फसल धान की विचड़ा नहीं कर पा रहे हैं। क्षेत्र में हर दो दिन में भारी वर्षा के कारण किसानों का कहना है कि खेत मे जुताई के लिए नहीं बन पा रहा है जिस कारण विचड़ा डालने का मौका ही नही मिल रहा है और अब समय निकलने लगा है। वहीं बीज दुकान के संचालकों का कहना है कि इस बार बाकी समय के अनुसार अबतक पचास प्रतिशत भी धान बीज की बिक्री नहीं हुई है।

### चैनपुर अनुमंडल में हुई क्राइम मीटिंग

**चैनपुर।** इंस्पेक्टर बैजू उरांव ने चैनपुर अनुमंडल के सभी छः थाना के थाना प्रभारियों के साथ क्राइम मीटिंग किया। जिसमें चैनपुर थाना, कुरूमगढ़ थाना, जारी थाना, डुमरी थाना, रायडीह थाना एवं सुरसांग थाना के थाना प्रभारी शामिल हुए। बैठक में इंस्पेक्टर बैजू उरांव ने सभी थानेदारों को अपने अपने क्षेत्रों में लोगों से आपसी समन्वय स्थापित कर अपराध पर अंकुश लगाने की बात कही। वहीं थाने में लंबित कांडों को जल्द निपटाने को कहा। मौके पर चैनपुर इंस्पेक्टर बैजू उरांव, चैनपुर थाना प्रभारी आशुतोष सिंह, जारी प्रभारी मनीष कुमार, कुरूमगढ़ प्रभारी नीतीश कुमार, डुमरी प्रभारी विवेक पांडेय, सुरसांग प्रभारी देवप्रताप प्रधान, रायडीह प्रभारी अमित कुमार थे।

### मारपीट का आरोपी गिरफ्तार, जेल

**गुमला।** थाना क्षेत्र के कीता गांव में डायन बिसाही का आरोप लगाकर वृद्ध महिला देवकी देवी से मारपीट करने वाला उसके भतीजे मुनेश्वर तूरी उर्फ मने को गिरफ्तार कर रविवार को गुमला पुलिस ने जेल भेज दिया। गुमला थाना परिसर में प्रेस कान्फ्रेंस कर इंस्पेक्टर मनोज कुमार ने बताया कि डायन बिसाही के शक में मुनेश्वर तूरी ने अपनी चाची देवकी देवी (65) को शनिवार की शाम मारपीट कर घायल कर दिया था। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर अभियुक्त को जेल भेज दिया। गिरफ्तारी में पुअनि दीपक रौशन, सअनि धनंजय सिंह सक्रिय रहे।

### सूड़ी धर्मशाला में प्रतिभा सम्मान समारोह

**गुमला।** सूड़ी समाज गुमला ने रविवार को गुमला बस स्टैंड स्थित सूड़ी धर्मशाला में प्रतिभा सम्मान सह रक्तदान शिविर लगाया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित संरक्षकों और जिलाध्यक्ष ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। जिलाध्यक्ष सूरज साहु ने कहा समाज के लोग अब शिक्षा के प्रति काफी जागरूक हुए हैं। जिसका परिणाम है की आज मैट्रिक और इंटर में समाज के बच्चे काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। साथ ही वर्ष 2023 मे सरकारी शिक्षक पद पर समाज के कई युवाओं की बहाली हुई है। रक्तदान हेतु प्रेरित करते हुए कहा कि रक्त का कोई विकल्प नहीं है। मौके पर समाज के संरक्षक विनय कुमार लाल, सचिव संदीप प्रसाद ने बताया कि रक्तदान शिविर में कुल 26 यूनिट रक्तदान किया गया। रक्तदान करने वालों में सूरज कुमार साहू, पुनीत कुमार लाल, राहुल चौधरी, गोपाल प्रसाद, सूरज प्रसाद, अवधेश साहू, अलका देवी, अमृता चौधरी, इंदरजीत कुमार, साहू, राजेश कुमार, तुलेश्वर साहू, मिथिलेश प्रसाद, मुकेश साहू, विक्रम कर्मकार, सुमित साहू, नीरज साहू, ज्ञानचंद साहू, ऋतुराज गुलशन, संजय कुमार, अनीता प्रसाद, मोहित साहू, आदित्य साहू, महेश्वर सिंह के नाम शामिल है।

### पेड़ लगायें जीवन बचायें : शंकर लाल

**गुमला।** लायंस क्लब गुमला ने रविवार को सांता पब्लिक स्कूल शास्त्री नगर गुमला में वृक्षारोपण किया। मौके पर लायंस क्लब गुमला के अध्यक्ष शंकरलाल जाजोदिया ने कहा कि पेड़ एक पुत्र के समान है। आज लोग पेड़ों की अवैध कटाई कर रहे हैं जो गलत है। पेड़ से हमें ऑक्सीजन मिल रही है। उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति से एक पौधा लगाने की अपील की। क्लब के सचिव लायन अशोक जायशवाल ने कहा परिवार में जिस तरह हम अपने लोगों का देखभाल करते हैं उसी प्रकार से हमें वृक्षों का देखभाल करना चाहिए। लायंस क्लब गुमला के पीआरओ लायन हेमंत कुमार ने कहा कि पेड़ है तो जीवन है। प्रत्येक व्यक्ति को एक एक पौधा जरूर लगाना चाहिए। मौके पर पवन अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, बनवारी लाल अग्रवाल, गुलाब चंद्र प्रसाद, विशाल कुमार, अनुराधा प्रसाद, शशि किरण, विशाल कुमार ने भी पेड़ों के महत्व पर प्रकाश डाला।

### भाजपा नेता भूपन साहू के पुत्र का निधन

**गुमला।** वरिष्ठ भाजपा नेता भूपन साहू के पुत्र प्रकाश साहू (30) का टीएमएच हॉस्पिटल टाटा में निधन हो गया। उसके निधन पर गुमला जिला भाजपा ने शोक जताते हुए मृत आत्मा की शांति की प्रार्थना की। शोक प्रकट करने वालों में जिलाध्यक्ष अनुपचन्द्र अधिकारी, सांसद सुदर्शन भगत, राज्यसभा सांसद समीर उरांव, डॉ दिनेश उरांव, डॉ अरुण उरांव, प्रदेश मंत्री मुनेश्वर साहू, पूर्व विधायक जीतवाहन बड़ाइक, कमलेश उरांव, शिवशंकर उरांव, शिवप्रसाद साहु, बालमुकुंद महतो, प्रेम केशरी, मंगल सिंह भोक्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश गोयल, सुबोध लाल, विनय लाल, विजय मिश्रा, निवर्तमान जिलाध्यक्ष सविंद सिंह, अवधेश प्रताप शाहदेव, यशवंत सिंह, जिला महामंत्री सत्यनारायण पटेल, सूरजदेव सिंह आदि शामिल हैं।

# भंडरा में 6 करोड़ की लागत से बनेंगे 30 धूमकुड़िया भवन

- भवन का मंत्री और राज्यसभा सांसद ने किया शिलान्यास
- आदिवासियों की धर्म, संस्कृति, परंपरा को बचाने के लिए धूमकुड़िया भवन की जरूरत : डॉ रामेश्वर उरांव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भंडरा।** स्थानीय विधायक शाह मंत्री रामेश्वर उरांव राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के द्वारा प्रखंड परिसर में आयोजित समारोह में कुल 6 करोड़ 1लाख 26 हजार की लागत से 30 धूमकुड़िया भवन के निर्माण के शिलान्यास किया गया। शिलान्यास के मौके पर बिशनपुर विधायक के प्रखंड प्रतिनिधि मिट्ठू उरांव, जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, भंडरा प्रखंड जीप सदस्य राजमणि उरांव, कैरो प्रखंड जिप सदस्य सुखदेव उरांव, सेन्हा प्रखंड जिप सदस्य राधा तिर्की, एसडीओ अरविंद कुमार लाल, बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा, सीओ दिनेश कुमार गुप्ता, रोहित उरांव मुख्य रूप से उपस्थित थे। उपस्थित लोगों के द्वारा नारियल फोड़कर एवं सिलापट से अनावरण हटाते हुए धूमकुड़िया भवन निर्माण का शिलान्यास किया गया। इस मौके पर एक समारोह का आयोजन हुआ।

### क्या बोले वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव

समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि आदिवासियों की पहचान उनकी धर्म, संस्कृति, भाषा एवं परंपरा में समाहित है। आदिवासियों की धर्म, संस्कृति, परंपरा को बचाने के लिए धूमकुड़िया भवन की आवश्यकता है। इसी को देखते हुए झारखंड सरकार के द्वारा क्षेत्र में धूमकुरिया भवन निर्माण का कार्य किया जा रहा है। धूमकुरिया भवन बनने से आदिवासियों को अपने धर्म, संस्कृति, परंपरा को बचाने में मदद मिलेगी। मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा की सभी गांव एवं टोलो में आदिवासी आखरा का निर्माण विधायक कोष से कराया जा रहा है। जहां भी धूमकुरिया भवन या अखरा की आवश्यकता महसूस होती है। वहां की ग्रामीण आवेदन दें। उनके आवेदनों पर उनके इच्छा के अनुसार कार्य किया जायेगा।

### क्या बोले राज्यसभा सांसद धीरज साहू



समारोह को राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने भी संबोधित किया उन्होंने कहा कि क्षेत्र के आदिवासियों की धर्म, संस्कृति, सभ्यता, भाषा, परंपरा की रक्षा करने के लिए सरकार दृढ़ संकल्पित है। क्षेत्र के आदिवासियों के प्रति सरकार हमेशा ही सहयोगात्मक रही है। इस क्षेत्र के लोग सरकार के कार्यशैली को जानते ओर समझते हैं । इनके द्वारा हमे हमेशा ही प्यार मिलता रहा है। क्षेत्र में धूमकुड़िया भवन के निर्माण में स्थानीय विधायक रामेश्वर उरांव का महत्वपूर्ण भूमिका है। इस कार्य के लिए उन्होंने विशेष रूप से प्रयास कर योजनाओं की स्वीकृति कराया है। समारोह में आये मंत्री राज्यसभा सांसद सहित अन्य अतिथियों का स्वागत पारंपरिक रूप से कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की छात्राओं द्वारा किया गया। जेएसएलपीएस के महिला समूह ने स्वागत गीत प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन डीएसओ नारायण राम के द्वारा किया गया ।धन्यवाद ज्ञापन एसडीओ अरविंद कुमार लाल ने किया। कार्यक्रम में जिप सदस्य रीना कुमारी राजमणि उराव, सुखदेव उरांव, राधा तिर्की, रोहित उरांव, डोमना उरांव, सुखैर भगत, निशीत जयसवाल, जुगल भगत, बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा, सीओ दिनेश कुमार गुप्ता, एमओ भीम उरांव, रऊफ अंसारी, मुखिया इंद्रदेव उरांव, परमेश्वर महली आदि थे।

### धूमकुड़िया भवन में सभी सुविधाएं देने का प्रयास

जिला के भंडरा, सेन्हा किसको, कैरो प्रखंड क्षेत्र में कुल 30 धूमकुड़िया भवन का निर्माण होगा। जिसमे प्रत्येक भवन 2 लाख 4 हजार 200 रुपये की लागत से निर्माण की जायेगी। धूमकुड़िया भवन में सभी सुविधाएं देने का प्रयास किया गया है। जिसमें पानी, शौचालय, बिजली सहित अन्य सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। बताया गया कि भंडरा प्रखंड के कसपुर बिछिया टोली, कसपुर ,मुकुंदा, धोबली, डूंमरी, बुडका, बलसोता सरना टोली, सोरदा, पोड़हा, टेटरटोली, सेन्हा प्रखंड के बंनसरी, नवढी, आराहसा, हेसवे नवाटोली, कोरमबे, गोसाई टोली, कंडरा, कलहेपत, अर, चटकपुर, पारही, पाली, गोसाई टोली, पतराटोली। कैरो प्रखंड के चेरीमां झखरा। किस्को प्रखंड के चौरंटागी एवं महुरंगटोली में धूमकुड़िया भवन का निर्माण किया जायेगा।

# गर्मी झेल चुके लोगों को बारिश में भी नहीं मिल रही बिजली : सांसद

- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जिले के लोगों को बिजली मुहैया कराने की अपील
- गांव के जले ट्रांसफार्मर के कारण कई स्थानों में बिजली है ठप

**खबर मन्त्र संवाददाता**



सांसद सुदर्शन भगत व भाजपा जिलाध्यक्ष।

**गुमला।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन जी पूरा गर्मी जनता परेशान रही। उन्हें बिजली नहीं मिला अब बरसात में भी बिजली लोगों को रुला रही है। उक्त बातें सांसद श्री सुदर्शन भगत ने रविवार को स्थानीय परिसदन में गुमला दौरे क्रम में कही। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में बिजली नहीं है लेकिन शहरी इलाकों में भी बिजली दूभर है। बिजली कड़कने से करीब दो दर्जन गांव से ज्यादा जगहों पर ट्रांसफार्मर जल गया है। शहरी इलाकों में भी कई जगहों ट्रांसफर जलने की सूचना है। गांव में बिजली ब्यवस्था पूरी तरह से ठप है। सांसद ने कहा कि राज्य में कब तक मरम्मती करवा कर ट्रांसफर दीजिएगा। नया ट्रांसफर की खरीद सरकार नहीं कर रही है। ट्रांसफार्मर मरम्मत करने वाले कर्मचारी भी हाथ खड़े कर दिये हैं। विभाग के कर्मचारी तेल की कमी स्पेयर नहीं होने की बात कहकर अपना पल्ला झाड़ते है। 100 यूनिट बिजली फ्री देने वाली सरकार गांव में बिजली ही नहीं देती है ये तो दुर्भाग्य है।

- अभी गुमला में डुमरी खास, कामडारा सिसई, पिलखी, संबल, गुमला के मधुवन, कुटवा, अंबोवा विशुनपुर सहित कई गांव में ट्रांसफार्मर जल गया है। लेकिन बिजली विभाग शून्य पड़ा है। विभाग के कर्मी कहते हैं कि हमारे हाथ में कुछ नहीं है। समानों की खरीददारी नहीं हो रही है। गांव के लोग त्रस्त है। सांसद श्री भगत जी ने राज्य सरकार को बिजली मुहैया कराने की मांग की है। कहा कि राज्य में केंद्र सरकार द्वारा संचालित हर घर नल जल योजना की भी स्थिति अच्छी नहीं है। मोनिटरिंग सही नहीं होने से काम सही नहीं हो रहा है। पीएम मोदी ने पेयजल सुविधा हर घर तक पहुंचाने के लिए यह योजना चलायी पर अभी तक कई गांव में शुरुआत नहीं हुई है।

अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ गुमला जिला कार्यकारिणी की बैठक, बोले

# शिक्षा विभाग के कार्यालयों में बेवजह लटकाया जाता है शिक्षकों का फाइल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ गुमला जिला कार्यकारिणी की बैठक रविवार को जिलाध्यक्ष रामचंद्र खेरवार की अध्यक्षता में राजकीयकृत मध्य विद्यालय गुमला के सभाकक्ष में हुई। बैठक में शिक्षकों के विभिन्न समस्याओं पर चर्चा करते हुए उसके समाधान की दिशा में कार्य करने का निर्णय लिया गया। बैठक में भविष्य निधि की अग्रिम भुगतान, चिकित्सा अवकाश, मातृत्व अवकाश और उपर्जित अवकाश पर विलंब होने से चिकित्सकों ने रोष व्यक्त किया। बैठक में कहा गया कि शिक्षा विभाग के कार्यालयों में शिक्षकों का फाइल बेवजह महीनों तक रोके रखा जाता है। जिसके कारण शिक्षक हमेशा परेशान रहते हैं। बैठक में कहा गया कि शिक्षा विभाग कार्यालय इस दिशा में संज्ञान नहीं लेती है तो संघ संघीय प्रावधान के तहत कार्य करने को बाध्य होगा।



बैठक को संबोधित करते प्रधान महासिवच।

- वहीं प्रारंभिक शिक्षकों के देय प्रोन्नति पर विलंब होने पर भी बैठक में रोष व्यक्त किया गया। ग्रेड 4 व ग्रेड 7 में लंबे समय से प्रोन्नति नहीं दी जा रही है। जबकि ग्रेड 3 भी गुमला जिला में आज तक नहीं हुआ है। बैठक में निर्णय लिया गया कि शिक्षकों की सेवा संपुष्टि का कार्य संघ के पदाधिकारी अपने स्तर से हल करेंगे। वहीं 2004 बैच के शिक्षकों का ओपीएस का फाइल निदेशालय भेजा जाना है वह अभी तक नहीं हुआ है।

# दो महीने पहले दफनाया गया व्यक्ति निकला जिंदा

- जिस कुरा उरांव का हुआ था अंतिम संस्कार वो मिला एक होटल में मजदूरी करते
- सवाल अगर कुरा उरांव जिंदा तो शव किसका?
- कूडू थाना प्रभारी ने मामले को लेकर कहा करेंगे जांच

**राहुल चौधरी**



इसी कब्रिस्तान में दफनाया शव और जिंदा कुरा उरांव (इनसेट)।

**कूडू।** कुडु थाना क्षेत्र में एक सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है जिससे सबकी नींद उड़ी हुई है। कुडु थाना क्षेत्र के नावाटोली स्तिथ रुद्र मखाटोली निवासी स्व धनु उरांव के पुत्र कुरा उरांव का उनके परिजनों द्वारा दो महीने पहले अंतिम संस्कार कर दिया गया था,वो व्यक्ति जिंदा निकला,जिसकी चर्चा पूरे गांव में हो रही है। लोगों का कहना है जब ये जिंदा है तो किसके शव को कुरा उरांव का शव बताकर दफना दिया गया ये सवाल अब लोगो को परेशान कर रही है। जानकारी अनुसार कुरा उरांव के शव को परिजनों द्वारा नावातोली स्तिथ कब्रिस्तान में दफना दिया गया था। पर दो महीनो के बाद कुरा उरांव अपने घर लौट आया।

### अपने अंतिम संस्कार से अनजान है कुरा उरांव

उसने बताया कि वो चंदवा के एक होटल में काम करता है उसे तो पता भी नहीं कि परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार करते हुए किसी और का शव को उसके जगह दफना दिया गया है। सवाल ये उठता है की अगर कुरा उरांव जीवित है तो किसका शव दफनाया गया। लोगों की दबी जुबान से जमीन हड़पने को लेकर ये साजिश करने की बात कही जा रही है। लेकिन सारी सच्चाई पुलिसिया जांच में ही सामने आ सकती है की आखिर मामला है क्या? बताया जाता है की कुरा उरांव विकलांग है एवम दूसरे शहरों में जा कर होटलों में मजदूरी करता है। कुरा का घर भी नही है। उसका घर गिर चुका है। ग्रामीणों के बीच चर्चा है की शव चंदवा थाना क्षेत्र के बरवाटोली जंगल में मिला था। जिसकी सूचना चंदवा थाना को दी गई थी एवम परिजनों ने शव को कुरा उरांव के रूप में पहचानी करते हुए शव को गांव लाकर अंतिम संस्कार करते हुए दफना दिया। अब सवाल उठ रहा है की आखिर जब कुरा उरांव जिंदा है तो किसके शव को कब्रिस्तान में दफना दिया गया। इस पूरे घटना पर उसके परिजन कुछ भी कहने से बच रहे है। इधर इस मामले पर कुडु थाना प्रभारी विश्वजीत कुमार सिंह ने कहा की उन्हें इस मामले की जानकारी नहीं है ,चूंकि शव चंदवा थाना क्षेत्र में मिला है तो शायद वहा की पुलिस इस दिशा में करवाई कर रही होगी। उन्होंने अपने स्तर से भी इस मामले को जांच कराने की बात कही।

# झारखंड के प्रथम स्पीकर नामधारी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भेजा पत्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** झारखंड के प्रथम विधानसभा अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र भेजकर जेईई मेंस की कट ऑफ संख्या बढ़ाने पर छात्रों के छंटने की जानकारी से अवगत कराया है। श्री नामधारी का मुख्यमंत्री के नाम भेजा गया पत्र का हू-ब-हू अंश प्रस्तुत है।

> प्रिय हेमंत जी,
> आशा है आप सानंद होंगे। झारखंड के सर्वांगीण विकास के लिए आप सतत प्रयत्नशील हैं लेकिन जेईई मेंस की कट ऑफ संख्या 383 कर दिये जाने के कारण झारखंड के लगभग 150 छात्र छंटने जा रहे हैं। यह ज्ञातव्य है कि बिहार ने अपने राज्य के कट ऑफ संख्या 318 रखी है तथा यूपी जैसे अन्य राज्यों ने भी कोरोना महामारी के चलते अपने-अपने राज्यों में कट ऑफ रेख को कम करके रखा है। इसे दुर्भाग्य ही कहेंगे कि उँची कट ऑफ रेखा से कई अच्छे-अच्छे विद्यार्थी भी छंटने जा रहे हैं। आशा है आप इस बिन्दु पर शीघ्रता के साथ ठोस कार्रवाई करेंगे ताकि अच्छे विद्यार्थी नामांकन पाने में सफल हो सकें। सस्नेह- इंदरसिंह नामधारी

### मारवाड़ी युवा मंच के दो सदस्यों ने किया रक्तदान

**गुमला।** मारवाड़ी युवा मंच गुमला के दो सदस्यं ने रक्तदान किया। जिसमें पंकज साबू और भूषण नर्सरिया ने बी पॉजिटिव रक्तदान कर मरीजों की जान बचायी। पंकज साबू ने कहा हर 3 महीने पर रक्तदान करना चाहिए। इससे शरीर स्वस्थ रहता है। मौके पर लैब टेक्नीशियन राकेश कुमार मंजू किंडो नटवर अग्रवाल अमित मंत्री ऊर्फ गोलू उपस्थित थे।

### बजरंग दल का किया गया विस्तार

**लोहरदगा।** जिला बजरंग दल की बैठक फुलवारी राम मंदिर में हुई। जिसमें संगठन की मजबूती पर चर्चा हुई। साथ ही बैठक में जिला टोली का विस्तार हुआ। जिसमें जिला सहसंयोजक लवकेश राय उर्फ राजा, अखाड़ा प्रमुख चंदन साहू, विद्यार्थी प्रमुख सनी कुमार, गौ रक्षा प्रमुख चंदन गोप को बनाया गया।

# गुमला की नेत्रहीन छात्रा को दिल्ली में पढ़ायेगा तेली समाज

- छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज के पदाधिकारियों ने पालकोट का किया दौरा
- छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज के सदस्यों की गणना भी पालकोट से किया आरंभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज जिला गुमला जिला अध्यक्ष श्यामसुंदर साहू एवं महासचिव शिवचरण साहू ने सामाजिक कार्य हेतु पालकोट प्रखंड का दौरा किया। दौरे के क्रम में पालकोट निवासी कौशल्या कुमारी नेत्रहीन बालिका के पिता त्रिलोचन साहू एवं परिवार से औपचारिक मुलाकात की। विदित हो कि कौशल्या कुमारी समाज के सहयोग से नेत्रहीन विद्यालय रांची में पढ़ाई कर रही थी और 69% मार्क्स लाकर मैट्रिक की परीक्षा उत्तीर्ण की है। उनकी आगे की इच्छा दिल्ली में पढ़ने की है। अभिभावकों के अनुरोध पर समाज उसकी आगे की पढ़ाई के लिए धनराशि देगा।

### ऑटो पलटने से एक महिला की मौत

**गुमला।** चैनपुर थाना क्षेत्र के हान्दू पुल के समीप ऑटो के पलटने से उरु बरडीह निवासी 45 वर्षीय छबीला देवी व 40 वर्षीय पति देवी घायल हो गई। जिन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल गुमला लाने के क्रम में रास्ते में ही पति देवी की मौत हो गई। जिसका आज पोस्टमार्टम करते हुए परिजनों को सौंप दिया गया है। वहीं छबीला देवी का सदर अस्पताल गुमला में इलाज चल रहा है। घटना के संबंध में मृतक के भगीना करमपाल गोप ने बताया कि कल देर शाम गुमला बाजार करते हुए मेरी मामी और अन्य लोग ऑटो से घर जा रहे थे।

# सेवा भारती के जांच शिविर में 41 लोगों ने करायी जांच

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के परिसर मे लगातार 55 वें सप्ताह के रविवार को भी सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, प्रोफेसर परमानंद प्रसाद अग्रवाल व डॉ कुमुद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर इस शिविर का शुभारंभ किया। इस शिविर में 41 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच एवं इलाज कराया। प्रो परमानंद प्रसाद ने कहा कि प्रत्येक सप्ताह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाना बहुत ही सराहनीय कार्य हैं, मानव सेवा से बड़ा कोई कार्य नहीं है। जिलाध्यक्ष दीपक सर्राफ व डॉ कुमुद अग्रवाल ने भी लोगों को संबोधित किया।

# तेली समाज को नजरअंदाज कर बंधुआ वोटर समझती है भाजपा : दीनदयाल साहू

- राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन झारखंड प्रदेश कार्यसमिति की बैठक गुमला में संपन्न
- प्रदेश कार्यसमिति को निर्णय लेकर किया गया भंग

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कार्यक्रम में राष्ट्रीय अपर मंत्री को सम्मानित करते गुमला जिला अध्यक्ष।

**गुमला।** राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन झारखंड प्रदेश कार्यसमिति की बैठक रविवार को सिसई रोड स्थित पोद्दार धर्मशाला प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक राष्ट्रीय अपर महामंत्री श्री दीनदयाल साहू सहित विभिन्न जिलों के अध्यक्ष व सचिव शामिल हुए। मुख्य अतिथि महासंगठन के राष्ट्रीय अपर महामंत्री दीनदयाल साहू ने कहा कि लम्बे समय से तेली समाज अपनी उपेक्षा को बर्दाश्त करता रहा है। बार बार मोदी जी के नाम पर हम थोक वोट भाजपा को देते आ रहे हैं। परन्तु भाजपा लगातार हमें नजर अंदाज कर एवं बंधुआ वोटर समझती है। अब भागीदारी नहीं तो वोट नहीं के तर्ज पर हम निर्णय लेने को बाध्य हो चुके हैं। बैठक को प्रदेश कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष केदार साव, संजय स्नेही, हरिनाथ साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव साहू, विकास साव, महिला मोर्चा के प्रदेश अध्यक्षा प्रियंका कुमारी, जमशेदपुर महानगर जिलाध्यक्ष मनोज गुप्ता, पलामू जिलाध्यक्ष अशोक प्रसाद साव, लातेहार जिला अध्यक्ष श्री रामप्यारे साहू एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुंज विहारी साव ने भी अपने विचार रखे।

- बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित करके प्रदेश कार्यसमिति को भंग कर दिया गया ताकि समाज को भागीदारी दिलाने के उद्धेश्य को ध्यान में रखकर नयी कार्यसमिति का गठन किया जा सके। राजधानी राँची स्थित आवासीय प्रदेश कार्यालय जो सामाजिक लोगों के ठहरने का एक मात्र निःशुल्क सेवा केन्द्र है। उसे प्रदेश और जिला कार्यसमिति ने आपसी सहयोग से संचालित करने का प्रस्ताव पारित किया। प्रत्येक जिला में प्रत्येक महीना मासिक बैठक करने का प्रस्ताव पारित किया गया

# चेंबर की मांगों को सरकार तक पहुंचायेंगे : किशोर मंत्री

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज और पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की संयुक्त बैठक रविवार को होटल ज्योति लोक के सभागार में चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर की अध्यक्षता में हुयी। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि चेंबर की मांगों को सरकार तक पहुंचायेंगे।

बैठक में रीजनल वाइस प्रेसिडेंट संजय शांडिल्य एवं झारखंड चेंबर के सेक्रेटरी जेनरल डॉ अभिषेक रामाधीन, उपाध्यक्ष अमित शर्मा, आदित्य मल्होत्रा, कोषाध्यक्ष सुनील केडिया, शैलेश अग्रवाल, रोहित पोद्दार, पी आरओ ज्योति कुमारी, पूर्व अध्यक्ष मनोज नरेड़ी तथा रांची मुक्ति संस्थान के अध्यक्ष सह झारखंड चेंबर के एक्सक्यूटिव सदस्य प्रवीण लोहिया एवं स्थानीय व्यवसायिक संगठन के अध्यक्ष प्रभात अग्रवाल, डालटनगंज चेंबर के अध्यक्ष विनोद उदयपुरिया, शहर के प्रसिद्ध व्यवसाई नवल तुलस्यान, लातेहार चेंबर के अध्यक्ष सुशील अग्रवाल, बंसीधर चेंबर, लेस्लीगंज चेंबर, मझियाव चेंबर, पांकी चेंबर तथा पलामू चेंबर महिला विंग की अध्यक्षा शर्मिला वर्मा समेत काफी संख्या में सदस्य उपस्थित हुए और अपनी बातों को रखा। चेंबर की बैठक में पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के उपाध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल द्वारा प्रस्तावित प्रथम एजेंडा शहरी जलापूर्ति योजना के संबंध में निर्णय लिया गया कि एक बार झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एवं पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स की एक प्रतिनिधिमंडल पीएचडी मिनिस्टर से मिलकर वार्ता करेंगे और वार्ता संतोषजनक नहीं होने पर पलामू चेंबर पीआईएल करेगा।

भारत एक ऐसा देश है जिसकी धरती पर लंबे समय से अध्यात्म का बोल-बाला रहा है. समय-समय पर हमारे देश में कई ऋषि-मुनियों के अवतार हुए जिन्होंने लोगों को आंतरिक शांति, ध्यान, करुणा और त्याग आदि के पथ पर बढ़ने को प्रेरित किया है. इन धार्मिक और अध्यात्मिक गुरुओं ने न केवल देश बल्कि विदेश में भी योग और ध्यान के माध्यम से स्वस्थ और सुखी जीवन जीने का मार्ग दिखाया. भारत में आध्यात्मिक गुरु को अधिकांश लोग भगवान का दर्जा दे देते हैं।

लोगों का भारत में आध्यात्मिक गुरु में पूरी श्रद्धा है और यह विश्वास भी कि अगर भगवान के बाद कोई है जो आपकी समस्याओं को हल कर सकता है तो ये गुरु हीं हैं. लोग बाग अपनी हर तरह की परेशानियाँ, अपने कष्टों के उपाय की तलाश में इन गुरुओं की शरण में पूरी आस्था के साथ जाते हैं कि उनके कष्टों का निवारण हो जाएगा।

जहां एक तरफ भारत में आध्यात्मिक गुरु में लोगों की आस्था दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है, वही दूसरी तरफ कुछ लोगों ने इसे व्यवसाय बना लिया है. आजकल समाज में नकली संतों की भरमार है, मानो धर्म-अधर्म की राह पर चल पड़ा हो. आए दिन हमें इस तरह की कोई न कोई खबर मिल ही जाती है जिसमें किसी न किसी बाबा के ढोंग का खुलासा होता है।

ऐसी खबरें थोड़ी देर के लिए लोगों का विश्वास तो जरूर हिला देती हैं लेकिन उनकी आस्था तब भी बरकरार रहती है, शायद यही कारण है कि सामान्य लोगों की भावनाओं से खेलना इन बाबाओं के लिए आसान हो गया है. साथ ही ये धार्मिक गुरु आसानी से अपनी कुकृत्य के बाद भी बच जाते हैं क्यूंकि इनके भगतों में न केवल अज्ञानी आते हैं बल्कि वो लोग भी होते हैं जो काफी पढ़े लिखे होते हैं और इनकी गलतियों का इन्साफ कर सकते हैं. वहीँ अगर इसके दूसरे पहलू को देखें तो कुछ समाज में ऐसे भी गुरु हैं जो लोगों को ध्यान और अच्छे कार्यो में लिप्त रहने की सलाह देते हैं. भारत में आध्यात्मिक गुरु के शिष्य लाखों-हजारों की संख्या में हैं जो इन्हें ईश्वर के दूत की तरह मानते हैं हालांकि समय-समय पर इनके द्वारा किए गये कार्यो को आस्था और अंधविश्वास से जोड़ा जाता है।




# गुरुब्रह्मः गुरुर्विष्णु गुरुर्देवो महेश्वर

**मुरलीधर**

दुनिया में सबसे ऊंचा स्थान अगर किसी का होता है तो वो है आपके गुरु का। गुरु के प्रति इस आदर सम्मान को व्यक्त करने के लिए आषाढ़ मास की पूर्णिमा को गुरु पूर्णिमा मनाई जाती है। इस बार यह 27 जुलाई 2018 को मनाई जाएगी। भारतवर्ष में कई विद्वान गुरु हुए हैं, किन्तु महर्षि वेद व्यास प्रथम विद्वान थे, जिन्होंने सनातन धर्म (हिन्दू धर्म) के चारों वेदों की व्याख्या की थी। गुरु पूर्णिमा के दिन महाभारत के रचयिता कृष्ण द्वैपायन व्यास का जन्म हुआ था। वह संस्कृत के बहुत बड़े विद्वान थे जिन्होंने चारों वेदों की रचना की थी। यही वजह है कि उनका एक नाम वेद व्यास रखा गया। इतना ही नहीं उन्हें आदिगुरु के नाम से भी पहचाना जाता है। खास बात यह है कि उनके सम्मान में गुरु पूर्णिमा को व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है।

**जानिए किस वजह से मनाई जाती है गुरु पूर्णिमा और क्या है महत्त्व**

गुरु के समक्ष नतमस्तक होकर उनके प्रति कृतज्ज्ञता व्यक्त करने का सर्वोत्तम दिन है गुरु पूर्णिमा। इस दिन गुरु पूजा करने का नियम है। प्राचीन गुरुकुल व्यवस्था के तहत शिष्य इसी दिन श्रृद्धा भाव से प्रेरित होकर अपनी सामर्थ्यानुसार दक्षिणा देकर गुरु के प्रति अपनी कृतज्ज्ञता व्यक्त करते थे। इस दिन चारों वेदों के व्याख्याता वेद व्यास जी की प्रमुख रूप से पूजा की जाती है।

वैसे तो गुरु के मौजूद रहने पर किसी भी दिन उनकी पूजा की जानी चाहिए। किंतु पूरे विश्व में आषाढ.मास की पूर्णिमा के दिन विधिवत गुरु की पूजा करने का विधान है। उस दिन हर शिष्य को अपने गुरु की पूजा कर अपने जीवन को सार्थक करना चाहिए। वर्ष की अन्य सभी पूर्णिमाओं में इस पूर्णिमा का महत्त्व सर्वाधिक है। इस पूर्णिमा को इतनी श्रेष्ठता प्राप्त है कि इस एकमात्र पूर्णिमा का पालन करने से ही वर्ष भर की पूर्णिमाओं का फल प्राप्त होता है। गुरु पूर्णिमा एक ऐसा पर्व है, जिसमें हम अपने गुरुजनों, महापुरुषों, माता-पिता एवं श्रेष्ठजनों के लिए कृतज्ञता और आभार व्यक्त करते हैं। गुरु वास्तव में कोई व्यक्ति नहीं, वरन् उसके अंदर निहित आत्मा है। इस प्रकार गुरु की पूजा व्यक्ति विशेष की पूजा न होकर गुरु की देह में समाहित परब्रह्म परमात्मा और परब्रह्म ज्ञान की पूजा है। आषाढ़ मास की पूर्णिमा विशेष रूप से गुरु पूजन का पर्व है। इस पर्व को 'व्यास पूर्णिमा' भी कहते हैं।

आषाढ़ मास में वर्षा ऋतु के बादल कभी चांद की ओर हों, तो उसकी रोशनी भी ढक सकते हैं और जब अंधकार हो जायेगा तब गुरु पूर्णिमा का प्रकाश बेहद शीतलता देगा। उसी प्रकार सच्चे शिष्य कितने भी अंधकार में हों, गुरुदेव उन्हें ढूंढ ही लेते हैं। चन्द्रमा केवल निमित्त मात्र है। वह केवल दर्पण है जो आत्मसाक्षात्कार कराता है।

चूंकि सूर्य आत्मा है इसलिये सीधे आत्मा का साक्षात्कार संभव नहीं होता। अर्जुन जैसा महान योद्धा भी श्री कृष्ण के विराट रूप को देखकर बोल उठा था- प्रभु, आपका तेज सहस्त्र सूर्यों के समान है। मैं इसे सह नहीं पा रहा हूं, कृपया अपने सौम्य चतुर्भुज रूप में आयें। अध्यात्म में सूर्य रूपी ज्ञान के प्रकाश से सीधा साक्षात्कार न करके गुरु रूपी चन्द्रमा के माध्यम से लाभ उठाने का नियम है। सूर्य परम तेजस्वी है और चन्द्रमा परम शीतल। चन्द्रमा माध्यम है सूर्य की रोशनी का। उसी प्रकार गुरु भी माध्यम है परमात्मा के उस दिव्य विराट तेज का।

प्रेम/भक्ति योग में भी प्रभु से मिलन की अपेक्षा गुरु का सान्निध्य शिष्यत्व के सहज ही प्रभु के दर्शनों में सहायक है, मुक्ति दाता है।

चांद जब पूरा हो जाता है तो उसमें शीतलता आ जाती है। इस शीतलता के कारण ही चांद को गुरु के लिये चुना गया होगा। चांद में मां जैसी शीतलता एवं वात्सल्य है। इसलिये हमारे ऋषियों व महापुरुषों ने चांद की शीतलता को ध्यान में रखकर आषाढ.पूर्णिमा को गुरु को समर्पित किया है। अतः शिष्य, गृहस्थ, संन्यासी सभी गुरु पूर्णिमा को गुरु पूजन कर आशीर्वाद ग्रहण करते हैं। गुरु महिमा को इस स्तुति से वंदित किया गया है-

गुरुब्रह्मः गुरुर्विष्णुः गुरुर्देवो महेश्वरः

गुरुः साक्षात परमब्रह्मः तस्मै श्री गुरवे नमः।।

उन्होंने वेदों का विस्तार किया और कृष्ण द्वैपायन से वेदव्यास कहलाये। इसी कारण इस गुरु पूर्णिमा को व्यास पूर्णिमा भी कहते हैं। 16 शास्त्रों एवं 18 पुराणों के रचयिता वेदव्यास जी ने गुरु के सम्मान में विशेष पर्व मनाने के लिये आषाढ़ मास की पूर्णिमा को चुना। कहा जाता है कि इसी दिन व्यास जी ने शिष्यों एवं मुनियों को पहले-पहल श्री भागवत पुराण का ज्ञान दिया था। अतः यह शुभ दिन व्यास पूर्णिमा कहलाया।

इसी आषाढ़ मास की पूर्णिमा को छह शास्त्र तथा अठारह पुराणों के रचयिता वेदव्यास के अनेक शिष्यों में से पांच शिष्यों ने गुरु पूजा की परम्परा डाली। पुष्पमंडप में उच्चासन पर गुरु यानी व्यास जी को बिठाकर पुष्प मालाएं अर्पित कीं, आरती की तथा अपने ग्रंथ अर्पित किए। तब से शताब्दियां बीत गईं। गुरु को अर्पित इस पर्व की संज्ञा गुरु पूर्णिमा ही हो गई।गुरु की ध्यान में निद्रा

## सदगुरुभ्यों नमः



### रात को, सोने से पहले

**ध्यान कैप्सूल**

दिन की समीक्षा, जिसमें दिन की घटनाओं पर प्रतिबिंब शामिल है, यह देखने के लिए कि आपने अपना दिन कैसे जिया है और आप कल चीजों को कैसे बेहतर बना सकते हैं। अजपा जपा, सो हैम की जागरूकता के साथ सामने पर सहानुभूति के मार्ग में, 5 मिनट। दिन के दौरान

कर्मयोग और सेवायोग के इन सरल सिद्धांतों को दिन भर अपनी गतिविधियों में लागू करें:

अपने दैनिक कार्यों और कार्यों को इस दृष्टिकोण को विकसित करके करने की कोशिश करें जैसे कि आप उन्हें अपने जीवन में पहली और आखिरी बार कर रहे हैं। दिन में कम से कम एक नेक काम करने की कोशिश करें।

भक्ति योग के सिद्धांत को पूरे दिन अपने जोड़ों पर लागू करें, नकारात्मक और विनाशकारी के बजाय सकारात्मक और रचनात्मक से जुड़ने का प्रयास करें।

प्रसन्नता का उपहार मनहप्रसाद का यामा अभ्यास करें, और दिन भर आनंद, सकारात्मकता, सद्भाव और आशा की धारा बनाए रखने का प्रयास करें। हर दिन खुशियों के पलों को बढ़ाने की कोशिश करें। बस दूसरों को खुश रखने के लिए खुश रहो

अपने मन को किसी भी नकारात्मकता से साफ करने के लिए सामंजस्यपूर्ण, असंतुष्ट अवस्था में नियामा (भव शुद्धि) लागू करें। अपने विचारों, भावनाओं, और इरादों को शुद्ध रहने दो। किसी के खिलाफ द्वेष या द्वेष न धारण करें। इसके बजाय, एक और सभी के प्रति सद्भावना पैदा करें।

यह अनुशंसा की जाती है कि सभी ईमानदार योग व्यवसायी एक वर्ष के लिए इन में से कई तत्वों को अपनी जीवन शैली में शामिल करें और फिर जीवन की गुणवत्ता में अनुभव किए गए परिवर्तनों पर प्रतिबिंबित करें। हम आशा करते हैं और प्रार्थना करते हैं कि योग की प्रेरणा आपके साथ रहे और बदले में आप योग और योग जीवन पथ पर दूसरों की मदद करने में सक्षम हैं।

**श्री रामकृष्ण परमहंस**

भारत के एक महान संत एवं विचारकों में श्री रामकृष्ण परमहंस का भी नाम आता है जिनकी आध्यात्मिकता की कई कहानियां हैं. इन्होंने सभी धर्म के लोगों के बीच एकता और उनके बीच प्यार पर जोर दिया. स्वामी रामकृष्ण भगवती काली के भक्त और मानवता के पुजारी थे. इतना हीं नहीं, स्वामी विवेकानंद के आध्यात्मिक आरोहण की वजह भी रामकृष्ण हीं थे. गुरु परमहंस को बचपन से हीं विश्वास था कि कठोर साधना और भक्ति का जीवन बिताने से ईश्वर के दर्शन हो सकते हैं इसीलिए वह ईश्वर की प्राप्ति के लिए लंबी समाधियों में लीन रहा करते थे।

साधना के अंत में वह इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि संसार के सभी धर्म सच्चे हैं और उनमें किसी तरह कि कोई भिन्नता नहीं है. वह ईश्वर तक पहुँचने के अलग-अलग साधन मात्र हैं. स्वामी रामकृष्ण के प्रशंसक न केवल देश बल्कि विदेश में भी थे।

# गुरु निहाल करता है गुरु उच्च स्थान देता है



**अनुष्का चौधरी**

**ज्योतिषीय कारण**

हम जानते हैं कि तिथियों का बनना सूर्य व चन्द्रमा पर आधारित है।

सूर्य आत्मा का कारण है और चन्द्रमा मन का कारण है। सूर्य तेज है तो चन्द्रमा शीतलता है। भगवान शिव जी ने भी द्वितीया का चन्द्रमा मस्तक पर धारण किया है। हलाहल पान की गर्मी को शांत करता चन्द्रमा उनके मस्तक पर सदैव विराजमान रहता है। सूर्य पिता है तो चन्द्रमा माता है। चन्द्रमा शब्द को कैसे भी कहें चाहे चन्द्र अ मा, पूर्णि अ मा, अमा अ वस्या।

आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा को चन्द्रमा देव गुरु बृहस्पति की धनु राशि में होता है और शुक्राचार्य के नक्षत्र पू. आषाढ़ में होता है अर्थात मन दोनों ही गुरुओं से संबंध कर पूर्ण ज्ञान का अभिलाषी बन जाता है। चन्द्रमा की रोशनी ही वनस्पतियों में रस उत्पन्न करती है। इसी चन्द्रमा से मानव में ज्ञान रस की वृद्धि होती है और यह मन ही है जो मनुष्य को ज्ञान-विज्ञान दोनों में प्रवीण कर सकता है। मन की शांति व समय के लिये चन्द्रमा की उपासना करना जरूरी है। मन शान्त हो, तो ही जीवन यात्रा सफल होती है।

**गुरु पूर्णिमा विशेष**

गुरु के लिए पूर्णिमा से बढ़कर कोई और तिथि हो ही नहीं सकती, क्योंकि गुरु और पूर्णत्व दोनों एक दूसरे के पर्याय हैं। जिस प्रकार चंद्रमा पूर्णिमा की रात सर्वकलाओं से परिपूर्ण हो जाता है और वह अपनी शीतल रश्मियां समभाव से सभी को वितरित करता है। उसी प्रकार सम्पूर्ण ज्ञान से ओत-प्रोत गुरु अपने सभी शिष्यों को अपने ज्ञान प्रकाश से आप्लावित करता है। पूर्णिमा गुरु है। आषाढ़ शिष्य है। बादलों का घनघोर अंधकार। आषाढ़ का मौसम जन्म-जन्मान्तर के लिये कर्मों की परत दर परत। इसमें गुरु चांद की तरह चमकता है और अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाता है।

गुरु पूर्णिमा को गुरु का ध्यान करते हुए गुरु की पूजा, अर्चना व अभ्यर्थना करनी चाहिए। भक्ति और निष्ठा के साथ उनके रचे ग्रंथों का पाठ करते हुए उनकी पावन वाणी का रसास्वादन करना चाहिए। उनके उपदेशों पर आचरण करने की निष्ठा का वर मांगना चाहिए। अतः इस गुरु पूर्णिमा से हमें कुछ विशेष करने का संकल्प लेना चाहिए। तभी हमारे सदगुरु हमारे जीवन में अवतरित होंगे और जीवन धन्य बन सकेगा।

सबमें 'मां' शब्द है। मां सब माफ करती है जैसे महागुरु, परमगुरु, सदगुरु सब माफ करता है, सब भूलों को क्षमा करता है क्योंकि वह जानता है कि गुण गुण में वर्तने के कारण सब दोष स्वाभाविक हैं इसलिए दूसरों को क्या दोष देना? चन्द्रमा जब सूर्य के सामने 180 डिग्री पर आता है तो पूर्णिमा होती है। सूर्य के प्रकाश की गर्मी चन्द्रमा पर से परार्वितत होती है, तो उसमें शीतलता होती है और आषाढ़. मास वर्षा ऋतु का भी मास है लेकिन सूर्य की तपिश के साथ-साथ इसी मास में सूर्य आर्द्रा नामक नक्षत्र में प्रवेश करता है और यह आर्द्रा प्रवेश की कुण्डली ही वर्षा के ज्योतिषीय आयामों पर प्रकाश डालती है कि इस वर्ष वर्षा ऋतु कैसी रहेगी कहां-कहां वर्षा का प्रभाव रहेगा। कहां दुर्भिक्ष पड़ेगा।

## महागुरु, परमगुरु, सदगुरु सब माफ करता है

**स्वामी विवेकानंद**

सन 1863 में कोलकाता में जन्में स्वामी विवेकानंद ने अपने गुरु रामकृष्ण परमहंस के निर्देशन में ईश्वर की खोज के लिए अपनी आध्यात्मिक यात्रा की शुरूआत की थी. भारत में आध्यात्मिक गुरु स्वामी विवेकानंद वेदान्त के समर्थक थे. उन्होंने लोगों को यह बताया कि मानवता की सेवा ईश्वर की सच्ची सेवा का राह है. विवेकानंद ने शिकागो विश्व धर्म संसद जाकर वेदान्त और हिन्दुत्व के सिद्धान्तों को पूरी दुनिया से परिचित कराया था।

गुरु पूर्णिमा

# हमारे पहले गुरु वेद व्यास

**संजय आजाद**
**(विश्व संवाद केन्द्र रांची)**

उन्हें विश्व के इतिहास में पहले संपादक के रूप में स्वीकार किया। गुरु पूर्णिमा जगत'गुरु माने जाने वाले वेद व्यास को समर्पित है। माना जाता है कि वेदव्यास का जन्म आषाढ़ मास की पूर्णिमा को हुआ था। वेदों के सार ब्रह्मसूत्र की रचना भी वेदव्यास ने आज ही के दिन की थी। वेद व्यास ने ही वेद ऋचाओं का संकलन कर वेदों को चार भागों में बांटा था। उन्होंने ही महाभारत, 18 पुराणों व 18 उप पुराणों की रचना की थी जिनमें भागवत पुराण जैसा अतुलनीय ग्रंथ भी शामिल है। ऐसे जगत गुरु के जन्म दिवस पर गुरु पूर्णिमा मनाने की परंपरा है।[1]वेदों का विस्तारः वेदों का विस्तार करने के कारण ये वेदव्यास तथा बदरीवन में निवास करने के कारण बादरायण के नाम से भी जाने जाते हैं। वेद व्यास ने चारो वेदों के विस्तार के साथ-साथ अठारह महापुराणों तथा ब्रह्मसूत्र का भी प्रणयन किया। हिन्दू पुराणों के अनुसार भगवान विष्णु ने ही व्यास के रूप में अवतार लेकर वेदों का विस्तार किया था। वेद सबसे प्राचीण ग्रंथो में एक है।महर्षि वेदव्यास न केवल महाभारत के रचयिता हैं, बल्कि वह उन घटनाओ के भी साक्षी रहे हैं जो क्रमानुशार घटित हुई हैं। असल में इस महान धार्मिक ग्रंथ में व्यासजी की भी एक अदद भूमिका है। महर्षि व्यास ने न केवल अपने आसपास हो रही घटनाओं को लिपिबद्ध किया, बल्कि वह उन घटनाओं पर बराबर परामर्श भी देते थे। हिन्दू धर्म में मान्यता है कि महाभारत में उल्लखित घटनाएं सत्य और प्रमाणिक वृत्तांत है। भगवान शिव और देवी पार्वती के पुत्र भगवान गणेश ने वेदव्यास के मुख से निकली वाणी और वैदिक ज्ञान को लिपिबद्ध करने का काम किया था। आम जनों को समझने में आसानी हो, इसलिए महिर्ष व्यास ने अपने वैदिक ज्ञानन को चार हिस्सों में विभाजित कर दिया। वेदों को आसान बनाने के लिए समय-समय पर इसमें संशोधन किए जाते रहे हैं। कहा जाता है कि वेदव्यास ने इसे 28 बार संशोधित किया था।

महर्षि व्यास का जन्म त्रेता युग के अन्त में हुआ था। वह पूरे द्वापर युग तक जीवित रहे। कहा जाता है कि महिर्ष व्यास ने कलियुग के शुरू होने पर यहां से प्रयाण किया। 4. महिर्ष व्यास को भगवान विष्णु का 18वां अवतार माना जाता है। भगवान राम विष्णु के 17वें अवतार थे। बलराम और कृष्ण 19वें और 20वें।

इसके बारे में श्रीमद् भागवत में विस्तार से लिखा गया है, जिसकी रचना मुनि व्यास ने द्वापर युग के अन्त में किया था। श्रीमद् भागवतम की रचना महाभारत की रचना के बाद की गई थी। महर्षि व्यास का जन्म नेपाल में स्थित तानहु जिले के दमौली में हुआ था। महर्षि व्यास ने जिस गुफा में बैठक महाभारत की रचना की थी, वह नेपाल में



अब भी मौजूद है। इस मानचित्र के माध्यम से आप नेपाल में तानहू के बारे में जान सकते हैं। महर्षि वेदव्यास के पिता ऋषि पराशर थे। उनकी माता का नाम सत्यवती था। पराशर यायावर ऋषि थे। एक नदी को पार करने के दौरान उन्हें नाव खेने वाली सुन्दर कन्या सत्यवती से प्रेम हो गया। बाद में सत्यवती ने ऋषि व्यास को जन्म दिया। व्यास पितमाह भीष्म के सौतेले भाई थे। बाद में सत्यवती ने हस्तिनापुर के राजा शान्तनु से विवाह कर लिया। शान्तनु भीष्म के पिता थे। इस विवाह के लिए सत्यवती के पिता ने राजा शान्तनु के समक्ष यह शर्त रखी थी कि सत्यवती के गर्भ से जन्म लेने वाला बालक ही हस्तिनापुर का उत्तराधिकारी होगा। हालांकि इससे पहले ही शान्तनु ने अपने पुत्र देवव्रत को हस्तिनापुर का युवराज घोषित कर दिया था। इसी प्रतिज्ञा की वजह से उनका नाम भीष्म पड़ा। बाद में उनके पिता शान्तनु ने उन्हें ईच्छा-मृत्यु का वरदान दिया। वेदव्यास धृतराष्ट्र, पांडु और विदुर के जैवीय या आध्यात्मिक पिता थे। वेदव्यास के जन्मदिन के अवसर पर गुरू पुर्णिमा का पर्व मनाया जाता है। व्यासजी के बारे में कहा जाता है कि द्वापर युग के दौरान उन्होंने पुराण, उपनिषद, महाभारत सहित वैदिक ज्ञान के तमाम ग्रन्थों की रचना की थी। कलियुग के शुरू होने के बाद वेदव्यास के बारे में कोई ठोस जानकारी या दस्तावेज उपलब्ध नहीं हैं। माना जाता है कि वह तप और ध्यान के लिए पर्वत श्रृंखलाओं में लौट गए थे। दो बौद्ध जातक कथाओं 'कान्हा दीपायना' और 'घाटा' में महिर्ष वेदव्यास का जिक्र किया गया है। प्रथम जातक कथा में उन्हें बोधिसत्व कहा गया है। हालांकि इसमें उनके वैदिक ज्ञान की चर्चा नहीं की गई है। दूसरी जातक कथा में उन्हें महाभारत का रचयिता और इससे जुड़ा हुआ व्यक्ति बताया गया है। अपनी मां के कहने पर वेद व्यास ने विचित्रवीर्य की रानियों के साथ नियोग किया, जिसके बाद पांडु और धृतराष्ट्र का जन्म हुआ। तीन पुत्रः वेद व्यास ने विचित्रवीर्य की रानियों, अंबिका और अंबालिका के अलावा एक दासी के साथ भी नियोग की प्रथा का पालन किया, जिसके बाद विदुर का जन्म हुआ।

तीनों पुत्रों में से विदुर वेद-वेदान्त में पारंगत और नीतिवान पुत्र थे। वेद व्यास का नामः द्वैपायन द्वीप पर जाकर तपस्या करने और काले रंग की वजह से उन्हें कृष्ण द्वैपायन नाम दिया गया, जो आगे चल कर वेदों का भाष्य करने के कारण वेद व्यास के नाम से प्रसिद्ध हुए।

## व्रत और विधान

**इस दिन (गुरु पूजा के दिन)** प्रातःकाल स्नान पूजा आदि नित्य कर्मों से निवृत्त होकर उत्तम और शुद्ध वस्त्र धारण कर गुरु के पास जाना चाहिए।गुरु को ऊंचे सुसज्जित आसन पर बैठाकर पुष्पमाला पहनानी चाहिए। इसके बाद वस्त्र, फल, फूल व माला अर्पण कर तथा धन भेंट करना चाहिए। इस प्रकार श्रद्धापूर्वक पूजन करने से गुरु का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

गुरु के आशीर्वाद से ही विद्यार्थी को विद्या आती है। उसके हृदय का अज्ञानता का अन्धकार दूर होता है। गुरु का आशीर्वाद ही प्राणी मात्र के लिए कल्याणकारी, ज्ञानवर्धक और मंगल करने वाला होता है। संसार की संपूर्ण विद्याएं गुरु की कृपा से ही प्राप्त होती हैं और गुरु के आशीर्वाद से ही दी हुई विद्या सिद्ध और सफल होती है।गुरु पूर्णिमा पर व्यासजी द्वारा रचे हुए ग्रंथों का अध्ययन-मनन करके उनके उपदेशों पर आचरण करना चाहिए।

इस दिन केवल गुरु (शिक्षक) ही नहीं, अपितु माता-पिता, बड़े भाई-बहन आदि की भी पूजा का विधान है।

इस पर्व को श्रद्धापूर्वक मनाना चाहिए, अंधविश्वासों के आधार पर नहीं। गुरु पूजन का मन्त्र है-

'गुरु ब्रह्मा गुरुर्विष्णुः गुरुदेव महेश्वरः।'

गुरु साक्षात्परब्रह्म तस्मैश्री गुरुवे नमः।।

क्या करें गुरु पूर्णिमा के दिनमानसी गंगा पर स्नान करते श्रद्धालु, गोवर्धन, मथुराप्रातः घर की सफाई, स्नानादि नित्य कर्म से निवृत्त होकर साफ-सुथरे वस्त्र धारण करके तैयार हो जाएं।घर के किसी पवित्र स्थान पर पटिए पर सफेद वस्त्र बिछाकर उस पर 12-12 रेखाएं बनाकर व्यास-पीठ बनाना चाहिए।फिर हमें 'गुरुपरंपरासिद्धयर्थं व्यासपूजां करिष्ये' मंत्र से पूजा का संकल्प लेना चाहिए।तत्पश्चात दसों दिशाओं में अक्षत छोड़ना चाहिए।

फिर व्यासजी, ब्रह्माजी, शुकदेवजी, गोविंद स्वामीजी और शंकराचार्यजी के नाम, मंत्र से पूजा का आवाहन करना चाहिए।

अब अपने गुरु अथवा उनके चित्र की पूजा करके उन्हें यथा योग्य दक्षिणा देना चाहिए।

स्पीड न्यूज

## शिकारीपाड़ा में दो व्यक्तियों के शव बरामद हुए

**शिकारीपाड़ा।** दुमका जिले के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों में दो व्यक्तियों के शव बरामद किये गये हैं। पहला मामला केंदपहाड़ी गांव का है। जहां खेत के झाड़ियों से एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। दूसरा मामला शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के हासापाथर गांव का है। जहां पेड़ से लटकता मोनसा मिर्धा का शव बरामद किया गया है।

## बिहार में वज्रपात से 3 लोगों की मौत

**पटना।** बिहार में वज्रपात से एक बच्ची समेत तीन लोगों की मौत हो गयी है। सुपौल में दो लोगों की मौत हुई है, जबकि औरंगाबाद में एक बच्ची की जान चली गयी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सभी मृतक के परिजनों को तत्काल चार-चार लाख रुपये अनुग्रह अनुदान देने के निर्देश दिये हैं।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण जिले के सुगौली-रक्सौल रेलखंड पर सिकरहना नदी पर बने पुल के समीप शीतलपुर मानवरहित रेल गुमटी को पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गयी। मृतक की पहचान रवि कुमार सहनी के रूप में हुई है।

## करंट लगने से गयी मिस्त्री की जान

**नवादा।** वारिसलीगंज में रविवार को विद्युत स्पशार्घात से बिजली मिस्त्री की मौत ड्यूटी के दौरान हो गयी। मिस्त्री की पहचान संटु कुमार दरियापुर गांव के रूप में हुई है।

## सड़क हादसे में एक बाइक सवार की मौत

**दुमका।** जिले के जामा थाना क्षेत्र के कैराबनी-जरमुंडी मार्ग पर उपर बहियारी गांव के पास रविवार को अज्ञात ट्रक के चपेट में आने से एक बाइक सवार की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया।

# बिहार के लोगों को नहीं चाहिए जंगलराज : पीके

## विकास का विजन लेकर प्रशांत किशोर ने फिर शुरू की जन सुराज पदयात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता



**पटना/समस्तीपुर।** प्रशांत किशोर ने एक बार फिर रविवार को जन सुराज पदयात्रा का आगाज किया। समस्तीपुर के मोरवा प्रखंड में हजारों की भीड़ को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जन सुराज पदयात्रा का उद्देश्य नये बिहार की बुनियाद रखनी है। साथ ही कहा कि जमीनी स्तर पर लोगों से बातचीत के जरिये बेरोजगारी, पलायन, कृषि, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मुद्दों पर 15 वर्षों के लिए पंचायत स्तर पर बिहार के विकास का प्लान तैयार करना है।

जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर (पीके) ने रविवार को समस्तीपुर में लालू यादव के लालटेन युग का जिक्र करते हुए कहा कि आज बिहार के लोगों को जंगलराज नहीं चाहिए। वे खुद कहते हैं कि पहले अपराध बहुत ज्यादा हुआ करता था। लोग कहते हैं कि अब भाजपा को वोट नहीं देंगे, मगर जैसे ही वोट का समय आयेगा और तब वे कहेंगे कि भाजपा जीत रही है, तो लालटेन को वोट दे दो। आज मुसलमान भाई का सोचना है कि जिये चाहें मरें, काम हो चाहे न हो, हम भाजपा को वोट नहीं देंगे।

47 दिनों के बाद समस्तीपुर के मोरवा प्रखंड से शुरू हुई जन सुराज पदयात्रा में एक आम सभा में प्रशांत किशोर ने आगे कहा कि आज बिहार में आदमी को 4 बात याद है। पहला, हमारी जाति क्या है? चुनाव में कौन हमारे जाति का प्रत्याशी है, उसी को वोट दिया जायेगा।

प्रशांत किशोर ने कहा कि एक अच्छी सोच व व्यवस्था को लेकर पदयात्रा शुरू किया है। मेरी सोच ऐसी व्यवस्था बनाना है, जिससे अच्छे समाज का निर्माण हो सके। समाज में अच्छी सोच वाले व्यक्ति की तलाश कर उन्हें प्रेरित करेंगे। बिहार आजादी के 75 साल बाद भी सबसे पिछड़ा राज्य है। गरीबी, अशिक्षा, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के चलते लोगों का खराब हाल है। उन्होंने पदयात्रा के उद्देश्यों के बारे में बताते हुए कहा कि इस पदयात्रा का मुख्य उद्देश्य बिहार के लोगों को जमीनी स्तर पर मदद करनी है। लोगों से संवाद के जरिये उनकी समस्याओं को जानना है। बिहार के लोगों के लिए, बिहार के विकास के लिए अगले 15 वर्ष में विकास का विजन भी तैयार करना है।

उल्लेखनीय है कि प्रशांत किशोर ने पिछले वर्ष 2 अक्टूबर, 2022 को गांधी जयंती पर बिहार में जन सुराज पदयात्रा की शुरुआत गांधी आश्रम भितरिहवा से की थी। लेकिन, बीते 15 मई को स्वास्थ्य कारणों से यात्रा को कुछ दिनों के लिए इस वादे के साथ स्थगित कर दिया था कि वापस वहीं से शुरुआत करूंगा, जहां रोक रहा हूं। प्रशांत किशोर अब तक 7 जिलों में 2800 किलोमीटर से अधिक पैदल चल चुके हैं। पिछले साल पदयात्रा की जब शुरुआत हुई थी, तब प्रशांत किशोर ने बताया था पदयात्रा 3500 किलोमीटर की होगी। लेकिन, जैसे-जैसे जनता का जुड़ाव होता गया, उसी के साथ जिलों में पदयात्रा का सफर बढ़ता गया।

## महाराष्ट्र जैसी स्थिति बिहार में भी बन सकती है : सुशील मोदी

**पटना।** पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी ने कहा कि शरद पवार की पार्टी एनसीपी में विद्रोह विपक्षी एकता की पटना बैठक का परिणाम है, जिसमें राहुल गांधी को प्रोजेक्ट करने की जमीन तैयार की जा रही थी। रविवार को बयान जारी कर सुशील मोदी ने कहा कि बिहार में भी महाराष्ट्र जैसी स्थिति बन सकती है। इसे भांप कर नीतीश कुमार ने विधायकों से अलग-अलग (वन-टू-वन) बात करना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि जदयू के विधायक-सांसद न राहुल गांधी को स्वीकार करेंगे, न तेजस्वी यादव को। पार्टी में भगदड़ की आशंका है। सुशील मोदी ने कहा कि जदयू पर वजूद बचाने का ऐसा संकट पहले कभी नहीं था। इसलिए नीतीश कुमार, जिन्होंने 13 साल में कभी विधायकों को नहीं पूछा था, आज वे हरेक से अलग-अलग मिल रहे हैं।

## साधुडीह व डैम जेनासाई के ग्रामीणों ने कहा- सड़क नहीं तो वोट नहीं

खबर मन्त्र संवाददाता



**चक्रधरपुर।** रविवार को पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव सह समाजसेवी डॉ विजय सिंह गागराई ग्रामीणों की समस्या को सुनने के लिए चक्रधरपुर प्रखंड के इटिहासा पंचायत के साधुडीह टोला और डैम जेनासाई पहुंचे।

दोनों जगहों पर ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि जब तक सड़क नहीं तब तक वोट नहीं। ग्रामीणों की मांग है कि जोड़ो चौक से टोकलो के जांटा गांव तक सड़क बने। उक्त सड़क के बनने से 15 गांव को आवागमन करने में लाभ होगा। साथ ही गांव में रोजगार सृजन होगा। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि जब तक कम से कम जोड़ो चौक से डैम जेनासाई तक करीबन साढ़े तीन किमी का सड़क नहीं बनता, तब तक लोकसभा और विधानसभा चुनाव में वोट का बहिष्कार होगा। ग्रामीणों की समस्या सुनने के पश्चात डॉ विजय सिंह गागराई की उपस्थिति में साधुडीपा टोला में बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता मनोज सामाड ने किया। ग्रामीणों ने समस्या बताते हुए कहा कि टोला में 35 घर है। एक जलमीनार और एक चापाकल से लोगों का प्यास बुझती है। वहीं बिजली विभाग द्वारा प्रत्येक घर को 10 से 20 हजार रुपए तक का बिल थमा दिया है। बिल जमा नहीं करने से सभी का बिजली कनेक्शन काट दी है। वहीं डैम जेनासाई में हुई बैठक में भी ग्रामीणों ने सड़क का मांग किया। उन्होंने ने कहा कि जब तक सड़क नहीं बनेगा, हम वोट का बहिष्कार करेंगे। मौके पर मौजूद सुनीराम सामाड ने कहा कि गांव में रास्ता है, लेकिन पक्की सड़क के नहीं होने से ग्रामीणों का काफी असुविधा होता है। बरसात में ग्रामीण शहर से कट जाते हैं। वहीं सड़क नहीं होने से गांव के डेलिवरी महिला और अन्य मरीजों को इलाज में ले जाने को काफी परेशानी होती है।

## एसपी कॉलेज के आदिवासी छात्रावास में लाइब्रेरी का उद्घाटन

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के अंगीभूत कॉलेज एसपी कॉलेज के कल्याण विभाग द्वारा संचालित आदिवासी कल्याण छात्रावास संख्या 2 में लाइब्रेरी की स्थापना रविवार को हुई। वीर शहीद चांद भैरव मुर्मू के नाम से छात्रावास में लाइब्रेरी का उद्घाटन लाइब्रेरी मैन के नाम से प्रसिद्ध जिला कल्याण पदाधिकारी संजय कच्छप ने किया। साथ ही छात्रावास का नामकरण भी चांद भैरव छात्रावास के रूप में किया गया। इस अवसर पर जिला प्रशासन से अपर समाहर्ता राजीव कुमार, आईएफएस प्रोबेशनर प्रबल गर्ग, एसपी कॉलेज शिक्षक डॉ सत्यम मेहरा, समाजसेवी सिद्धौर हांसदा, एमजीएनएफ से हरिमोहन गौतम और छात्रावास के छात्र मौजूद थे। मौके पर आईएफएस प्रबल गर्ग ने उच्च शिक्षा हासिल कर बड़े पदों की तैयारी के लिए खुद को तैयार करने और यूपीएससी-जेपीएससी को लक्ष्य बनाने के लिए प्रेरित किया।

## खबरें खेल की

### जिम्बाब्वे पर प्रभावशाली जीत से श्रीलंका ने पक्का किया विश्व कप का टिकट



**बुलावायो।** महीश तीक्षणा (25 रन पर चार विकेट) की शानदार गेंदबाजी के बाद के बाद सलामी बल्लेबाज पथुम निशंका की नाबाद शतकीय पारी के दम पर श्रीलंका ने विश्व कप क्वालीफायर के सुपर सिक्स चरण में जिम्बाब्वे को नौ विकेट से हार कर भारत में इस साल पांच अक्टूबर से खेले जाने वाले आईसीसी वनडे विश्व कप का टिकट पक्का कर लिया। तीक्षणा की शानदार गेंदबाजी के सामने जिम्बाब्वे का मध्यक्रम से लड़खड़ा गया और पूरी टीम 32.2 ओवर में 165 रन पर आउट हो गयी। इसके बाद दायें हाथ के बल्लेबाज निशंका ने 102 गेंद में 14 चौके की मदद से नाबाद 101 रन की पारी खेल श्रीलंका की जीत सुनिश्चित कर दी।

### हॉकी इंडिया ने राज्य और जिला सदस्य इकाइयों के लिए वित्तीय सहायता की घोषणा की

नयी दिल्ली। हॉकी इंडिया ने जमीनी स्तर पर होने वाले टूनामेंटों के स्तर में सुधार के लिए रविवार को राज्य एवं जिला इकाइयों को वित्तीय सहायता की घोषणा की। खेल को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्धता के तहत राष्ट्रीय महासंघ ने सभी राज्य सदस्य इकाइयों को दो लाख रुपये का अनुदान दिया है।

### बांग्लादेश दौरे के लिये महिला टीम घोषित

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बंगलादेश के खिलाफ होने वाली महिला टी20 और एकदिवसीय शृंखलाओं के लिये 18-सदस्यीय स्क्वाड की घोषणा रविवार को की। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष टीम में जगह नहीं बना सकी हैं, जबकि असम की विकेटकीपर उमा छेत्री को पहली बार टीम में तलब किया गया है। यास्तिका भाटिया एकदिवसीय और टी20 दोनों टीमों में बरकरार हैं।

### अनुराग ठाकुर ने भाजपा के संपर्क प्रयासों के तहत धवन से मुलाकात की

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के ह्यआउटरीच (सरकार के कार्यों के बारे में जानकारी देना) प्रयासों के तहत क्रिकेटर शिखर धवन और व्यवसायी अमन गुप्ता से मुलाकात की। केंद्रीय खेल मंत्री ने धवन से मुलाकात के बाद कहा, ह्यह्यहमने शिखर जी को सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताया है और उनका तथा खेल समुदाय का समर्थन मांगा है। पिछले नौ वर्षों में मोदी सरकार के कार्यकाल के दौरान, भारत ने खेलों में 360 डिग्री (बड़ा) बदलाव देखा है।

### माना पटेल और आर्यन नेहरा ने राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ प्रभावित किया

**हैदराबाद।** ओलंपियन माना पटेल ने रविवार को 76 वीं सीनियर राष्ट्रीय तैराकी चैंपियनशिप के शुरूआती दिन अपने राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार किया जबकि गुजरात के आर्यन नेहरा और कर्नाटक के तैराक नीना वेंकटेश और लिनेशा ए.के. ने भी नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाने वालो में शामिल हुए। तोक्यो ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली एकमात्र महिला तैराक माना ने महिलाओं की 100 मीटर बैकस्ट्रोक स्पर्धा में एक मिनट 03.48 सेकंड के समय के साथ अपने पिछले रिकॉर्ड एक मिनट 04.33 सेकंड में सुधार किया।

### हॉकी इंडिया एचआईएल को 2024 या 2025 में नये रूप में शुरू करने की तैयारी में

**नयी दिल्ली।** हॉकी इंडिया सात साल के अंतराल के बाद फ्रेंचाइजी-आधारित लीग को पुनर्जीवित करने की कोशिश में है जिससे बहुप्रतीक्षित हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) अगले साल या 2025 की शुरूआत में एक नये अवतार में शुरू हो सकती है। एचआईएल को 2017 में वित्तीय मुद्दों और टीम मालिकों के असहयोग के कारण निलंबित कर दिया गया था। हॉकी इंडिया इस लीग को पेरिस ओलंपिक के बाद आयोजित करने की योजना बना रहा है जिसमें पहली बार महिलाओं के मुकाबले भी होंगे।

# इस्लामिक क्विज प्रतियोगिता आयोजित

### जासमीन व फुरकान प्रथम, हासिर अनायत व हुमैरा द्वितीय

खबर मन्त्र संवाददाता



**चक्रधरपुर।** सफ वेलफेयर सोसाईटी का इस्लामिक क्वीज प्रतियोगिता रविवार को उर्दू स्कूल प्रांगण में आयोजित हुआ। प्रतियोगिता के कार्यक्रम दो चरणों में आयोजित हुआ। प्रथम चरण में लिखित क्वीज प्रतियोगिता हुई। वरीय समूह में वर्ग 9 एव 10 तथा कनीय समूह में वर्ग वर्ग 6,7 एवं 8 के बच्चे शामिल हुए। दोनों समूह में कुल 198 बच्चे प्रतिभागी बने। दोनों समूह में 40-40 अंकों के प्रश्न पूछे गये थे। कनीय समूह में दंदासाई उर्दू मिडिल स्कूल की छात्रा जासमीन प्रथम स्थान प्राप्त की, चाईबासा के हासिर अनायत द्वितीय, तृतीय अयान हसनैन रहे। वरीय समूह में रेलवे इंगलिश मीडियम स्कूल के फुरकान अनवर प्रथम, द्वितीय हुमैरा आजमी तथा तृतीय जिकरा एकबाल रहे। दोनों समूह से टाप-18 को पुरस्कृत किया गया। सभी प्रतिभागियों को भी पुरस्कार दिये गये। द्वितीय पाली में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि अंजुमन इस्लामिया चाईबासा के महासचिव फैयाज खान, विशिष्ट अतिथि में अंजुमन इस्लामिया के उपाध्यक्ष अखतर रूमानी, मुस्लिम पंचायत बंगलाटांड के उपाध्यक्ष शहजाद मंजर सज्जू एवं सृजन महिला विकास मंच की सचिव नरगिस खातून शामिल थी।

# कृषि मंत्री ने किया योजनाओं का शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता




**दुमका।** जरमुंडी विधानसभा में रविवार को मानसूनी वर्षा के साथ जमकर कर शिलान्यास की बारिश हुई। जिससे शिलान्यास की गंगा बहने लगी। इस बहती गंगा को देख आम जनों को जरमुंडी का चहुमुखी विकास हकीकत में परिणत होते नजर आने लगा। लेकिन विपक्षी दलों ने शिलान्यास कार्यक्रम को विकास के नाम पर फकत 2024 के लोकसभा चुनाव की कवायद बताया। मालूम हो कि जरमुंडी के विकास को लेकर कृषि मंत्री बादल ने विभिन्न प्रकार की योजनाओं का शिलान्यास किया। इसके तहत बजरंगबली मोड़ पर यात्री विश्राम गृह का निर्माण एवं जरमुंडी बाजार में हाई मास्ट लाइट लगाने के कार्यों का शिलान्यास किया गया। एक अन्य कार्यक्रम में मंत्री बादल ने नंदी चौक से दुर्गा मंदिर तक पैबर ब्लॉक और नाला निर्माण के साथ टाइल्स मरम्मती के कार्यों की आधारशिला रखी। इस दौरान कृषि मंत्री ने जरमुंडी लैंप्स जाकर 50% अनुदानित कीमत पर किसानों के बीच धान के बीज का वितरण किया। मौके पर श्यामल किशोर सिंह सत्यनारायण यादव रोहित रंजन मुकेश यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी समर्थक मौजूद थे।

# शहीद अमरजीत बलिहार को दी गयी श्रद्धांजलि, मनाया गया शहादत दिवस

खबर मन्त्र संवाददाता





**पाकुड़।** तेजतर्रार पाकुड़ के तत्कालीन एसपी शहीद अमरजीत बलिहार को रविवार को सहरणालाय के समीप बने स्मृति पार्क स्थित उनकी प्रतिमा पर जिले के उपायुक्त बरुन रंजन, एसडीपीओ अजीत कुमार विमल, अनुमंडल पदाधिकारी हरिवंश पंडित, मुख्यालय डीएसपी बैजनाथ प्रसाद सहित पुलिस संघ के अधिकारियों ने 2 मिनट का मौन रखा तथा शहीद अमरजीत बलिहार के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

मौके पर पुलिस लाइन के जवानों ने बलिहार को शस्त्र सलामी दी। शहीद एसपी के परिवार को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त वरुण रंजन ने कहा कि शहीद अमरजीत बलिहार बहुत ही काबिल और तेजतर्रार एसपी थे। 2 जुलाई 2013 को तत्कालीन पुलिस उपमहानिरीक्षक दुमका प्रिया दुबे के बैठक से भाग लेकर पाकुड़ लौटने के दौरान दोपहर करीब 1:30 काठी कुंड के जमुनी जंगल के पास नक्सलियों ने मुख्य सड़क अचानक वाहन को रोककर उन पर हमला कर दिया। ताबड़तोड़ गोलियां चलाई।नक्सली मुठभेड़ में दोनों तरफ से फायरिंग हुई जिसमें एसपी अमरजीत बलिहार और उनके अंगरक्षक चालक सहित 7 लोग शहीद हुए थे। ऐसे वीर बहादुर एसपी को मैं नमन करता हूं। इनकी शहादत कभी बेकार नहीं जाएगी। उनकी स्मरण में बनी स्मृति पार्क को और वृहद रूप दिया जाएगा।

कौन थे एसपी अमरजीत बलिहार : 14 अक्टूबर 1960 में जन्मे अमरजीत बलिहार बिहार रोहतास जिले के मूलनिवासी थे। 1983 में उन्होंने एम ए किया। 1986 मैं उन्होंने बीपीएससी परीक्षा पास की। बतौर डीएसपी पहली पोस्टिंग जहानाबाद में हुई इसके बाद मुंगेर कुटी जहानाबाद पटना राजगीर हवेली खड़कपुर लातेहार चक्रधरपुर फिर रांची पोस्टिंग हुई। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन से 2003 में वे आईपीएस बने। मई 2013 में उनकी पाकुड पोस्टिंग हुई।

## दुमका में भी बलिदानी बलिहार को दी गयी श्रद्धांजलि

खबर मन्त्र संवाददाता




**दुमका।** पाकुड़ के तत्कालीन एसपी अमरजीत बलिहार की दसवीं शहादत दिवस मनाई गई। एसपी अंबर लकड़ा समेत पुलिस पदाधिकारियों ने रविवार को पुलिस लाइन मैदान में शहीद बेदी और एसपी अमरजीत बलिहार के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया।

इस अवसर पर एसपी लकड़ा ने कहा कि वीर शहीद अमरजीत बलिहार को आज के दिन ही शहादत मिला था एवं वीरगति को प्राप्त हुए थे। जब यह हादसा हुआ था वह पाकुड़ एसपी के पद पर पदस्थापित थे एवं यात्रा के दौरान काठीकुंड थाना क्षेत्र के सड़क मार्ग पर उनके साथ घटना घटित हुई थी। उनके अपराध और नक्सलवाद के खिलाफ कार्य सराहनीय रहा।

गौरतलब हो कि बीते 2 जुलाई 2013 को पाकुड़ के एसपी अमरजीत बलिहार नक्सलियों से लोहा लेते शहादत दी थी। घटना उस वक्त घटी जब दुमका में डीआईजी की बैठक में भाग लेकर एसपी अमरजीत बलिहार वापस पाकुड़ लौट रहे थे। जहां घात लगाए नक्सलियों ने दुमका जिला के काठीकुंड थाना क्षेत्र के जमनी मोड़ के समीप एसपी अमरजीत बलिहार के काफिले पर हमला कर दिया। जब तक एसपी अमरजीत बलिहार संभलते तब तक नक्सलियों ने एसपी और उनके 5 अंगरक्षकों को मौत की नींद सुला दिया। पूरी घटनाक्रम में प्रशासनिक चूक भी सामने आयी। अपनों द्वारा दिया गया धोखा की भी बात सामने आयी। घटना को अंजाम देने वाले ताला दा को दुमका पुलिस ने वर्ष 2019 में शिकारीपाड़ा के जंगल मे मार गिराया तो कई नक्सली गिरफ्तार भी किए गए। कांड में शामिल दो नक्सलियों को निचली अदालत ने फांसी की सजा भी सुनाई।

यहां बता दें कि 15 नवंबर 2000 को बिहार से अलग झारखंड राज्य बना। नवोदित राज्य को विरासत में मिला उग्रवाद और नक्सलवाद। समय समय पर राज्य की धरती नक्सलियों की करतूत से लाल होती रही। अब राज्य बने लगभग 23 वर्ष होने को है। इन वर्षों में कई सरकारें आयी और गयी। लेकिन नक्सलवाद की समस्या आज भी सरकार के समक्ष एक गंभीर चुनौती बनी है।

## पेज 1 का शेष

### जगरनाथ महतो की पत्नी बेबी...

**उनके सपने पूरे करूंगी :** स्वर्गीय जगरनाथ महतो की पत्नी बेबी देवी ने कहा कि वो सरकार के साथ मिलकर अपने पति के सपने को पूरा करेंगी। उन्होंने कहा कि गुरुजी शिबू सोरेन और सीएम हेमंत सोरेन का जो भी आदेश होगा वह उनका पालन करेंगी। साथ ही क्षेत्र की जनता की सेवा अपने पति के प्रतिनिधि के रूप में करेंगी। उनके अधूरे सपनों को पूरा करने के लिए लगातार काम करेंगी।

### शिंदे सरकार में...

इसके साथ ही अजित पवार ने अपना ट्विटर बायो बदल लिया है। अब उनके ट्वीटर हैंडल में उप मुख्यमंत्री दिया है। **पवार ने बुलायी थी बैठक :** इससे पहले अजीत पवार ने रविवार सुबह तीन दर्जन से अधिक अपने समर्थक विधायकों की बैठक की। राजनीतिक भविष्य की रूपरेखा पर चर्चा की। इसके बाद 30 विधायकों के साथ शिंदे सरकार को समर्थन देने के लिया। साथ ही वह सीएम एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को समर्थन पत्र सौंपने के लिए राज्यपाल रमेश बैस से मिलने राजभवन पहुंचे। कुछ ही देर बाद उन्होंने मौजूदा विधानसभा के कार्यकाल में तीसरी बार उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। अजित पवार और छगन भुजबल ने दावा किया है कि एनसीपी पार्टी पूरी तरह से उनके साथ है। पवार ने कहा कि वह चुनाव में एनसीपी के रूप में ही जायेंगे। **डबल नहीं अब ट्रिपल इंजन सरकार :** शिंदे-अजित पवार के सरकार में शामिल होने के बाद मुख्यमत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि अब हमारे पास 1 मुख्यमंत्री और 2 उपमुख्यमंत्री हैं। डबल इंजन सरकार अब ट्रिपल इंजन बन गयी है।

### जेल में ही दिनेश गोप...

22 मई को एनआईए की स्पेशल कोर्ट में पेश किया था। गिरफ्तारी के बाद दिनेश गोप को पूछताछ के लिए पहली बार 22 मई को रिमांड पर लिया था।इस दौरान दिनेश गोप की निशानदेही पर एनआईए ने भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद बदामद किया था। **मनी लॉन्ड्रिंग की जांच कर रही है ईडी की टीम :** टेरर फंडिंग के मामले में मनी लॉन्ड्रिंग की जांच कर रही प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप पर शिकंजा कसा है। अब ईडी की टीम होटवार जेल में बंद दिनेश गोप से पूछताछ करेगी। इसके साथ ही दिनेश गोप से जुड़े लोगों की गिरफ्तारी के मामले में बरामद कैश और अन्य लग्जरी गाड़ियों को लेकर धुर्वा थाने की पुलिस भी पीएलएफआई चीफ से पूछताछ करेगी। **शेल कंपनियों में भी किया है निवेश :** जानकारी के अनुसार, दिनेश गोप ने आतंक दिखाकर वसूले गए पैसे का निवेश शेल कंपनियों में भी किया है। इन कंपनियों का संचालन उसकी दोनों पत्नियां करती थीं। शेल कंपनियों के नाम का भी खुलासा हो चुका है. नोटबंदी के बाद दिनेश गोप का एक सहयोगी भी गिरफ्तार किया गया था। उसने स्वीकार किया था कि वह दिनेश गोप के पुराने नोट को बदलने आया था।

### तीन राज्यों में चार ठिकानों...

बाद में 22 जुलाई, 2022 को एनआइए ने फिर से मामला दर्ज किया। दानिश एक पाकिस्तानी नागरिक द्वारा बनाये गये व्हाट्सएप ग्रुप गजवा ए हिंद का एडमिन था। उसने भारत के साथ-साथ पाकिस्तान और यमन समेत अन्य देशों के कई लोगों को कट्टरपंथी बनाने और आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए स्लीपर सेल बनाने के इरादे से अपने साथ जोड़ा था। दानिश ने व्हाट्सएप, टेलीग्राम और बीआईपी मैसेंजर समेत विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर गजवा ए हिंद ग्रुप बनाया था। उसने बीडीगजवा ए हिंदबीडी नाम से एक और व्हाट्सएप ग्रुप भी बनाया था और इसमें बांग्लादेशी नागरिकों को जोड़ा था। एनआईए अधिकारी ने कहा कि छापेमारी पूरी होने के बाद विवरण प्रदान किया जायेगा।

स्पीड न्यूज

## फ्रांस में हिंसा जारी कई शहरों में कर्फ्यू

**पेरिस।** फ्रांस में अल्जीरियाई मूल के सत्रह वर्षीय नाहेल की पुलिस गोली से हुई मौत के विरोध में समूचा फ्रांस सुलग रहा है। धरना, आगजनी और प्रदर्शन जारी रहा है। कई शहरों में कर्फ्यू लगाया गया है।हिंसा से घिरे फ्रांस में पांचवीं रात सैकड़ों लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। इस बीच शनिवार (फ्रांस के समयानुसार) को नाहेल को पेरिस के उपनगर नान्टेरे में दफना दिया गया। अंतिम संस्कार में उसकी मां और दादी के साथ सैकड़ों लोग शांतिपूर्वक शामिल हुए। दोपहर के समय नान्टेरे की मस्जिद में एक समारोह हुआ और क्षेत्र के विशाल मोंट वेलेरियन कब्रिस्तान में अंत्येष्टि हुई। हालात इस कदर बिगड़ चुके हैं कि राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने रविवार से प्रस्तावित अपनी जर्मनी यात्रा स्थगित कर दी है। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों शुक्रवार को ब्रसेल्स में यूरोपीय नेताओं की बैठक छोड़कर स्वदेश लौटे।अब तक फ्रांस में 3000 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। स्थिति पर नियंत्रण पाने के लिए 45,000 से ज्यादा पुलिसकर्मी सड़कों पर हैं।

## मणिपुर हिंसा में तीन की मौत, पांच घायल

**इंफाल।** मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में अज्ञात बंदूकधारियों के साथ गोलीबारी में कम से कम तीन ग्राम स्वयंसेवक मारे गए और पांच अन्य घायल हो गए। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि खोइजुमंताबी गांव में शनिवार देर रात को यह घटना हुई, जब ग्राम स्वयंसेवक अस्थायी बंकर से इलाके की रखवाली कर रहे थे। शुरूआत में दो शव बरामद किए गए और बाद में एक और शव मिला। पुलिस ने बताया कि गोलीबारी कई घंटे चली, जिसमें पांच लोग घायल भी हुए। पुलिस ने बताया कि इनमें से गंभीर रूप से घायल कुछ लोगों को इंफाल के अस्पताल ले जाया गया। मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह स्थिति का जायजा लेने के लिए घटनास्थल पहुंचे और स्थानीय लोगों से बात की।

## नेपाल में प्रचंड करेंगे वामदलों को एकजुट

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' देश के सभी वामपंथी दलों को एकजुट करेंगे। सभी को समाजवादी मोर्चा के बैनर तले लाया जाएगा। सीपीएन माओवादी सेंटर के अध्यक्ष प्रचंड ने रविवार को खुलासा किया कि उनका इरादा पहले की तरह सीपीएन कम्युनिस्ट पार्टी में लौटने का है। उन्होंने कहा कि अब हमने एक मोर्चा बनाया है और आगे बढ़े हैं। हमें पार्टी को फिर से एकजुट करना चाहिए और सीपीएन में लौटना चाहिए।

## पाक में आतंकी हमला चार सुरक्षाकर्मी मरे

**कराची।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में रविवार को सुरक्षाकर्मियों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ में कम से कम चार सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई, जबकि एक आतंकवादी को मार गिराया गया।

# भाजपा ने एक तीर से किये तीन शिकार

## अजित पवार की सरकार में एंट्री से मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की मुश्किलें बढ़ीं

एजेंसी

- शरद पवार ने बागियों पर अभी तक नहीं की कार्रवाई
- पार्टी के सभी विधायकों का समर्थन है : अजित

**मुंबई।** भाजपा ने इस बार महाराष्ट्र में एक तीर से तीन शिकार किये हैं। पहला अजित पवार को अपने पाले में लाकर उन्होंने अपनी सरकार को अगले विधानसभा चुनाव तक के लिए सुरक्षित कर लिया है। अगर कल को एकनाथ शिंदे और उनके विधायक अपात्र भी हो जाते हैं तो अजित पवार के रूप में उनके पास दूसरा साथी तैयार है। दूसरा एनसीपी में टूट के बाद महाविकास अघाड़ी को काफी हद तक कमजोर कर दिया है। इसके अलावा एकनाथ शिंदे की महत्वकांक्षा को भी बढ़ने से रोक दिया है। अजित पवार भले ही सीनियर पवार की अनुमति के बिना पार्टी के विधायकों के साथ शिंदे-फडणवीस सरकार में शामिल हो गए हों। बावजूद इसके शरद पवार के अगले कदम पर सबकी निगाहें टिकी हुई हैं। महाराष्ट्र में शरद पवार को लेकर एक बात प्रचलित है। कहा जाता है कि शरद पवार के मन में क्या चल रहा है। इसे आज तक कोई समझ नहीं पाया है। शरद पवार जो कहते हैं अक्सर उल्टा होता है। यानी जो वह कहते हैं वह करते नहीं हैं।

ऐसे में शरद पवार का यह कहना कि इस बगावत को उनका समर्थन नहीं है। इस बात को उनकी ही पार्टी के नेता नहीं पचा पा रहे हैं। वहीं शरद पवार का कहना कि वह महाविकास अघाड़ी के साथ खड़े हैं। दूसरी तरफ अजित पवार का दावा कि उन्हें उनकी पार्टी के सभी नेताओं का समर्थन हासिल है। ऐसे में पार्टी के नेताओं को लगता है कि यह सब शरद पवार का ही एक गेम भी हो सकता है। हालांकि, राजनीति के जानकर मानते हैं कि अब अजित पवार के लिए लौटना काफी मुश्किल है।महाराष्ट्र में छत्रपति शिवाजी महाराज और उनकी टीम को गोरिल्ला युद्ध नीति में पारंगत माना जाता था। राजनीति में शरद पवार भी अपनी के जवानी के दिनों से लेकर 36 साल की उम्र में सीएम बनने, फिर सोनिया गांधी का विरोध करना फिर एनसीपी पार्टी बनाकर



उसी कांग्रेस के साथ सरकार में शामिल हो जानना, उसके बाद बीजेपी के सपनों को तोड़ते हुए महाविकास अघाड़ी की सरकार बनाना। यह सब उनकी राजनीतिक गोरिल्ला युद्धनीति का हिस्सा माना जाता है और शरद पवार इस खेल के पुराने और पक्के खिलाड़ी माने जाते हैं। ऐसे में यह सवाल भी उठता है कि क्या यह सियासी युद्ध भी शरद पवार की एक चाल तो नहीं?

## फडणवीस व अजित पवार की दोस्ती दो दशक पुरानी

महाराष्ट्र में शिंदे-फडणवीस सरकार के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भले ही अजित पवार का स्वागत कर रहे हों लेकिन इसका सबसे बड़ा नुकसान उन्हीं को हुआ है। फडणवीस और अजित पवार की दोस्ती दो दशक पुरानी है। सदन में अजित पवार ने विरोधी पक्ष नेता रहते हुए देवेंद्र फडणवीस को तो कुछ नहीं कहा लेकिन उन्होंने एकनाथ शिंदे पर हमेशा निशाना साधा था। फिलहाल अजित पवार देवेंद्र फडणवीस की सबसे बड़ी ताकत बने हुए हैं। रविवार के शपथ समारोह में भी अजित पवार और देवेंद्र फडणवीस एकदूसरे से खुलकर बातचीत करते हुए नजर आये। शिंदे अलग-थलग नजर आये। इस दोस्ती के बीच में एकनाथ शिंदे के लिए कितनी जगह है यह शिंदे अच्छे से जानते हैं। अगर सब कुछ ठीक होता तो आज उनके विधायक मंत्री पद की शपथ लेते लेकिन हो कुछ और ही गया। एकनाथ शिंदे अपने विधायकों को मंत्रिमंडल विस्तार का लॉलीपॉप देते आये थे लेकिन अब उनके मंत्री पद का क्या होगा इसका कोई भरोसा नहीं है। सरकार के लिए यह मुसीबत है कि किस किस को मंत्री बनाया जाए। यह शिंदे के लिए सबसे बड़ी मुसीबत है।

# केंद्रीय कैबिनेट की बैठक आज

## मंत्रिपरिषद में फेरबदल और विस्तार की अटकलें

एजेंसी

- अजित पवार के महाराष्ट्र सरकार में शामिल होने के बाद शाह और नड्डा सहित भाजपा के रणनीतिकारों ने बंद कमरे में की बैठक मंत्रिमंडल में फेरबदल की संभावनाओं को बल मिला

**नयी दिल्ली।** सत्तारूढ़ भाजपा के शीर्ष नेतृत्व की कई दौर की बैठकों के बाद केंद्रीय मंत्रिपरिषद में फेरबदल की संभावना को लेकर जारी चर्चाओं के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को केंद्रीय मंत्रिपरिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। यह बैठक सोमवार को यहां के प्रगति मैदान में नवनिर्मित सम्मेलन कक्ष में होने की उम्मीद है, जो सितंबर में जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा।

राकांपा के नेता अजित पवार के अपनी पार्टी के कई विधायकों के साथ भाजपा-शिवसेना सरकार में शामिल होने और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तथा पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा सहित भाजपा के रणनीतिकारों से जुड़ी बंद कमरे में हुई कई बैठकों के बाद मंत्रिपरिषद में फेरबदल की संभावनाओं को बल मिला है। राकांपा के वरिष्ठ सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रफुल्ल पटेल को एक संभावित दावेदार के रूप में देखा जा रहा है। पटेल, राकांपा प्रमुख शरद पवार के बेहद करीबियों में गिने जाते थे लेकिन उन्होंने उनका साथ छोड़कर अजित पवार से हाथ मिला लिया। अजित



पवार, शरद पवार के भतीजे हैं। अजित पवार के महाराष्ट्र में उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के साथ ही देवेंद्र फडणवीस को केंद्र सरकार में लाए जाने की भी अटकलें तेज हो गई हैं। भाजपा सूत्रों ने संकेत दिया है कि जब भी मोदी अपने मंत्रिपरिषद में फेरबदल का फैसला करेंगे तो सहयोगी दलों को मंत्रिमंडल में प्रतिनिधित्व दिया जाएगा। 20 जुलाई से शुरू हो रहे संसद के मॉनसून सत्र से पहले की अवधि केंद्रीय मंत्रिपरिषद में फेरबदल या बदलाव का आखिरी मौका हो सकता है। इसलिए मंत्रिपरिषद में फेरबदल या विस्तार की संभावनाओं को और बल मिला है।

सूत्रों ने कहा कि कुछ राज्यों सहित भाजपा के केंद्रीय संगठन में भी कुछ बदलाव देखने को मिल सकते हैं क्योंकि पार्टी का शीर्ष नेतृत्व 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए प्रचार तेज करने में जुटा है। मोदी ने 28 जून को शाह और नड्डा के साथ बैठक की थी। इससे पहले, संगठनात्मक और राजनीतिक मामलों का जायजा लेने के लिए शाह और नड्डा सहित अन्य शीर्ष नेता बंद कमरे में कई दौर की बैठक कर चुके हैं। सूत्रों का कहना है कि मंत्रिपरिषद में किसी भी तरह का फेरबदल आगामी विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखकर भी किया जाएगा। भाजपा इस साल होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए तैयारियों में जुटी है। । इस साल के अंत में राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, तेलंगाना और मिजोरम में चुनाव होने हैं। राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में भाजपा का सीधा मुकाबला कांग्रेस से है।

## केसीआर का रिमोट कंट्रोल मोदी के पास : राहुल गांधी

**खम्मम (तेलंगाना)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव पर तीखा हमला करते हुए रविवार को कहा कि उनका रिमोट कंट्रोल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पास है। कांग्रेस नेता ने राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) को भाजपा की बी-टीम बताते हुए इसका नया नामकरण बीजेपी रिश्तेदार पार्टी किया। गांधी ने आरोप लगाया कि राव और उनकी पार्टी के नेताओं के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों ने उन्हें (बीआरएस) भाजपा के सामने झुकने को मजबूर कर दिया है। गांधी ने कहा कि उन्होंने अन्य सभी विपक्षी दलों के नेताओं से कहा है कि कांग्रेस ऐसे किसी भी समूह में शामिल नहीं होगी, जहां बीआरएस होगी। गांधी ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि बीआरएस बीजेपी रिश्तेदार समिति की तरह है। केसीआर सोचते हैं कि वह राजा हैं और तेलंगाना उनकी रियासत है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा संसद में भाजपा के खिलाफ खड़ी



रही है, लेकिन राव की पार्टी भाजपा की बी-टीम रही है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, ह्यह्यप्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पास तेलंगाना के मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव का रिमोट कंट्रोल है। गांधी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हाल में कर्नाटक में भ्रष्ट और गरीब विरोधी सरकार के खिलाफ चुनाव लड़ा और हमने राज्य में गरीबों, ओबीसी, अल्पसंख्यकों और वंचितों के समर्थन से उन्हें हराया। उन्होंने कहा, ह्यह्यऐसा ही कुछ तेलंगाना में होने जा रहा है। एक तरफ राज्य के अमीर और शक्तिशाली लोग होंगे और दूसरी तरफ हमारे साथ गरीब, आदिवासी, अल्पसंख्यक, किसान और छोटे दुकानदार होंगे। कर्नाटक में जो हुआ, वही तेलंगाना में भी दोहराया जाएगा।

# विकास के लिए सरकार में शामिल हुए : अजीत

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के कुछ घंटे बाद राकांपा के नेता अजित पवार ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी ने देश के विकास के लिए एकनाथ शिंदे नीत सरकार का हिस्सा बनने का फैसला किया। अजित पवार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की भी सराहना की। उन्होंने राकांपा में किसी भी तरह के विभाजन से इनकार करते हुए कहा कि वह भविष्य के सभी चुनाव राकांपा के चुनाव चिह्न पर लड़ेंगे।अजित पवार ने कहा कि (पार्टी के) सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों ने शिंदे सरकार में शामिल होने के फैसले का समर्थन किया है। भाजपा के साथ सत्ता साझा करने के अपने फैसले का बचाव करते हुए उन्होंने कहा कि अगर हम शिवसेना के साथ जा सकते हैं, तो हम भाजपा के साथ भी जा सकते हैं। नगालैंड में भी यही हुआ। अजित पवार ने कहा कि सभी (राकांपा) विधायक हमारे साथ हैं और उन्होंने शीर्ष नेतृत्व को भी सूचित कर दिया है। लोकतंत्र में बहुमत की राय का सम्मान किया जाना चाहिए। शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार में शामिल होने के कदम परशरद पवार की टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि नये नेतृत्व को आगे आना चाहिए। मोदी को लेकर उन्होंने कहा कि 1984 के बाद ऐसा पहली बार हुआ है कि किसी नेता को इतनी लोकप्रियता मिली है और उसके नेतृत्व को व्यापक तौर पर स्वीकार किया गया है।

### दो उप मुख्यमंत्रियों के साथ विकास की दौड़ में तेजी से आगे बढ़ेगा महाराष्ट्र : शिंदे



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता अजित पवार के उपमुख्यमंत्री के तौर पर शपथ लेने के बाद कहा कि राज्य अब एक मुख्यमंत्री और दो उप मुख्यमंत्रियों के साथ विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ेगा। राकांपा अध्यक्ष शरद पवार के भतीजे अजित पवार के बारे में शिंदे ने कहा कि विकास की राजनीति का विकास पुरुष द्वारा समर्थन किया जा रहा है। जब एक काबिल पार्टी कार्यकर्ता को दोयम दर्जे की भूमिका मिलती है, तो ऐसी चीजें होती हैं।शिंदे ने संवाददाताओं से कहा कि अब डबल इंजन की सरकार ट्रिपल इंजन की हो गई है। अब राज्य (विकास की राह पर) तेजी से आगे बढ़ेगा। अब हमारे पास एक मुख्यमंत्री और दो उपमुख्यमंत्री हैं। इससे राज्य का तेजी से विकास करने में मदद मिलेगी।

# 10 कंपनियों का मार्केट कैप 1.88 लाख करोड़ बढ़ा

एजेंसी

### टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और एचडीएफसी बैंक में सबसे अधिक तेजी

**नयी दिल्ली।** शेयर बाजार में सूचीबद्ध देश की शीर्ष 10 कंपनियों का संयुक्त बाजार मूल्यांकन पिछले सप्ताह 1.88 लाख करोड़ रुपये बढ़ गया। इस दौरान एचडीएफसी बैंक और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज में सबसे अधिक तेजी हुई। पिछले हफ्ते बीएसई सेंसेक्स 1,739.19 अंक या 2.76 फीसदी उछला। सेंसेक्स शुक्रवार को 803.14 अंक या 1.26 प्रतिशत उछलकर अपने उच्चतम स्तर 64,718.56 पर बंद हुआ। बाजार में आई इस तेजी के चलते शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों का संयुक्त बाजार मूल्यांकन 1,88,050.82 करोड़ रुपये बढ़ गया। एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 32,600.19 करोड़ रुपये बढ़कर 9,51,584.36 करोड़ रुपये हो गया। टीसीएस के मूल्यांकन में 30,388.43 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई और इसका बाजार मूल्यांकन 12,07,669.91 करोड़ रुपये हो गया।

इंफोसिस का मूल्यांकन 28,862.38 करोड़ रुपये बढ़कर 5,54,091.27 करोड़ रुपये और रिलायंस इंडस्ट्रीज का मूल्यांकन 23,984.28 करोड़ रुपये बढ़कर 17,25,704.60 करोड़ रुपये हो गया।शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन




सबसे अधिक रहा। इसके बाद टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी, इंफोसिस, एचडीएफसी, एसबीआई और भारती एयरटेल रहे।

## जून में एफपीआइ निवेश 47148 करोड़

**नयी दिल्ली।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने जून में भारतीय इक्विटी में 47,148 करोड़ रुपये का निवेश किया है।

यह राशि पिछले 10 महीने में सबसे अधिक है। वित्तीय परामर्श कंपनी क्रेविंग अल्फा के प्रिंसिपल पार्टनर मयंक मेहरा ने हालांकि कहा कि जुलाई में निवेश कम हो सकता है, क्योंकि अमेरिकी फेडरल रिजर्व की हालिया टिप्पणियों से एफपीआई सतर्क रुख अपना सकते हैं। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा कि एफपीआई आगे चलकर थोड़ा सतर्क हो सकते हैं, क्योंकि देश में मूल्यांकन अल्पकालिक नजरिए से थोड़ा अधिक है।

## राकांपा के 40 विधायक सरकार के साथ : भाजपा

**मुंबई।** भाजपा की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने रविवार को दावा किया कि राकांपा के 53 में से 40 विधायक राज्य सरकार का समर्थन कर रहे हैं। बावनकुले राकांपा नेता अजित पवार के उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद संवाददाताओं से बात कर रहे थे। शरद पवार नीत पार्टी के आठ विधायकों ने शिवसेना और भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार में मंत्री पद की शपथ ली है।

## शरद पवार विचलित नहीं हैं : संजय राउत

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने रविवार को कहा कि राकांपा के प्रमुख शरद पवार अपनी पार्टी में टूट से विचलित नहीं हैं और नये सिरे से शुरूआत कर सकते हैं। राउत ने एक ट्वीट में कहा कि मैंने अभी शरद पवार से बात की। उन्होंने कहा कि वह दृढ़ हैं और लोगों का समर्थन हमारे साथ है। हम उद्धव ठाकरे के साथ एक नई शुरूआत कर सकते हैं।

# अंतरा के घर आया नन्हा मेहमान

**मुंबई।** अभिनेता मोहित मारवाह और उनकी पत्नी अंतरा मोतीवाला के घर एक नन्हा मेहमान आया है। उनकी एक बेटी भी है। दंपति ने शनिवार को अपने घर नवजात बेटे का स्वागत किया। दादा-दादी रीना और संदीप मारवाह तथा नाना-नानी भावना और तुषार मोतीवाला के हस्ताक्षर वाले एक नोट में कहा गया कि अंतरा और मोहित को एक जुलाई को अपने बेटे के जन्म की घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है। अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर यह नोट पोस्ट किया है।अंतरा फैशन की दुनिया में जाना-पहचाना चेहरा हैं। मोहित और अंतरा ने संयुक्त अरब अमीरात में 2018 में शादी की थी। अंतरा ने अक्टूबर 2021 को बेटी थिया को जन्म दिया था।



## भोजपुरी गीत छाती छेद कर दिही... रिलीज

**मुंबई।** भोजपुरी सिंगर अनुपमा यादव और अभिनेत्री माही श्रीवास्तव का धमाकेदार गीत 'छाती छेद कर दिही... वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस गाने की शुरूआत बुलेट पर सवार दिलफेंक आशिक माही श्रीवास्तव के पास आता है और प्रपोज करता है। ब्यूटीफुल लुक में हाथ में तमंचा लिए पूरे एटिट्यूड में माही श्रीवास्तव कहती हैं कि हमके पटावे के देखा जनि सपना, तोहसे लेबल नाही मैच करे अपना, माथा सनकी त सफे मतभेद कर दिही, तोहर वाईट वाईट शर्ट पूरा रेड कर दिही, गोली मार के इयार छाती छेद कर दिही...।

# ऐसे बड़े बच्चों की समीक्षा करें जिन्हें गोद दिया जाये : ईरानी

**नयी दिल्ली।** महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने रविवार को बाल कल्याण समितियों (सीडब्ल्यूसी) से बाल-देखभाल गृहों का दौरा करने और ऐसे बड़े बच्चों के मामलों की समीक्षा करने को कहा कि जिन्हें जल्द से जल्द गोद दिया जा सकता है। बाल-देखभाल गृहों में रहने वाले कई ऐसे बच्चे हैं, जिन्हें कानूनी रूप से गोद नहीं लिया जा सकता। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, देश भर में बाल-देखभाल गृहों में लगभग 66,000 बच्चे हैं और उनमें से 3,000 से भी कम बच्चों को कानूनी रूप से गोद लिया जा सकता है। बाल संरक्षण, सुरक्षा और शिशु कल्याण विषय पर एक परिचर्चा को संबोधित करते हुए



ईरानी ने सीडब्ल्यूसी से बाल-देखभाल गृहों का दौरा करने और ऐसे बड़े बच्चों के मामलों की समीक्षा करने के लिए कहा, जिन्हें कानूनी रूप से गोद दिया जा सकता है। ईरानी ने कहा कि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने पहले ही दो राज्यों की समीक्षा की है, जहां बड़े बच्चों के 9,000 मामलों पर गौर किया गया तथा 164 ऐसे बच्चों की पहचान की गई, जिन्हें कानूनी रूप से गोद दिया जा सकता है।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० रॉंची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !